नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

- वर्ष : 14
- अंक : 06
- सोमवार, 11 से 17 मार्च 2024
- मूल्य : 5 रू प्रति
- रू 250 वार्षिक

# NCR समाचार

BY C.R.O. TEAM

www.ncrsamacharlive.in | twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी लागू की 03

दो रुपए की छूट और अरबों की लूट..... 08

16 पदकों के साथ भारत ने हासिल किया तीसरा स्थान 10

सुकून और सुंदरता का एक ही नाम सफेद 11

टाइगर ने 14 की उम्र में शुरू कर दी थी मार्शल आर्ट... 12


इस्माईल खान

# लोकसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान

## 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में होंगे चुनाव, मतगणना 4 जून को

| पहला चरण | दूसरा चरण | तीसरा चरण | चौथा चरण | पांचवां चरण | छठा चरण | सातवां चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मतदान: 19 अप्रैल | मतदान: 26 अप्रैल | मतदान: 7 मई | मतदान: 13 मई | मतदान: 20 मई | मतदान: 25 मई | मतदान: 1 जून |
| राज्य: 21 | राज्य: 13 | राज्य: 12 | राज्य: 10 | राज्य: 8 | राज्य: 7 | राज्य: 8 |
| लोकसभा सीटें: 102 | लोकसभा सीटें: 89 | लोकसभा सीटें: 94 | लोकसभा सीटें: 96 | लोकसभा सीटें: 49 | लोकसभा सीटें: 57 | लोकसभा सीटें: 57 |

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने ऐलान किया है। इसके साथ देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में आज यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा(147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

श्री कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आये हैं।




### लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की भी घोषणा

लोकसभा चुनाव 2024 के साथ देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो गई है। इन राज्यों में ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार ओडिशा में चार चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। यहां 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 20 मार्च को जारी होगा और मतदान 19 अप्रैल को होगा। राज्य की 60 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होंगे। सिक्किम विधानसभा के लिए भी एक ही चरण में सभी 32 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। नोटिफिकेशन की तारीख 20 मार्च और वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। आंध्र प्रदेश की सभी 175 सीटों पर चुनाव के लिए 18 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा और 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों की 26 विधानसभा सीटों पर भी उप चुनाव होंगे। ये चुनाव भी आम चुनावों के साथ होंगे।

उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरूआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवे चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। श्री कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किये गये हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था।

मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10.48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किये जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध करायीं जाएंगी। आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88.4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

### घर से डाल सकेंगे वोट

जो लोग वोट देने के लिए पोलिंग बूथ तक नहीं आ सकते उनके घर जाकर के उनका वोट लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव में इस पहली बार ऐसा कुछ होने जा रहा है जब घर जाकर के वोट लिया जाएगा। चुनाव आयोग का कहना था कि, हिमालय से समुद्र तक और रेगिस्तान से बारिश वाले पूर्वोत्तर तक भूतों पर एक जैसी ही सुविधा होगी। 85 वर्ष अधिक उम्र के सभी वोटर या दिव्यांग वोटर के घर फॉर्म भिजवाए जाएंगे ताकि वह वोट डाल सके।

### गुजरात यूनिवर्सिटी में हिंसा पर एक्शन मोड में विदेश मंत्रालय

# विदेश मंत्रालय ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** गुजरात यूनिवर्सिटी के हॉस्टल पर शनिवार रात कुछ लोगों ने धावा बोल दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रावास की इमारत में नमाज पढ़ने के लिए विभिन्न देशों के छात्रों से मारपीट की। इस दौरान 5 स्टूडेंट्स घायल हुए हैं जिनमें से 2 को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने बताया कि 20 से 25 लोगों के खिलाफ त्र्फ्र दर्ज की गई है। घटना की जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों के 9 दल गठित किए गए हैं। मलिक ने बताया कि घटना की सूचना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मिली, जब करीब 20-25 लोग गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए। उन्होंने अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा अन्य देशों के छात्रों के छात्रावास में नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताई।

विदेशी छात्रों पर हमले को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय का बयान आया है। इसमें कहा गया कि मिनिस्ट्री गुजरात सरकार के संपर्क में है और इंटरनेशनल स्टूडेंट्स पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुजरात यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर नीरजा अरुण गुप्ता की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा, 'कल रात करीब 10.30 बजे जहां कुछ विदेशी छात्र रहते हैं वहां पर यह घटना घटी है। हमारे यहां करीब 300 विदेशी छात्र हैं। उनमें से 75 छात्र जोकि अ ब्लॉक में रहते हैं, जो विदेशी छात्रों को समर्पित है। यहां दो गुटों के बीच झड़प हो गई जिसके बाद मामला बढ़ गया। कुछ विदेशी छात्र घायल हुए हैं। त्र्फ्र दर्ज कर ली गई है। पुलिस और सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। जांच चल रही है। कुछ वीडियो वायरल हैं और पुलिस ट्रिगर पॉइंट की जांच करने की कोशिश कर रही है।'

### ओवैसी ने घटना को लेकर उठाए गंभीर सवाल

हैदराबाद के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना की निंदा की है। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इसमें हस्तक्षेप करेंगे। ओवैसी ने एक्स पर लिखा, 'यह कितनी शर्म की बात है। आपकी भक्ति और धार्मिक नारे तभी सामने आते हैं जब मुसलमान शांतिपूर्वक अपने धर्म का पालन कर रहे होते हैं। आप मुसलमानों को देखते ही बेवजह क्रोधित हो जाते हैं। यह सामूहिक कट्टरपंथ नहीं तो और क्या है? यह पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का राज्य है। क्या वे इस मामले में कड़ा संदेश भेजने के लिए हस्तक्षेप करेंगे? एस जयशंकर की घरेलू मुस्लिम विरोधी नफरत भारत की सद्भावना को नष्ट कर रही है।'

# होली पर चलेंगी 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुविधा और होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए रेलवे की ओर से कई सारे कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिमी रेलवे ने विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराए पर 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 01906/01905 अहमदाबाद-कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (14 फेरे): ट्रेन संख्या 01906 अहमदाबाद-कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को अहमदाबाद से 14:10 बजे प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन 11:55 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 19 मार्च से 30 अप्रैल तक चलेगी।

इसी तरह ट्रेन संख्या 01905 कानपुर सेंट्रल-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 15:35 बजे कानपुर सेंट्रल से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 मार्च से 29 अप्रैल तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, आणंद, छायापुरी, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, रूपबास, फतेहपुर सीकरी, आगरा फोर्ट, टूंडला और इटावा स्टेशन पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 04166/04165 अहमदाबाद-आगरा कैंट सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल (12 फेरे): ट्रेन संख्या 04166 अहमदाबाद-आगरा कैंट सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 14:10 बजे अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन 06:10 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 मार्च से 25 अप्रैल तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 04165 आगरा कैंट-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 2020 बजे आगरा कैंट से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 20 मार्च से 24 अप्रैल तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, आणंद, छायापुरी, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, रूपबास और फतेहपुर सीकरी स्टेशन पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

**अहमदाबाद से आगरा कैंट के लिए ट्रेन**

ट्रेन संख्या 04168/04167 अहमदाबाद-आगरा कैंट सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल (12 फेरे): ट्रेन संख्या 04168 अहमदाबाद-आगरा कैंट सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 14:10 बजे अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन 06:30 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। यह ट्रेन 25 मार्च से 29 अप्रैल तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 04167 आगरा कैंट-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक रविवार को आगरा कैंट से 20:20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 11:00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 24 मार्च से 28 अप्रैल तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, आणंद, छायापुरी, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, रूपबास और फतेहपुर सीकरी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

**ब्रांद्रा से भावनगर के लिए जाएगी यह ट्रेन**

ट्रेन संख्या 09209/09210 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर सुपरफास्ट स्पेशल : ट्रेन संख्या 09209 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर सुपरफास्ट स्पेशल 24 मार्च को बांद्रा टर्मिनस से 11:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00:30 बजे भावनगर पहुंचेगी।

# शिवसेना, एनसीपी में विभाजन से बदले हालात

### महाराष्ट्र में बेहद दिलचस्प हुआ लोकसभा चुनाव

- महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 5 चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को होंगे
- मतों की गिनती 4 जून को होगी।



एनसीआर समाचार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में प्रमुख राजनीतिक दलों शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन हो चुका है। इस स्थिति ने राज्य की 48 लोकसभा सीटों के लिए लड़ाई को और अधिक दिलचस्प बना दिया है जहां आम तौर पर बेरोजगारी और किसान आत्महत्या जैसे पारंपरिक मुद्दों पर ज्यादा ध्यान रहता है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 5 चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को होंगे। मतों की गिनती 4 जून को होगी। भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने 2019 के चुनाव में 48 में से 41 सीटें जीती थीं, लेकिन राज्य में विधानसभा चुनावों के बाद शिवसेना और भाजपा का गठबंधन टूट गया था। हालांकि, बाल ठाकरे की ओर से स्थापित पार्टी का एक बड़ा हिस्सा टूटकर अब भाजपा के साथ गठबंधन कर चुका है। अजित पवार के राज्य में सत्तारूढ़ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने के साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी विभाजित हो गई।

### दो विचारधाराओं के बीच है लड़ाई : राहुल

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है। एक विचारधारा मूलतः सत्ता के केंद्रीकरण में विश्वास करती है और दूसरी 'शिव की बारात' की तरह सभी को एक साथ लेकर चलती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी के साथ रविवार को गैर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए यह बात कही। उन्होंने उन पांच गारंटी (न्याय) पर चर्चा की, जिनकी घोषणा उन्होंने शनिवार को चैत्यभूमि में संपन्न भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान की थी।

### राहुल गांधी ने की 'महिला न्याय' गारंटी की घोषणा

# सरकारी नौकरियों में मिलेगा महिलाओं को 50% आरक्षण

एनसीआर समाचार



**धुले।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच ''महिला न्याय गारंटी' दी जाएगी जिनमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण शामिल हैं।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनवाड़ी कार्यकताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उनके मामले लड़ने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। गांधी ने कहा कि देश के हर जिले में महिलाओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रावास स्थापित किए जाएंगे। गांधी के भाषण से पहले पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो बयान में कहा था कि 'महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा कराए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'आधी आबादी पूरा हक', जिसका मतलब है सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

### 'नारी न्याय' से खुलेगा महिलाओं के लिए समृद्धि का द्वार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को 'नारी न्याय' गारंटी की घोषणा की और कहा कि इससे देश की महिलाओं के लिए समृद्धि का द्वार खुलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो जारी कर और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र के धुले में 'नारी न्याय' के तहत पांच कदमों की घोषणा की। पार्टी की ओर से घोषित 'नारी न्याय' गारंटी के तहत किए गए प्रमुख वादों में हर साल गरीब परिवार की महिला को एक लाख रुपये देना और केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की बात शामिल है।



खरगे ने एक वीडियो जारी कर कहा, ''कांग्रेस पार्टी आज ''नारी न्याय'' गारंटी की घोषणा करती है, इसके तहत कांग्रेस पार्टी महिलाओं के लिए देश में एक नया एजेंडा तय करने जा रही है। 'नारी न्याय' गारंटी के अन्तर्गत कांग्रेस पार्टी 5 घोषणाएं कर रही है।''

उन्होंने कहा कि 'महालक्ष्मी गारंटी' के तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी तथा 'आधी आबादी-पूरा हक' के तहत केंद्र सरकार की नियुक्तियों में आधी हिस्सेदारी महिलाओं को मिलेगी। खरगे के अनुसार, 'शक्ति का सम्मान' के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन से संबंधित कर्मियों के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा तथा हर पंचायत में महिलाओं को उनके हकों के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए 'अधिकार मैत्री' के रूप में एक कानूनी सहायक की नियुक्ति की जाएगी।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715


### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में
## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# फिर एक बार आमने-सामने होंगे बाइडन और ट्रंप

एनसीआर समाचार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की। इसी के साथ दोनों ने अपने-अपने दलों की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की ओर कदम बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति बाइडन (81) ने जॉर्जिया में पार्टी के प्राइमरी चुनाव में आसानी से जीत हासिल की और अब वह राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए हैं। बाइडन को कुल 3,933 डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) में से आधे से अधिक का समर्थन मिल चुका है। डेमोक्रेट उम्मीदार बनने के लिए 1,968 डेलीगेट के समर्थन की जरूरत होती है।

मंगलवार के नतीजों ने 2024 के आम चुनाव अभियान के लिए रास्ता साफ कर दिया है। अब सिर्फ आठ महीने से कम समय बचा है। यह आधुनिक अमेरिकी इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाला अभियान होगा। इसके अलावा, 68 वर्षों में देश का पहला ऐसा राष्ट्रपति चुनाव होगा जब दो उम्मीदवारों की एक बार फिर से भिड़ंत होगी। राष्ट्रपति पद के लिए आखिरी बार ऐसा संयोग 1956 में हुआ, जब रिपब्लिकन राष्ट्रपति ड्वाइट डी. आइजनहावर ने अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी एडलाई स्टीवेन्सन को फिर से हरा दिया था। उन्होंने 1952 के चुनावों में भी एडलाई स्टीवेन्सन को हराया था।

बाइडन को अगस्त में शिकागो में 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' के दौरान औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप (77) को अब तक 1,215 डेलिगेट का समर्थन मिल चुका है। ट्रंप को जुलाई में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में आधिकारिक तौर पर उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार होंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी दोनों का मुकाबला लंबे समय से प्रतीक्षित था, हालांकि ट्रंप इस बार अलग-अलग मुकदमों का सामना करते हुए चुनाव लड़ेंगे। ट्रंप 25 मार्च को न्यूयॉर्क में किसी आपराधिक मुकदमे का सामना करने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन जाएंगे। इस मामले में ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 'पॉर्न स्टार' को किए गए गुप्त भुगतान को छिपाने के लिए गलत तरीके से रिकॉर्ड में हेरफेर की।

उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बाइडन के अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं बाइडन की ओर से एक बयान जारी कर जीत तथा उम्मीदवारी पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा करार दिया गया। बाइडन ने कहा कि ट्रंप, आक्रोश, प्रतिशोध का अभियान चला रहे हैं जो अमेरिका के मूल विचार को खतरे में डालता है।

मंगलवार को प्राइमरी चुनाव की पूर्व संध्या पर ट्रंप ने स्वीकार किया था कि बाइडन ही उनके सामने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार होंगे। रिपब्लिकन प्राइमरी में जीत के बाद ट्रंप के प्रचार विभाग ने उनका एक वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया। ट्रंप ने वीडियो में कहा, 'यह एक बड़ी जीत है। अब हमें वापस काम में जुट जाना होगा क्योंकि हमारे पास देश के इतिहास में सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। उनका नाम जो बाइडन है, जिन्हें कभी-कभी कुटिल जो बाइडन भी कहा जाता है, और उन्हें हराना ही होगा।

## ऋषि सुनक ने दो मई को ब्रिटेन में आम चुनाव से किया इनकार

एनसीआर समाचार

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने स्पष्ट किया है कि दो मई को आम चुनाव नहीं होगा। इससे देश में जल्द चुनाव होने की अटकलों पर विराम लग गया। गुरुवार को आईटीवी न्यूज से बात करते हुए सुनक ने यह बात कही।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पहले सुनक ने कहा था कि इस साल की दूसरी छमाही में चुनाव होंगे, लेकिन मई में चुनाव से इनकार भी नहीं किया था।

उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में दो मई को स्थानीय चुनाव होने हैं। संवाददाताओं के यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय आम चुनाव भी होगा, प्रधानमंत्री सुनक ने इनकार किया। वर्तमान सरकार का कार्यकाल अगले साल जनवरी तक है। गौरतलब है कि सर्वे के मुताबिक सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी चुनावों में मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी से पिछड़ रही है। इस पर पार्टी के कुछ सांसद स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए जल्द चुनाव कराने की वकालत कर रहे हैं।

## राजस्थान स्थित महावीर जी मंदिर में बनेगा 'पैनोरमा'

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार करौली जिले के महावीर जी मंदिर में 'पैनोरमा' बनवाएगी और श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में विकास कार्य करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह घोषणा की।

आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश की गौरवशाली ऐतिहासिक धरोहर एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के उद्देश्य से 12 स्थानों पर पैनोरमा (किसी की व्यापक, अबाधित या संपूर्ण दृश्य वाली तस्वीर), स्मारक एवं संग्रहालय निर्माण और विकास कार्यों की घोषणा की है।


बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि राजस्थान के लोक देवी-देवताओं, योद्धा-महापुरूषों, संत-महात्माओं के व्यक्तित्व एवं जीवन से जुड़ी जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है एवं इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न कार्य कराए जाएंगे ताकि युवा पीढ़ी को इन महापुरूषों के जीवन से रू-ब-रू होने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर मिल सकेगा।

इसके तहत, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण करौली जिले के "महावीर जी मंदिर में 'श्री महावीर जी पैनोरमा', अजमेर में 'जैन मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज पैनोरमा', डीडवाना-कुचामन के कालवा में श्री भक्त शिरोमणि करमा बाई, बीकानेर के कतरियासर में श्री जसनाथ जी, बालोतरा के बायतू में श्री खेमा बाबा, चित्तौड़गढ़ में श्री भामाशाह, जोधपुर में श्री राव चन्द्रसेन, भरतपुर में श्री गोकुला जाट और जैसलमेर में 'जैसलमेर पैनोरमा' " का निर्माण कराएगा।

साथ ही, श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य, जयपुर जिले में राजस्थान के वीर-वीरांगनाओं के योगदान के प्रदर्शन हेतु स्वातंत्र्यवीर संग्रहालय और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में गांवों के योगदान की स्मृति में 'स्वातंत्र्य गांव' स्मारक का निर्माण भी कराया जाएगा।

# कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज

एनसीआर समाचार



**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार, भाजपा नेता येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लड़की की मां ने पहले भी विभिन्न लोगों के खिलाफ 50 से अधिक शिकायतें दर्ज करायी हैं जिनमें उससे कथित तौर पर दुर्व्यवहार और गालीगलौज करने के लिए बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त आलोक कुमार और उनके स्टाफ सदस्यों के खिलाफ दर्ज करायी गई शिकायत भी शामिल है।

सूत्रों के अनुसार लड़की की मां ने कुमार के खिलाफ दो बार झ पहली बार 29 जनवरी 2021 को और फिर 21 सितंबर 2022 को शिकायत दर्ज करायी थी। सूत्रों के अनुसार उसने बेंगलुरु पुलिस के सेवानिवृत्त आयुक्त और भाजपा नेता भास्कर राव के खिलाफ भी "उसकी जिंदगी बर्बाद करने की साजिश रचने" के आरोप में 18 जनवरी 2022 को शिकायत दर्ज करायी थी।

नवीनतम मामले में दो कथित वीडियो भी सामने आए हैं जो पीड़ित लड़की द्वारा बनाए प्रतीत होते हैं जब वह अपनी मां के साथ येदियुरप्पा से उनके आवास पर मिलने गयी थी। एक वीडियो में लड़की की मां को येदियुरप्पा को 'अप्पा जी' कहते और उन्हें यह बताते हुए सुना गया कि वह शिवमोग्गा से है जो भाजपा नेता का गृह जिला है। लड़की की मां ने कथित तौर पर येदियुरप्पा से कहा कि उसके पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है, जो मुकदमेबाजी में फंस गई है और उसने उनसे मदद मांगी।

दूसरे वीडियो में, लड़की की मां येदियुरप्पा के घर में प्रवेश करने के बाद उनके बगल में बैठे हुए और उनका हाथ पकड़े हुए दिखी।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि महिला उनसे मिलने का प्रयास कर रही थी लेकिन उसे उनके घर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गयी। उन्होंने कहा, "जब वह रो रही थी तो मैंने उसे अपने घर में बुलाया और पुलिस आयुक्त बी दयानंद से बात की कि उसके साथ कुछ अन्याय हुआ है।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू

- रूस ने मतदान के लिए 90,000 से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए

एनसीआर समाचार



**व्लादिवोस्तोक।** रूसी मतदाताओं ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए कामचटका, चुकोटका और अन्य क्षेत्रों सहित सुदूर पूर्व क्षेत्रों में स्थानीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 8 बजे से मतदान करना शुरू कर दिया।

इस शीर्ष पद के लिए चार उम्मीदवार प्रतिस्पर्धा करेंगे जिनमे लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की, रूसी कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव, और निवर्तमान राष्ट्रपति और स्वतंत्र उम्मीदवार व्लादिमीर पुतिन शामिल है।

रूस ने मतदान के लिए 90,000 से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए हैं जो 15 से 17 मार्च के बीच स्थानीय समय के अनुसार सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक संचालित होंगे।

कई समय क्षेत्रों में रूस के विशाल विस्तार को देखते हुए सुदूर पूर्व क्षेत्र में स्थित कामचटका और चुकोटका, मतदान शुरू करने वाले पहले क्षेत्र हैं। रूस के पश्चिमी छोर पर स्थित कलिनिनग्राद में मतदान केंद्र मतदान शुरू करने वाले अंतिम केंद्र होंगे।

रूसी केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार लगभग 11 करोड़ रूसी नागरिक मतदान करने के पात्र हैं, जिनमें विदेश में रहने वाले दस लाख से अधिक लोग शामिल हैं।

रूसी राष्ट्रपति चुनाव नियमों के तहत, 50 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त करने वाला उम्मीदवार जीत हासिल करेगा। ऐसे मामलों में जहां दो से अधिक उम्मीदवार हैं और कोई भी 50 प्रतिशत वोट प्राप्त नहीं करता है, केंद्रीय चुनाव आयोग शीर्ष दो दावेदारों के लिए दूसरे दौर के मतदान की घोषणा करेगा। दूसरे दौर में सबसे अधिक वोट पाने वाला उम्मीदवार राष्ट्रपति चुना जाएगा। रूसी केंद्रीय चुनाव आयोग 28 मार्च से पहले चुनाव परिणामों की पुष्टि करेगा और बाद में पुष्टि के तीन दिनों के भीतर परिणामों की घोषणा करेगा।

## सीएए को लेकर चिंतित हैं, इसके क्रियान्वयन पर नजर रख रहे: अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को अधिसूचित किए जाने को लेकर चिंतित है और इसके क्रियान्वयन पर निकटता से नजर रख रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हम 11 मार्च को जारी की गई नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना को लेकर चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम इस बात पर निकटता से नजर रख रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के साथ कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं।"

भारत सरकार ने सोमवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 लागू किया, जिससे 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

सरकार ने कहा है कि सीएए पर भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून का भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है और उनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं। भारत सरकार ने कहा है कि सीएए का मकसद नागरिकता देना है और इसकी वजह से देश का कोई नागरिक अपनी नागरिकता नहीं खोएगा।

## नेपाल में 100 किलोग्राम सोना तस्करी पर जस्टिस आचार्य जांच समिति की रिपोर्ट से हड़कंप

**नेपाल, एजेंसी।** नेपाल में 100 किलोग्राम सोना तस्करी पर उच्च अदालत के पूर्व न्यायाधीश डिल्लीराज आचार्य जांच समिति की रिपोर्ट से हड़कंप मच गया है। इसमें कई बड़े नाम शामिल हैं। समिति ने जांच रिपोर्ट गृहमंत्री रवि लामिछाने को सौंप दी है। रिपोर्ट में 400 से ज्यादा पन्ने हैं। रिपोर्ट में पूर्व उपराष्ट्रपति, पूर्व स्पीकर, वर्तमान वित्तमंत्री और पूर्व पुलिस प्रमुख के नाम हैं। इस समिति ने चीन के रास्ते दुबई से नेपाल में होने वाली स्वर्ण तस्करी की विस्तृत जांच की है।

उल्लेखनीय है कि जब नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर 100 किलोग्राम सोना पकड़ा गया था, तब देश के राजनीतिक गलियारों में भूकंप आ गया था। इसके बाद रिटायर्ड जस्टिस आचार्य के नेतृत्व में जांच समिति गठित की गई थी। रिपोर्ट मिलने के बाद गृहमंत्री रवि लामिछाने ने प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड से चर्चा की है। गृहमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट में शामिल नाम चौंकाने वाले हैं। शुक्रवार से इस पर एक्शन शुरू हो जाएगा। गृहमंत्री लामिछाने ने आईजीपी वसन्त अर्याल को बुलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गृहमंत्री ने पत्रकारों से कहा है केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने अपनी जांच में संलग्न पुलिस वालों को बचाया। इसलिए, पहली कार्रवाई सीआईबी पर ही होगी। माना जा रहा है कि आज किसी भी समय सीआईबी प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य का निलंबन हो सकता है या उन्हें एजेंसी से हटाया जा सकता है।

# देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुरू

एनसीआर समाचार




**कोलकाता।** देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं और सैकड़ों यात्री अपनी पहली यात्रा पर खुशी से झूम उठे।

एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। 'पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो' का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े।

हावड़ा मैदान स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि एस्प्लेनेड स्टेशन पर अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया। यात्रियों में उत्साह था। हावड़ा मैदान स्टेशन पर कुछ यात्रियों ने ट्रेन में चढ़ते ही 'जय श्री राम' का नारा लगाया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 6 मार्च को कोलकाता मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड का उद्घाटन करने के बाद वाणिज्यिक सेवाएं शुरू हुईं। यह भारत में पानी के नीचे मेट्रो सेवाओं की शुरूआत थी।

ट्रेन जैसे ही नदी के नीचे के हिस्से में पहुंची, ट्रेन में सवार यात्रियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यात्रियों के एक वर्ग ने 'यह मोदी की गारंटी है' का नारा लगाया। वहीं कुछ यात्री हुगली नदी के नीचे सुरंग की दीवार की रोशनी की एक झलक पाने के लिए खिड़की की ओर दौड़ पड़े।

चलती ट्रेन के दोनों ओर पानी का प्रभाव देने के लिए नदी के नीचे सुरंगों की भीतरी दीवार पर विशेष नीली रोशनी की व्यवस्था की गई है। सुरंग का नदी के नीचे का हिस्सा 520 मीटर लंबा है और एक ट्रेन को इसे पार करने में लगभग 45 सेकंड का समय लगता है। मेट्रो रेलवे के प्रवक्ता कौशिक मित्रा ने कहा, 'अब तक, हमें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और लोग देश में पहली अंडरवॉटर मेट्रो सेवाओं का अनुभव लेने के लिए देर रात 2.30 बजे ही आ गए थे। मेट्रो रेलवे की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक ईस्ट-वेस्ट मेट्रो का 4.8 किलोमीटर लंबा हिस्सा 4,965 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

## एक नजर

### ममता बनर्जी की हालत स्थिर, चेहरे पर लगे चार टांके

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चेहरे पर चार टांके लगे है और उनकी हालत स्थिर है। सुश्री बनर्जी को कालीघाट स्थित अपने घर में गिरने के बाद गुरुवार शाम एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में चिकित्सकों ने उसके माथे पर तीन और नाक पर एक टांका लगाया तथा सीटी स्कैन सहित सभी आवश्यक परीक्षण किए। सूत्रों ने बताया कि उन्हें गुरुवार रात को छुट्टी दे दी गई। वह घर पर ही रहना चाहती थीं।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि उसकी पार्टी अध्यक्ष को गंभीर चोट लगी है और उन्होंने तस्वीरें पोस्ट कीं जिसमें उनके सिर से खून बहता दिख रहा था।

### मध्यप्रदेश में आईएएस अधिकारियों के तबादले

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश सरकार ने कई प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं, जिसके तहत वरिष्ठ अधिकारी बाबू सिंह जामोद शहडोल संभागायुक्त बनाए गए हैं।

कल देर रात जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव बनाए गए हैं। वर्ष 1998 के प्रशासनिक अधिकारी मुकेश चंद गुप्ता राज्यपाल के प्रमुख सचिव बनाए गए हैं। वर्ष 2006 बैच के अधिकारी बाबू सिंह जामोद शहडोल संभागायुक्त और अब तक शहडोल कलेक्टर रहीं वंदना वैद्य आदिवासी विकास अपर आयुक्त बनाई गई हैं। वरिष्ठ अधिकारी विवेक कुमार पोरवाल अब लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव नियुक्त किए गए हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पी नरहरि को एमएसएमई विभाग से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। वर्ष 2006 के वरिष्ठ अधिकारी माल सिंह भयड़िया को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का प्रबंध संचालक बनाया गया है। आर्थिक एवं सांख्यिकी सचिव शिल्पा गुप्ता को लोक शिक्षण आयुक्त के तौर पर नियुक्ति दी गई है।

### बीआरएस विधायक का भाई अवैध खनन मामले में गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के एक विधायक के भाई को कथित अवैध खनन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। संगारेड्डी जिला पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि पाटनचेरु विधानसभा सीट से विधायक जी. महिपाल रेड्डी के भाई जी. मधुसूदन रेड्डी को गिरफ्तार किया गया है। उनके स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा जिले में कथित अवैध और अत्यधिक खनन किए जाने के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। रेड्डी को गिरफ्तार किए जाने पर बीआरएस ने इसे सत्तारूढ़ कांग्रेस की राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तहसीलदार की शिकायत के आधार पर मधुसूदन रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कल होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गयी थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी।

### नवी मुंबई में रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया राजस्व अधिकारी

**ठाणे, एजेंसी।** नवी मुंबई में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक शिकायतकर्ता को भू-अभिलेख से संबंधित जानकारी देने के लिए उससे रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में एक राजस्व अधिकारी को गिरफ्तार किया है। एसीबी की नवी मुंबई इकाई के पुलिस उपाधीक्षक शिवराज म्हेत्रे ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और बताया कि 48 वर्षीय आरोपी किरण अर्जुन गोरे पनवेल तहसील कार्यालय में राजस्व सहायक के रूप में काम करता है। उन्होंने कहा कि गोरे ने बॉम्बे किरायेदारी और कृषि भूमि अधिनियम के तहत शिकायतकर्ता के दो पैतृक भूमि खंडों को 'द्वितीय श्रेणी से प्रथम श्रेणी' में बदलने के लिए कथित तौर पर एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने बातचीत कर रिश्वत की राशि 80,000 रुपये तय की और एसीबी में शिकायत दर्ज करायी थी। एसीबी की टीम ने अधिकारी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। अधिकारी ने बताया कि गोरे को बृहस्पतिवार की शाम 40,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ पनवेल पुलिस थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कोयला खदान दुर्घटना में 7 लोगों की मौत

**ताइयुआन, एजेंसी।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान के भूमिगत गोदाम में दुर्घटना में फंसे सभी सात खनिकों की मौत की पुष्टि हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। काउंटी सरकार के अनुसार आखिरी शव शुक्रवार सुबह 6:23 बजे निकाला गया। जो झोंगयांग काउंटी में ताओयुआन शिनलोंग कोयला औद्योगिक निगम की कोयला खदान में बचाव के कार्यों के अंत का प्रतीक है। गोदाम में रात 10:45 बजे कोयले का ढेर ढह गया। खदान के प्रमुख गाओ नाइचुन ने कहा कि सोमवार को जब खनिक खराब कोयला फीडर की मरम्मत कर रहे थे, तो सात लोग दब गए। गाओ ने कहा कि ढहे कोयले ने गोदाम के नीचे पानी के पाइप तोड़ दिए और पानी का विस्फोट हुआ, जिससे बचाव प्रयासों में बाधा आई। आगे की जांच चल रही है।

### गाजा के दक्षिणपूर्वी शहर में इजरायली हमले में 21 लोगों की मौत

**गाजा, एजेंसी।** गाजा शहर में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर इजरायली हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए और 150 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों ने 'शिन्हुआ' को बताया कि फिलिस्तीनियों का एक समूह सहायता प्राप्त करने के लिए, गाजा में कुवैत चौराहे पर था, जब हेलीकॉप्टरों ने अपनी मशीनगनों से गोलीबारी की और सभा की ओर गोले दागे। बयान में कहा गया कि कि चुनौतीपूर्ण क्षेत्र की स्थितियों के बावजूद, मृतकों को ठीक करने और घायलों को निकालने के प्रयास जारी हैं। इसमें कहा गया है कि गंभीर चोटों के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शुक्रवार को मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया कि उसकी सेना ने दक्षिणी गाजा शहर में फिलिस्तीनियों पर गोलीबारी की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, ऐसी खबरें कि आईडीएफ ने सहायता वितरण बिंदु पर दर्जनों गाजावासियों पर हमला किया, झूठी हैं।

# केजरीवाल सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी लागू की

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2023 लागू कर दी गई। सरकार ने पॉलिसी की अधिसूचना जारी कर दी है। अब दिल्ली के लोग पॉलिसी के तहत अपने घर की छतों पर सोलर पैनल लगवाकर अपना बिजली का बिल जीरो कर सकते हैं। साथ ही, इससे हर महीने अच्छी आमदनी भी कर सकते हैं। पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवाने वालों का 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर भी बिल जीरो आएगा, जबकि कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल उपभोक्ताओं का बिजली बिल आधा हो जाएगा।

इसके अलावा, सोलर पैनल लगवाने में आने वाला खर्च अगले चार साल में रिकवर हो जाएगा। पॉलिसी की अधिसूचना जारी होने पर दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी का कहना है कि दिल्ली सोलर पॉलिसी बहुत ही शानदार पॉलिसी है। इस पॉलिसी के लागू होने से न केवल दिल्ली वालों को फायदा होगा, बल्कि प्रदूषण भी कम होगा। सोलर पॉलिसी के तहत हर यूनिट बिजली उत्पादन करने पर दिल्ली सरकार रूफटॉप सोलर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को पैसे देगी। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं का बिजली का बिल जीरो आएगा, बल्कि वो अपने छत पर लगे रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट से पैसे भी कमा सकते है। हमारा लक्ष्य है कि 2027 तक दिल्ली में इस्तेमाल होने वाली कुल बिजली में 50 फीसद बिजली सोलर एनर्जी से आए। सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली में 1500 मेगावॉट सोलर पावर उपलब्ध दिल्ली सोलर पॉलिसी 2023 से पहले दिल्ली सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2016 जारी की थी, जो पूरे देश में सबसे प्रोग्रेसिव पॉलिसी मानी गई। एक तरह से सोलर पॉलिसी 2016 ने दिल्ली में सोलर पॉवर की मजबूत बुनियाद रखी। इसके तहत दिल्लीवालों ने अब तक अपने घर की छतों पर 250 मेगावॉट क्षमता के सोलर पैनल लगवाए हैं। सोलर पॉलिसी 2016 के तहत डिस्कॉम ने 1250 मेगावॉट सोलर पावर बाहर से खरीदी है। इस तरह, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के अंदर अब तक करीब 1500 मेगावॉट सोलर पावर स्थापित हुई है। 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत पर भी बिल आएगा जीरो दिल्ली सोलर पॉलिसी 2023 की कई खासियतें भी हैं। मसलन, इसके तहत जो लोग अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाएंगे, उनका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। दिल्ली सरकार पहले से ही हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री देती है। इनका बिल जीरो आता है। वहीं, 201 से 400 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने पर आधा बिल आता है और 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने पर पूरा बिल आता है। इस पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवाने पर 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने वालो का भी बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 लागू होने के बाद दिल्ली के सभी आवासीय सेक्टर के लोगों का बिजली बिल जीरो हो सकता है। चाहे आप 800, 1000 या 2000 यूनिट बिजली इस्तेमाल करें, बिल जीरो आएगा। ऐसे होगा आपका बिल जीरो और अतिरिक्त कमाई पॉलिसी के तहत सोलर पैनल में जितना पैसा खर्च होगा, वो अगले चार साल के अंदर रिकवर हो जाएगा। क्योंकि सरकार ने कई सब्सिडी का प्रावधान किया है। मसलन, आवासीय क्षेत्र में कोई उपभोक्ता 360 यूनिट बिजली इस्तेमाल कर रहा है, तो वो 201 से 401 यूनिट वाले स्लैब में आता है और उसका बिजली का बिल आधा आ रहा है। अगर वो उपभोक्ता दो किलोवॉट का रूफ टॉप सोलर पैनल लगवाता है तो उसे लगाने में 90 हजार रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इसके बाद उस उपभोक्ता का बिजली का बिल जीरो आने लगेगा और उसका हर महीने 1370 रुपए बचने लगेंगे।

इसके अलावा, दिल्ली सरकार हर महीने 700 रुपए जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव देगी। इससे उस उपभोक्ता की 700 रुपए हर महीने अतिरिक्त आमदनी होने लगेगी। दोनों को मिलाकर उस उपभोक्ता की हर महीने करीब 2000 रुपए की बचत होगी। इस तरह साल भर में 24 हजार रुपए बचेंगे और 4 साल के अंदर 90 हजार रुपए का निवेश रिकवर हो जाएगा। सोलर पैनल कम से कम 25 साल चलते हैं। इसलिए सोलर पैनल लगवाने के बाद 25 साल तक बिजली फ्री रहेगी।

- सामुदायिक सौर- देश में पहली बार कम्युनिटी सौर मॉडल स्थापित किया जाएगा। यह उन उपभोक्ताओं को सक्षम बनाएगा, जिनके पास सौर संयंत्र लगाने के लिए उपयुक्त छत नहीं है। ऐसे लोग तीसरे पक्ष के स्थान पर स्थापित एक सामुदायिक स्वामित्व वाले सौर सिस्टम का हिस्सा बन सकते हैं और जीबीआई, नेट मीटरिंग आदि सभी लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

- हाइब्रिड रेस्को मॉडल- यह मॉडल उन छोटे उपभोक्ताओं को भी लाभान्वित करेगा, जिनके पास पैसे नहीं है, लेकिन उनके पास पर्याप्त छत की जगह है और वे पारंपरिक रेस्को मॉडल के दायरे में नहीं आते हैं। रेस्को डेवलपर, डिस्कॉम और उपभोक्ता के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता किया जाएगा। डिस्कॉम उपभोक्ता से भुगतान जमा करेगा और उसे डेवलपर को दे देगा।

- पीयर टू पीयर ट्रेडिंग- देश में पहली बार सौर ऊर्जा के सहकर्मी से सहकर्मी बिजनेस के लिए भी एक मॉडल स्थापित किया जाएगा। यह सौर ऊर्जा प्रणाली के मालिकों को अपनी अतिरिक्त उत्पन्न बिजली को वास्तविक समय में दिल्ली के अन्य उपभोक्ताओं को पी2पी ऊर्जा व्यापार मंच के माध्यम से बेचने में सक्षम करेगा।

- राज्य सौर पोर्टल- नई सौर नीति का लक्ष्य एक एकीकृत एकल-विंडो राज्य पोर्टल बनाना है। यह दिल्ली सौर नीति, सौर पीवी प्रणालियों का लाभ, स्थापना प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देशों, तकनीकी रूप से योग्य विक्रेताओं की सूची आदि के तहत सभी सूचनाओं के लिए एक-स्टॉप-शॉप की तरह काम करेगा।

## केजरीवाल ने रेहड़ी-पटरी वालों को दी बड़ी खुशखबरीदुकान लगाने के लिए एमसीडी देगी जगह, सीएम केजरीवाल का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम की आप सरकार ने रेहड़ी पटरी वालों को इज्जत के साथ अपना काम करने के लिए बड़ा फैसला किया है। एमसीडी अब इनका सर्वे कराएगी और दुकान लगाने के लिए जगह देगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों को यह खुशखबरी देते हुए बताया कि पूरी दिल्ली में सभी रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाने वालों का सर्वे कराया जाएगा और उनको दुकान लगाने के लिए अच्छी व्यवस्था की जाएगी। ये लोग भी हमारे भाई-बहन हैं और उनको अच्छी व्यवस्था देना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि वो लोग भी इज्जत के साथ अपना काम कर सकें। इस सर्वे के बाद ये लोग बिना किसी परेशानी के अपनी दुकान लगा सकेंगे। इसके बाद पुलिस, कमेटी या अफसर उनको परेशान नहीं कर सकेंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक वीडियो जारी कर कहा कि जब से दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हम एक के बाद एक बड़े निर्णय ले रहे हैं। निगम की आप सरकार ने अब तक कई बड़े निर्णय लिए हैं और बहुत सारे काम किए हैं। अब निगम की आप सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। दिल्ली के रेहड़ी-पटरी वाले सभी भाई-बहनों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। हम समझते हैं कि सड़क के किनारे रेहड़ी पटरी लगाकर काम करना कितना मुश्किल होता है। रेहड़ी पटरी वालों को कभी पुलिस परेशान करती है, कभी कमिटी तो कभी अफसर आकर परेशान करते हैं। हम चाहते हैं कि आपको इन सभी परेशानियों से छुटकारा मिले और इज्जत की जिंदगी मिले। रेहड़ी पटरी वाले भी इज्जत के साथ अपना काम कर सकें और अपनी दुकान लगा सकें। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रेहड़ी पटरी पर दुकान लगाने वाले भी हमारे भाई-बहन हैं और वो बेहद गरीब परिवार से आते हैं। वो अपने घर का खर्चा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम करने के लिए मजबूर हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों को भी अच्छी व्यवस्था दें ताकि वो भी अपने परिवार को भरण पोषण अच्छे से कर सकें और इज्जत के साथ अपना काम-धंधा कर सकें। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि सभी रेहड़ी-पटरी की दुकानों का एक सर्वे कराया जाएगा।

जहां पर रेहडी पटरी की दुकानें हैं, उनका सर्वे होगा कि कितने दुकानदार किस एरिया में हैं, कौन कहां बैठता है, किस-किस तरह की दुकानें लगती हैं। इसके बाद उनके लिए सम्मान जनक

# विश्व का सबसे बड़ा साहित्योत्सव हुआ संपन्न

## आइंस्टीन वर्ल्ड रिकार्डस ने विश्व कीर्तिमान का दिया प्रमाण-पत्र

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी द्वारा विश्व के सबसे बड़े साहित्योत्सव के रूप में मनाए जा रहे साहित्योत्सव 2024 का आज समापन हुआ। छह दिवसीय इस समारोह का अंतिम दिन दिव्यांग लेखकों के नाम रहा। दिव्यांग लेखकों को राष्ट्रव्यापी मंच प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय दिव्यांग लेखक सम्मिलन का आयोजन किया गया। वहीं बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि जाग्रत करने के लिए दिल्ली-एन.सी.आर. के 850 से ज्यादा बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन ह्यआओ कहानी बुनेंह्व कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। आज के अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों में गोपी चंद नारंग के जीवन और कृतित्व पर परिसंवाद, बहुभाषी, बहुसांस्कृतिक समाज में अनुवाद, भारत की भाषाओं का संरक्षण, भारतीय संदर्भ में पुनर्लेखन/पुनःसृजन के रूप में अनुवाद, भारतीय अंग्रेजी लेखन और अनुवाद के अतिरिक्त भारतीय वाचिक महाकाव्य एवं स्वातंत्र्योत्तर भारतीय साहित्य पर चल रही राष्ट्रीय संगोष्ठियों का भी समापन हुआ। छह दिवसीय इस समारोह को दुनिया का सबसे बड़ा साहित्योत्सव मानते हुए आज आइंस्टीन वर्ल्ड रिकार्डस, दुबई की टीम ने एक सादे समारोह में इस विश्व कीर्तिमान का प्रमाण-पत्र




साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक, उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा एवं सचिव के. श्रीनिवासराव को सौंपा। प्रमाण-पत्र में छह दिन चले दुनिया के इस सबसे बड़े साहित्योत्सव में 190 सत्रों में 1100 से अधिक लेखकों के भाग लेने और इसमें 175 से अधिक भाषाओं का प्रतिनिधित्व होने को प्रमाणित किया गया है। अखिल भारतीय दिव्यांग लेखक सम्मिलन के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन वक्तव्य देते हुए प्रख्यात अंग्रेजी विद्वान जी.जे.वी. प्रसाद ने कहा कि हम उन जैसे नहीं हैं, लेकिन हमें उनके लिए सजग और स्नेह से कार्य करना होगा।

दिव्यांगता जन्मजात नहीं बल्कि कई बार हमारी अपनी अज्ञानता और लापरवाही के कारण हमें प्राप्त होती है। उन्होंने सभी दिव्यांग रचनाकारों से अनुरोध किया कि वह अपनी विशेष क्षमताओं को पहचान कर उनपर काम करें, उन्हें मंजिल अवश्य प्राप्त होगी।

अपने अध्यक्षीय भाषण में साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांगजनों द्वारा पाई गई उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को हौसले की ऊर्जा से आगे बढ़ना होगा, तभी वह अपनी मनचाही मंजिल प्राप्त कर सकेंगे। उद्घाटन सत्र के आरंभ में साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि आज 24 भारतीय भाषाओं के दिव्यांग लेखकों को यहाँ उपस्थित पाकर साहित्य अकादेमी अपने को गर्वित महसूस कर रही है। साहित्य अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष एवं महत्तर सदस्य गोपीचंद नारंग को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक परिसंवाद का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि गुलजार और नारंग जी की धर्मपत्नी मनोरमा नारंग थी। गुलजार ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा कि गोपी चंद नारंग का व्यक्तित्व और कृतिव उनके हुनर और आलिमियत का खूबसूरत मुजस्समा है। बीज वक्तव्य प्रख्यात उर्दू विद्वान निजाम सिद्दकी ने दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सदीकुर्रहमान किदवई ने अपना वक्तव्य दिया।

अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने की। आरंभिक वक्तव्य उर्दू परामर्श मंडल के संयोजक चंद्र भान खयाल ने दिया। इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले महत्त्वपूर्ण लेखक और विद्वान थे - हरीश नारंग, दामोदर खड़से, अन्विता अब्बी, रीता कोठारी, के. इनोक, देबाशीष चटर्जी, उदयनारायण सिंह, मंमग दई, सुकृता पॉल कुमार, शाफे किदवई, शमीम तारीक आदि।

## आईपी यूनिवर्सिटी के स्टाफ ने सीखे वित्तीय प्रबंधन के सूत्र

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के स्टाफ डेवेलपमेंट सेल द्वारा गैर-शैक्षणिक स्टाफ के लिए वित्तीय प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन द्वारका कैम्पस में किया गया। इस कार्यशाला के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए यूनिवर्सिटी की कुलसचिव(एकेडेमिक) सुनीता शिवा ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन भी एक कला है। वित्तीय स्वास्थ्य के लिए इसे सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी भी अपने देश में वित्तीय प्रबंधन को लोग गंभीरता से नहीं लेते। इसके लिए वित्तीय संस्थाओं को समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाना चाहिए। इस प्रोग्राम की संयोजक डॉक्टर अनुराधा चुग ने बताया कि यूनिवर्सिटी के 48 गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने इस कार्यशाला में भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रूप में सीपीएफ विशेषज्ञ राजेश मिनोचा और सीए अंशुल गुप्ता को इस कार्यशाला के लिए बुलाया गया था। दो दिवसीय इस कार्यशाला में इन स्टाफ ने वित्तीय प्रबंधन के मंत्र और सूत्र सीखें। कार्यशाला के समापन के बाद गूगल फॉर्म के जरिए इस कार्यशाला से जो सीखा उसका मूल्यांकन भी किया गया और सभी प्रतिभागियों को इस कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए प्रमाण पत्र भी दिया गया।

## जैन आचार्य लोकेश को जन दक्षेस ने "डॉ वैदिक सामजिक सौहार्द सम्मान" से सम्मानित किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जन दक्षेस एवं एशियाई अरब चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा डॉ वेदप्रताप वैदिक की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विज्ञान भवन में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल डॉ आरिफ मोहम्मद खान ने अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शान्ति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश को डॉ. वैदिक सामजिक सौहार्द सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान जैन आचार्य लोकेश को उनके द्वारा वैश्विक स्तर पर किये गए अहिंसा, शान्ति, सद्भावना के संवर्धन एवं सामजिक सौहार्द समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। आचार्य जी की अनुपस्थिति में अहिंसा विश्व भारती के कोषाध्यक्ष आचार्य राम गोपाल दीक्षित ने यह पुरूस्कार ग्रहण किया एवं आचार्य लोकेश जी का लिखित सन्देश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष श्री राम बहादुर राय करेंगे, मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल माननीय श्री आरिफ मोहम्मद खान होंगे एवं मुख्य वक्ता पूर्व सांसद श्री के सी त्यागी रहे।

# मनोज तिवारी ने किया केंद्रीय विद्यालय शाहदरा के भवन का लोकार्पण

## बुराड़ी और खजूरी का निर्माण शीघ्र शुरू करवाया जाएगा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी आज बहु प्रतिक्षित केंद्रीय विद्यालय शाहदरा के भवन का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन के संयुक्त आयुक्त कार्मिक सुमित श्रीवास्तव उपायुक्त एस.एस चौहान प्रधानाचार्य राधाचरण विधायक जितेंद्र महाजन निगम पार्षद रितेश सूजी जिला अध्यक्ष पूनम चौहान मनोज त्यागी सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिवेदी सहित कई पार्टी पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहें। गौरतलब है कि केंद्रीय विद्यालय का शिलान्यास और उद्घाटन 2016 में हो गया था लेकिन तमाम अड़चनों और फिर कोरोना के बाद भवन बनने में देरी हुई एक वर्ष पहले भवन बन गया तो जल बोर्ड से पानी और सीवर का कनेक्शन न मिलने के कारण विद्यालय भवन छात्रों के लिए उपलब्ध नहीं हो सका था। मनोज तिवारी ने आजादी के बाद 70 वर्ष बाद भी संसदीय क्षेत्र में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं था लेकिन जरूरत जरूर थी मैंने जन भावनाओं का आदर करते हुए क्षेत्र निवासियों की मांग पर केंद्रीय विद्यालय मंजूर कराया लेकिन विद्यालय की स्थापना और भवन के निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वालों की भी कमी नहीं थी विद्यालय की जमीन जमीन पर भूमाफिया की नजर थी रुकावट दूर करने के लिए मुझे सड़क से सदन और दिल्ली के उच्च न्यायालय तक लड़ाई लड़नी पड़ी उन्होंने कहा कि मुझे आज गौरव की अनुभूति हो रही है की संसदीय क्षेत्र को पहले केंद्रीय विद्यालय और पढ़ने वाले बच्चों को उनका विद्यालय भवन मिल रहा है विद्यालय भवन के क्षेत्र के शैक्षिक स्तर का विकास होगा तो बच्चों को अच्छी शिक्षा का अवसर मिलेगा। मनोज तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से विद्यालय बनाने के लिए करोड़ों की जमीन डीडीए द्वारा एक रुपये में आवंटित की गई जबकि पीने के पानी और सीवर कनेक्शन के लिए केजरीवाल के नेतृत्व वाले जल बोर्ड ने केंद्रीय विद्यालय संगठन से एक करोड़ 83 लाख रुपए मांगे उन्होंने कहा कि पीने का पानी लाने के लिए हम लोगों को उतना ही प्रयास करना पड़ा जितना भागीरथ को गंगा लाने में, आगामी 1 वर्ष में हम दो नए केंद्रीय विद्यालय बनाकर इसी तरह देश नौनिहालों के बेहतर भविष्य के लिए जनता को समर्पित करेंगे केंद्रीय विद्यालय बुराड़ी और खजूरी का निर्माण शीघ्र शुरू करवाया जाएगा।

## एक नजर

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर मार्ग के सबवे को मनमर्जी से बंद किए जाने को गलत बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मंदिर मार्ग के आर पार सबवे का प्रयोग करने वाले पर्यटक -दर्शनार्थियों, हरकोर्ट बटलर स्कूल, डी ई टी ए तमिल स्कूल, अटल एनपी बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रायसीना बंगाली स्कूल, दयानंद मॉडल स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल के स्टूडेंट्स को सबवे के गेट जब चाहे खोलने बंद कर दिए जाने के कारण परेशानी हो रही है। देश विदेश से बसों में आए टूरिस्ट को ढ़ाई सौ मीटर चक्कर काटना पड़ता है। राजधानी नागरिक कल्याण समिति अध्यक्ष प्रीतम धारीवाल बताते हैं कि पहले सबवे सुबह सात बजे खुल कर रात को मंदिर टाइम के साथ साढ़े आठ बजे बंद किया जाता था। अब जब चाहे खुलता है और शाम की आरती पूरी होने से पहले ही सबवे के गेट पर ताला जड़ दिया जाता है।

### पत्नी को आया था मारने साली की कर दी हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अलीपुर के सिंघु गांव में शुक्रवार रात महिला की चाकू गोदकर हत्या करने के मामले में उसके बहनोई पूरन को कुंडली से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुलासा किया है कि उसे अपनी पत्नी और साली के पति के बीच संबंध होने का शक था। वह पत्नी को मारने के इरादे से वहां पहुंचा था, लेकिन हमले के दौरान उसकी पत्नी मौके से भाग गई।

उसकी बहन पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। मृतका की शिनाख्त रितु (32) के रूप में हुई। वह पति खरजू सिंह और दो बच्चों के साथ सिंघु गांव जय गुरु धर्म कांटा के पास रहती थी। शुक्रवार रात पुलिस को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल से रितु को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने रितु को मृत घोषित कर दिया है। अलीपुर थाना पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू की। जांच में पता चला कि रितु का पति खरजू और उसकी बहन मोनी उसे घायल अवस्था में लेकर अस्पताल पहुंचे थे। रितु के पति ने बताया कि मोनी के पति पूरन को शक था कि उसके और मोनी के बीच प्रेम प्रसंग है। शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे रितु और मोनी कुंडली से काम करके घर पहुंचे। इसी दौरान पूरन भी चाकू लेकर उनके घर पहुंच गया। वह काफी नशे में था और रितु और मोनी का चाकू लेकर पीछा करने लगा। मोनी वहां से भागने में कामयाब रही। पूरन रितु की पीठ पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गया।

### कारोबारी की गाड़ी से लाखों रुपये चोरी कर बदमाश फरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैंट इलाके में 13 मार्च को बदमाशों ने एक कारोबारी की कार से लाखों रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया। घटना के समय पीड़ित कार पंक्चर होने के बाद मैकेनिक के आने का इंतजार कर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित प्रदीप खन्ना अपने परिवार के साथ ग्रेटर कैलाश पार्ट दो में रहते हैं। उनकी नारायणा औद्योगिक क्षेत्र में पंखा बनाने की फैक्टरी है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च की रात 9:30 बजे वह काम खत्म कर घर के लिए रवाना हुए। कार की पिछली सीट पर उनका घरेलू सहायक नितेश बैठा था। पिछली सीट पर एक बैग में उन्होंने 8.15 लाख रुपये रखे थे। दिल्ली कैंट इलाके में पहुंचते ही उन्हें लगा कि उनकी कार का पहिया पंक्चर हो गया है। उन्होंने अपनी कार को रोड किनारे लगाया। पीड़ित ने गाड़ी की जांच की तो पाया कि दूसरी तरफ का पिछला पहिया पंक्चर हो गया था। वह कार को कुछ आगे पेट्रोल पंप के पास ले गए और घरेलू सहायक को पेट्रोल पंप से मैकेनिक को लेकर आने के लिए कहा। वह कुछ देर ड्राइविंग सीट पर बैठे रहे और फिर लघुशंका के लिए सड़क की दूसरी तरफ चले गए। वापस आने पर देखा तो पिछली सीट पर रखा बैग गायब मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि लघुशंका के दौरान उन्होंने स्कूटी सवार दो युवकों को अपनी कार के पास से गुजरते देखा था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। आशंका है कि पंक्चर गैंग के बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

### नौकरी दिलाने के बहाने ब्लैकमेल करने वाला धरा

नई दिल्ली, एजेंसी। शाहदरा पुलिस ने शुक्रवार को एक्सटॉर्शन के मामले में आरोपी परवीन उर्फ विशू को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 14 मार्च को शाहदरा पुलिस को एक्सटॉर्शन की शिकायत मिली थी। महिला ने बताया कि परवीन नामक व्यक्ति ने उन्हें 25 हजार प्रति माह के हिसाब से मेकअप आर्टिस्ट की नौकरी दिलाने की बात कही। इसी बहाने आरोपी पीड़िता से लगातार बात करने लगा और प्रेम प्रस्ताव दे डाला। इसके बाद पीड़िता को सुपर मॉडल बनाने के नाम पर वीडियो कॉल करना शुरू किया और अश्लील हरकतें करने को कहने लगा। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता की कुछ अश्लील तस्वीरों का स्क्रीनशॉट ले लिया। इसके बाद पीड़िता से स्क्रीनशॉट डिलीट करने के बदले 10 हजार रुपये मांगने लगा। इस पर पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की सीडीआर और अन्य जानकारी निकाली। 15 मार्च को जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वह मूलरूप से हरियाणा के फतेहाबाद जिले का रहने वाला है।

### भुगतान की राशि वापस करने के बहाने ठगने वाला दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तरी जिला पुलिस की साइबर यूनिट ने शुक्रवार को एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। वह सुगो डेटिंग ऐप पर भुगतान की गई राशि वापस करने के बहाने लोगों को धोखा दे रहा था। आरोपी को पुलिस ने तब दबोचा, जब यह पता चला कि इसने एक 23 वर्षीय लड़के से 3.18 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। आरोपी मयंक बिष्ट गाजियाबाद के वैशाली में रहता था। पुलिस ने बताया कि दिल्ली के बुराड़ी निवासी प्रशांत कुमार की शिकायत पर उत्तरी जिला पुलिस की ऑपरेशन यूनिट ने मामला दर्ज किया था। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सुगो एप्लिकेशन पर एक लड़की से उसकी दोस्ती हुई थी। ऐप पर मैसेज भेजने के लिए वह क्वॉइन खरीदता था। इस दौरान शिकायतकर्ता ने करीब 30,000 रुपये के क्वॉइन खरीदे। बाद में शिकायतकर्ता के सुगो मित्र ने उसे 30,000 रुपये को वापस करने में मदद की पेशकश की और आरोपी मयंक का नंबर दिया। शिकायतकर्ता ने मयंक से संपर्क किया तो मयंक बिष्ट ने शिकायतकर्ता को कई खाते दिए और अलग-अलग मद में करीब 3,18,024 रुपये जमा करवा लिए। बाद में पीड़ित को ठगी का पता लगा। इसके बाद आरोपी मयंक को गिरफ्तार कर लिया गया।

### दाढ़ी बनाने से मना करने पर ब्लेड मारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जाफराबाद इलाके में एक व्यक्ति ने दाढ़ी बनाने से मना करने पर नाई पर ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता गौतम विहार निवासी कासिम ने वह अरविंद नगर इलाके में अपना सैलून चलाते हैं। नौ मार्च की रात करीब 9:45 बजे पड़ोसी परवीन उनकी दुकान पर आया और दाढ़ी बनाने के लिए कहने लगा। कासिम के अनुसार, उनका दुकान बंद करने का समय हो चुका था, इसलिए उसने परवीन को अगले दिन आने को कहा। उस समय तो आरोपी वहां से चला गया, लेकिन बाद में वापस दुकान पर आया और कासिम को दुकान से बाहर खींचकर उसकी पिटाई करने लगा। आरोपी ने विरोध करने पर पीड़ित के गर्दन और गालों पर ब्लेड से हमला कर दिया।

# आकांक्षात्मक से आगे बढ़कर विकसित जनपद बन रहा सिद्धार्थनगर: योगी आदित्यनाथ

एनसीआर समाचार



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 'डबल इंजन' की सरकार के लगातार प्रयासों से सिद्धार्थनगर जनपद के पिछड़ेपन का दंश मिट गया है तथा अब तक आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी में आने वाला यह जिला अब विकसित जनपद के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ चुका है और यह संकल्पना विकसित उत्तर प्रदेश से ही साकार होगी लेकिन विकसित उत्तर प्रदेश तभी होगा, जब सिद्धार्थ नगर विकसित होगा और इसके लिए भाजपा का होना बहुत जरूरी है।

एक बयान के मुताबिक जनपद मुख्यालय पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज के शिलान्यास सहित 1885 करोड़ रुपये की 551 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की। जनपद के पिछड़ेपन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जिला दशकों से इसलिए पिछड़ा रहा, क्योंकि न यहां जीवन जीने के लिए बुनियादी सुविधाएं थीं, न ही रोजगार के अवसर।

उन्होंने दावा किया कि माफिया गरीबों का हक मार जाते थे और सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिलता ही नहीं था। अपने निजी अनुभव साझा करते हुए उन्होंने इंसेफेलाइटिस से मासूम बच्चों की मौत की चर्चा भी की और कहा कि पिछली सरकारों ने कभी इन विषयों पर ध्यान नहीं दिया, जबकि आज 'डबल इंजन' की सरकार ने माफिया और मच्छर दोनों को ही समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री ने सिद्धार्थनगर में शिक्षा और स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा सुलभ होने का दावा करते हुए कहा कि गरीबों को आवास मिल रहा है, पांच लाख रुपये तक का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा मिला है और पांच वर्ष तक मुफ्त राशन की व्यवस्था हुई है। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को दिया। जनसभा में उन्होंने जनता से पूछा कि क्या मुफ्त राशन, आवास और स्वास्थ्य बीमा कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें दे सकती थीं, क्या राम मंदिर निर्माण पिछली सरकारों के दौर में संभव था, जनता की ओर से एक स्वर में नहीं की आवाज आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत 11वें नंबर पर था लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत दुनिया का पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

# मुख्यमंत्री योगी ने 84 परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास





**उत्तरप्रदेश:** नवनिर्मित सर्किट हाउस का संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर किया गया नामांकरण आज देश एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे, उद्योग, आईआईटी, एम्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में से एक नई पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर शहर स्थित फिजिकल ग्राउंड के परिसर में आयोजित जनसभा कार्यक्रम के दौरान जनपद के विकास कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से 610 करोड़ रुपए की लागत वाली 84 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

लोकार्पित परियोजनाओं में 181.88 करोड रुपए की लागत से निर्मित कुल 50 परियोजनाएं है, जिनमें 12.3 करोड रुपए की लागत से राजकीय पॉलीटेक्निक नौगवा चमरौआ का निर्माण कार्य, 27.99 करोड रुपए की लागत से अहरो बंगाली कालोनी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, 22.07 करोड रुपए की लागत से पटवाई मिलक मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, रुपए 5.05 करोड की लागत से सेंटा खेड़ा पेयजल योजना सहित नगर विकास विभाग, लोक निर्माण, अल्पसंख्यक, पंचायतीराज, प्रविधिक शिक्षा, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अन्य परियोजनाएं शामिल है।

# हमीरपुर में वृद्ध किसान को डंपर ने रौंद डाला

भूपेन्द्र सिंह



**उत्तर प्रदेश:** जलालपुर थाने के ममना गांव निवासी शिवम चौरसिया ने बताया कि उसके 72 वर्षीय दादा गंगा प्रसाद के पास करीब 45 बीघा जमीन थी। खेती कर वह परिवार का पोषण करते थे। बताया कि गुरुवार की शाम करीब चार बजे उसके दादा खेत से पैदल घर आ रहे थे। तभी राठ मार्ग पुरैनी तिराहे पर राठ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।

जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए राठ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होता देख डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था लेकिन गंभीर हालत होने पर उसे उरई से झांसी रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में ही किसान ने की मौत हो गई।

जलालपुर थाने के ममना गांव निवासी शिवम चौरसिया ने बताया कि उसके 72 वर्षीय दादा गंगा प्रसाद के पास करीब 45 बीघा जमीन थी। मृतक अपने पीछे दो पुत्र बाबूराम चौरसिया, मल्हू चौरसिया छोड़ गया है। मृतक के नाती शिवम चौरसिया ने डंपर चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। जलालपुर थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक मौका देखकर भाग निकला।

## भदोही में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी।** भदोही शहर के कोतवाली इलाके में एक मंदबुद्धि नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार किया। भदोही शहर के कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बृजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना आठ मार्च की देर शाम रजपुरा चौकी क्षेत्र के एक गाँव में हुई जिसके बाद मंदबुद्धि बालिका (13) के पिता ने 13 मार्च को हरिरामपुर के छोटू उर्फ सतीश राजभर (22) के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। सिंह ने बताया कि आठ मार्च को मंदबुद्धि बालिका को घर में नहीं पाकर उसके परिजन उसे खोजने में जुटे हुए थे, तभी गांव की कुछ महिलाओं ने बताया कि छोटू उर्फ सतीश राजभर को उसका हाथ पकड़ कर ले जाते हुए शाम को देखा गया था।

# हाटा पुलिस टीम ने कुख्यात गैंगेस्टर गोलू गिरी व उसके साथी को अवैध चरस के साथ किया गिरफ्तार

श्रवण कुमार



**उत्तर प्रदेश:** जनपद कुशीनगर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में हाटा कोतवाली व साईबर सेल की संयुक्त टीम ने N H 28 पीपरा कट के पास से वाहन चेकिंग के दौरान एक लाल रंग की टाटा कार से कुख्यात गैंगेस्टर गोलू गिरि व उसके अन्य एक साथी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.5 ढाई किलोग्राम अबैध चरस बरामद किया गया है।

घटना में इस्तेमाल कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर दोनों अपराधी चलते व पुलिस से आंख बचाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता कर बताया कि, बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है अपर पुलिस अधीक्षक- अभिनव त्यागी।

# निशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रविन्द्र कुमार सिंह




**उत्तरप्रदेश:** दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जीके सिंह के मार्ग निर्देशन में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत छठे दिवस का आयोजन किया गया।

ग्राम खुशहालगढ़ में आयोजित कार्यकर्म आज सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन ग्रामीण व्यक्तियों की परेशानियां, बीमारियों को ध्यान में रखते हुए गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अलर्ट जारी

फैज अहमद



**उत्तर प्रदेश:** हरदोई जिले के अतरौली पुलिस ने अर्ध सैनिक बल के साथ संवेदनशील इलाकों में निकाला फलैग मार्च।अतरौली पुलिस ने रमजान, होली, ईद व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च निकाला।

पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी के आदेश पर बृहस्पतिवार को सीओ शिल्पा कुमारी के साथ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने संवेदनशील इलाके में अर्धसैनिक बल के साथ पैदल गश्त कर रहे लोगों के दिलों से डर को निकाला।

समस्त ग्राम वासियों को एनाउंसमेन्ट के माध्यम से औपचारिक रूप से भी जानकारी दी गई कि आगामी रमजान, होली, ईद व सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में किसी के भी द्वारा कोई भी अफवाह या शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने बताया कि त्यौहारों में खलल डालने की रोकथाम और आमजन को भयमुक्त होकर मतदान में शामिल होने व असामाजिक तत्वों को चेतावनी का संदेश देने के लिए पैदल मार्च कराया गया है।

# बसपा ने मनाई कांशीराम की जयंती, आगामी आम चुनाव की तैयारी के लिए कार्यकर्ता जुटे

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जिला स्तर पर अपने कार्यकताओं को एकजुट करते हुए शुक्रवार को पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती मनाई।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने यहां कांशीराम को श्रद्धांजलि दी। हालांकि, चुनाव नजदीक आने के कारण पार्टी की परंपरा के अनुसार इस अवसर पर जश्न मनाने के कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए, लेकिन उनके अनुयायियों और पार्टीजनों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने मान्यवर कांशीराम का मिशन अधूरा, बसपा करेगी पूरा के नारे भी लगाये। पार्टी के एक नेता ने कहा, इस दिन को मनाने के लिए पूरे राज्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए और पार्टी कार्यकताओं को संभावित पार्टी उम्मीदवारों/प्रभारियों से परिचित कराया गया ताकि वे एक-दूसरे को जान सकें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लेने के लिए पूरे राज्य में जिला स्तर पर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि इस अवसर का उपयोग पार्टी कार्यकताओं को एकजुट करने और उत्साहित करने के लिए किया गया है।

मायावती ने इस मौके पर अपील जारी कर कहा कि गुलाम मानसिकता वालों से अलग अपनी आपसी एकजुटता एवं बेहतर समझबूझ के जरिए 'मान्यवर श्री कांशीराम जी आपका मिशन अधूरा, बीएसपी करेगी पूरा' के संकल्प को खासकर लोकसभा चुनाव में सफल बनाने हेतु पूरे जी-जान से प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जातिवादी शक्तियों के अनेकों षड़यंत्र से बचते-बचाते 'बहुजन समाज' को केन्द्र एवं राज्यों की सत्ता अपने हाथ मे लेने का चुनावी प्रयास हर हाल में जारी रखना है तभी यहाँ 'सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति' आन्दोलन की सफलता संभव है। पार्टी ने एक बार फिर काशीराम को भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित करने की माँग सरकार से की। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव कट्टर प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था और उत्तर प्रदेश में भगवा लहर के बावजूद 10 सीट हासिल की थीं। मायावती की पार्टी ने इस बार राजग के साथ-साथ विपक्षी गठबंधन से दूरी बनाए रखने और उप्र में आगामी आम चुनाव में अकेले लड़ने का फैसला किया है। रिपोर्टों से पता चलता है कि कांग्रेस चाहती थी कि



बसपा विपक्षी गठबंधन के साथ रहे लेकिन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस संबंध में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

सपा ने उनकी जगह एक अन्य दलित नेता आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को अपने साथ जोड़ लिया है। इससे पहले बसपा सुप्रीमो ने 'एक्स' के जरिए कांशीराम को याद किया था और उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। मायावती ने एक्स पर लिखा,''परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण के बाद लंबे समय तक तिरस्कृत एवं बिखरे पड़े उनके आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के कारवां को देश की राजनीति में नई मजबूती एवं बुलंदी देने का युगपरिवर्तनीय कार्य करने वाले मान्यवर कांशीराम जी को उनकी 90वीं जयंती पर अपार श्रद्धा-सुमन।

उन्होंने कहा कि बामसेफ (अखिल भारतीय पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ), डीएस4 (दलित शोषित समाज संघर्ष समिति) और बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर एवं अपने अनवरत संघर्ष के जरिए उत्तर प्रदेश में सत्ता की 'मास्टर' चाबी हासिल कर 'बहुजन समाज' हेतु सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक तरक्की का जो मिशनरी लक्ष्य उन्होंने हासिल किया, वह ऐतिहासिक एवं अतुलनीय है और इसके कारण वह बहुजन नायक बने व अमर हो गए। एक बयान में, मायावती ने कहा कि आज पार्टी संस्थापक को पुष्पांजलि अर्पित की गई और भारत रत्न से सम्मानित करने की भी मांग की गई। उन्होंने कहा कि देश के खासकर 'बहुजन समाज' के लोगों को जातिवादी एवं धन्नासेठ समर्थक विरोधी पार्टियों की साजिश एवं इनके हवाहवाई दावों और वादों से बच-बचाकर आगे चुनाव में सक्रियता एवं कार्रवाई करने की जरूरत है, क्योंकि अब और इनके भरोसे रहना आत्मघाती होगा।

# रामपुर तिराहा मामले में पीएसी के दो पूर्व आरक्षी को अदालत ने दोषी ठहराया



**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को करीब 30 वर्ष पूर्व उत्तराखंड को अलग राज्या बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को दोषी करार दिया है और सजा सुनाने के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराया है, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है। सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया और 18 मार्च तक के लिए सजा के विषय पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

## एक नजर

### सपा ने खेला दांव, अब बसपा उम्मीदवार का है इंतजार

**आकिल अली/उत्तर प्रदेश:** सपा ने बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट पर अपने पत्ते खोल दिए हैं। बिजनौर से यशवीर सिंह और नगीना से पूर्व न्यायिक अधिकारी मनोज कुमार पर दांव खेला है। उधर, नगीना में बसपा किसे मैदान में उतारेगी, यह तस्वीर शुक्रवार तक भी साफ नहीं हो सकी।

बिजनौर लोकसभा सीट पर सपा की ओर से यशवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। एनडीए गठबंधन में रालोद की ओर से चंदन चौहान और बसपा ने बिजेंद्र सिंह को को मैदान में उतारा है। बिजेंद्र सिंह लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव पद को छोड़कर हाल ही में बसपा में गए हैं। नगीना लोकसभा सीट की बात करें तो सपा की ओर से शुक्रवार को पूर्व एडीजे मनोज कुमार को उम्मीदवार घोषित किया गया। नगीना सीट से भाजपा से विधायक ओमकुमार मैदान हैं, जबकि बसपा उम्मीदवार की घोषणा होना बाकी है।

### ग्राम विकास अधिकारी ने दहेज के लिए बीवी को किया घर से बाहर

**क्षत्र पाल/उत्तरप्रदेश:** बरेली थाना इज्जतनगर की रहने वाली पीड़िता की शादी चंदोसी जनपद संभल में हुई। पीड़िता का पति ग्राम विकास अधिकारी के पद पर जनपद बदायूं में कार्यरत है। पीड़िता का आरोप है की उसके पति ने उसके 2 बच्चो के साथ दहेज के खातिर घर से निकाल दिया और आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करता रहा। लेकिन जब पीड़िता को भनक लगी कि उसके पति का प्रेम प्रसंग किसी और लड़की के साथ चल रहा है। तो उसके पति ने उसे और उसके बच्चों समेत घर से बहार निकाल दिया इसके लिए पीड़िता ने काफी समय से उच्च अधिकारियों से गुहार लगा रही हैं की उसको न्याय मिल जाए लेकिन पीड़िता को आज तक न्याय नहीं मिल पाया तो मजबूर होकर पीड़िता ने बरेली अपर पुलिस महानिदेशक जॉन बरेली से न्याय की गुहार लगाई।

### एक करोड़ रुपये कीमत की स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, एजेंसी।** भारत-नेपाल सीमा से सटे बहराइच जिले के नानपारा थाना क्षेत्र में ककरी चौराहे के पास पुलिस ने शुक्रवार को दो लोगों को 500 ग्राम स्मैक (एक प्रकार का मादक पदार्थ) के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार इस स्मैक की कीमत एक करोड़ रुपये आंकी गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पवित्र मोहन त्रिपाठी ने आज पत्रकारों को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस और एसओजी के संयुक्त दल ने शुक्रवार सुबह ककरी चौराहे के पास नानपारा कस्बा के जावेद एवं शकील को 500 ग्राम स्मैक एवं पांच हजार रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया। उनके अनुसार बरामद किये गये इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गयी है। पुलिस ने स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को अदालत के माध्यम से जेल भेज दिया है। त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों से हुई पूछताछ के आधार पर इनके संपर्कों की पड़ताल की जा रही है।

### सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए छह और उम्मीदवारों की सूची जारी की

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में छह और उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा भदोही लोकसभा सीट विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी है।

सपा ने सोशल मीडिया मंच एक्स एक सूची को पोस्ट किया जिसमें बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानुप्रताप सिंह एडवोकेट, अलीगढ़ से बिजेन्द्रय सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मीक और लालगंज से दरोगा सरोज को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दल पश्चिम बंगाल की मुख्यबमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले 'तृणमूल कांग्रेस' के लिए भदोही लोकसभा सीट छोड़ी है। इसके पहले भी सपा ने उम्मीदवारों की दो सूची जारी की थी। वह उत्तर प्रदेश में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की सबसे प्रमुख घटक है।

### भटिंडा-वाराणसी-भटिंडा व अंबाला कैंट-कटिहार-अंबाला के बीच चलेगी चार ट्रेनें

**मुरादाबाद, एजेंसी।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए चार ट्रेनें फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस चलाई जाएगी, जिसमें एक रेलगाड़ी भटिंडा-वाराणसी-भटिंडा के बीच और दूसरी अंबाला कैंट-कटिहार-अंबाला के बीच चलाई जाएगी दोनों ट्रेन अप एंड डाउन दोनों दिशा में संचालित होगी। सीनियर डीसीएम ने बताया कि ट्रेन संख्या 04530 व 4529 भटिंडा से 22 मार्च को और वाराणसी से 23 मार्च को चलेगी दोनों ट्रेनें एक-एक फेरा लगाएंगे। रेलगाड़ी संख्या 04536 व 04535 अंबाला से 22 मार्च को चलेगी और कटिहार से 23 मार्च को चलेगी दोनों ट्रेनें एक फेरा लगाएंगी।

# भाजपा को बड़ी राहत, ईवीएम से होगा आगामी चुनाव

एनसीआर समाचार




सुप्रीम कोर्ट ने एस्ट मामले को खारिज कर दिया है। बीते दिन यानी शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को एक बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन को लेकर के चल रहे मामले में पक्के सबूत न होने की वजह से इस मामले को खारिज कर दिया और ये तक कह दिया कि, अब इस मामले में आगे कोई भी सुनवाई नहीं होगी, क्योंकि इस मामले में कोई भी पक्का सबूत नहीं है।

कोर्ट ने यह तक कहा कि, एस्ट को लेकर कितनी याचिकाएं हैं। हर एक पद्धति के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पहलू दोनों ही होते हैं। हम धारणाओं के आधार पर बिल्कुल नहीं चल सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अदालत पहले की कई याचिकाओं की बार-बार जांच कर चुकी है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कामकाज से संबंधित कई मुद्दों पर पहले विचार भी कर चुकी है। वहीं न्यायाधीश संजीव खन्ना का कहना था, हमने वेबसाइट पर देखा है कि, पहले से ही ऐसे कई मामले हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा कि, हम कितनी आशंकाओं पर विचार करेंगे। हाल ही में हमने इससे संबंधित श्एठअळ की याचिका पर भी चर्चा की थी। हम धारणाओं पर नहीं चल सकते हैं। इस मामले को सुनने के इच्छुक बिल्कुल नहीं है। कोर्ट ने यह तक कह दिया कि, अनुच्छेद 32 के तहत इस पर विचार नहीं किया जा सकता है।

इसी साल की शुरुआत यानी की 2024 की शुरुआत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने एक अकाउंट पर यह दावा किया था कि भाजपा नेताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मतगणना से कुछ दिन पहले विधानसभा चुनाव परिणाम की पूरी जानकारी थी। हालांकि उन्होंने कुछ ही समय बाद अपने पोस्ट को हटा दिया था। आप यह भी लगाया जा रहा है कि, राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा में जीत हासिल करने के लिए भाजपा ने ईवीएम से छेड़खानी की थी।

# छत्तीसगढ़: सूर्योदय फाउंडेशन संस्था ने महिला स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का किया शुभारम्भ

अजय सिंह



**छत्तीसगढ़:** आज दिनांक 15,03,2024 को अंबिकापुर के बाबु पारा हरि मंगलम भवन में सूर्योदय फाउंडेशन का मीटिंग किया गया। जिसमें महिला स्वस्थ के डायरेक्टर धीरेन्द्र राय जी वाईस प्रेजिडेंट घनश्याम जी आकाश जी विजय जी एवं जिला प्रभारी रुपा गुप्ता अंजय गुप्ता अजय सिंह और सात ब्लाक के सुपरवाइजर उपस्थित शामिल थे।

स्वास्थ्य के परसिडेंट घनश्याम सर के महिला स्वस्थ सुरक्षा के बारे में जानकारी दी और हमारी सात ब्लाक से आई हुई महिलाओं को स्वास्थ कार्ड के बारे में जानकारी दी की और कार्ड के लाभ को विस्तार तरिके से बताया जायेगा और सभी महिला मित्र को कैसे बताना है उसका लाभ कैसे मिलेगा जानकारी दी जाएगी। इस मीटिंग को करने के बाद महिला मित्रों के चेहरे पर एक नई खुशी दिखाई दी।

## मध्य प्रदेश: इंदरगढ़ थाना पुलिस ने जब्त की चोरी की बाइक



मध्य प्रदेश: इंदरगढ़ थाना पुलिस ने कामद रोड स्थित रानीपुरा तिराहे से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक चोर, चोरी की दो बाइकें लेकर रानीपुरा तिराहे पर खड़ा था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी से चोरी की दो बाइकें बरामद हुईं। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस स्टाफ को तस्दीक हेतु मुखबिर द्वारा बताए स्थान रानीपुरा तिराहे कामद रोड पर पहुंचा तो देखा कि एक व्यक्ति दो मो.सा. के साथ रोड किनारे खड़ा है जो पुलिस को आते देख भागने की कोशिश करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेरा बंदी कर पकडा। व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विपिन लोधी पुत्र मंगल लोधी उम्र 20 साल निवासी ग्राम रानीपुरा का बताया, मोटर साईकिलो की पूछताछ के संबंध मे कोई सतुष्टी पूर्वक जवाब नही दे पाया।

# दो माह से बल्लारशाह में नागरिकों पर वन्यप्राणियों के हमले में कई मौतें

समीर राजेन्द्र वानखेड़े




**महाराष्ट्र:** विगत दो माह से बल्लारशाह में अलग अलग ठिकानों पर बाघ और तेंदुए ने यहां के नागरिकों पर हमले कर दहशत मचा रखी है। अनेक लोगोंको अपनी जान सेहाथ धोना पड़ा है और कई लोग घायल भी हुए है अभी तीन दिन पूर्व बुधवार को सुबह पंडित दीनदयाल वार्ड में सुबह 8 बजे के करीब तेंदुए ने एक पांच वर्षीय बालिका पर हमला किया, लेकिन उस बालिका के चाचा की सतर्कता से बच्ची की जान बच तो बच गई लेकिन अभी भी उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वही बुधवार के ही दिन जंगल में लकड़ी लेने गए राजेंद्र प्रसाद वार्ड निवासी एक 53 वर्षीय व्यक्ति पर बाघ ने हमला कर उसकी हत्या की यह दोनो घटनाएं उस दिन की है जिसके एक दिन पहले बल्लारपुर में विधायक तथा वनमंत्री मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री के साथ नवनिर्मित बोटेनिकल गार्डन का लोकार्पण किया था।

दूसरे ही दिन विधायक मुनगंटीवार को लोकसभा की चंद्रपुर सीट मिलने का ऐलान हुआ और उसी दिन ये दोनो घटनाएं घटित हुईआज चार दिन बीतने के बाद भी विधायक तथा वनमंत्री तथा जिले के पलकमंत्री होने के नाते वन्यजिवों के हमले में मृत तथा घायलों के पीड़ित परिवार की सुध नहीं ली। वे सभा समारोह उद्घाटन लोकार्पण के कार्यक्रम में इतने व्यस्त हो गए की उन्हें वोट देनेवाली वन्यजीवों के हमले से पीड़ित जनता का दुख दिखाई नहीं दे रहा है। इन हमलों के संदर्भ में कोई बयान नहीं आया।

बल्लारपुर की जनता इन दिनों वन्यजीवो के दहशत में जी रही है, लेकिन वनमंत्री जो की बल्लारपुर विधानसभा के विधायक तथा चंद्रपुर जिले के पालकमंत्री होने के बावजूद उन्हें इस विषय पर ध्यान देने की फुरसत नहीं है। वही अब चंद्रपुर लोकसभा की उम्मीदवारी मिलने पर वनमंत्री महोदय को जनता की समस्या नजर नहीं आ रही है।

## एक नजर

### राजस्थान: राज्य में खाद्य सुरक्षा की टीम एवं खाकी अलर्ट



**राजेन्द्र हर्ष/राजस्थान:** त्योहारी सीजन को लेकर खाद्य सुरक्षा की टीम एवं खाकी अलर्ट है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त राजस्थान इकबाल खान के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जोधपुर खाद्य सुरक्षा अधिकारी "सिंघम प्रवीण चौधरी" एवं विजय कंवर ने माता का थान पुलिस थाने की सूचना पर पुलिस के साथ मिलकर मिलावटी घी एवं तेल पर संयुक्त कार्रवाई की।

पुलिस थाने की सूचना पर मंगरा पूंजला एवं मदेरणा कॉलोनी स्थित दो परिसरों पर पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा टीम ने छापा मार कर कई नामी घी के ब्रांडों के नकली पैकिंग एवं मिलावटी घी एवं खाद्य तेल के संदेह पर कार्रवाई की गई। मौके पर नकली घी के पैक करने की मशीन कहीं नामी ब्रांड के रैपर एवं पैकिंग मैटेरियल बरामद हुए।

### हरियाणा: जनहित ट्रस्ट द्वारा रोजगार देने का कार्य लगातार जारी



**रमेश कुमार विश्वकर्मा/हरियाणा:** सामाजिक संस्था जनहित ट्रस्ट जो पिछले कई सालो से आमजन की सेवा कर रही है वही अब पूरे भारत मे जरूरतमंद लोगों को रोजगार दे रही है। संस्था के सचिव सतनाम लालका द्वारा सिरसा जिले के गाव संतावली मे सर्वजीत तौर तरीके से जनहित ट्रस्ट का एसोसिएट बना कर लाभ कार्ड का रोजगार दिया गया। सतनाम लालका ने कहा की आमजन की भलाई, मदद के लिए लाभ कार्ड बनाए जा रहे है और हर गाव मे संस्था द्वारा एसोसिएट नियुक्त किए जा रहे है। ताकि सभी का लाभ कार्ड बन सके और जरूरतमंद को रोजगार मिल सके। इस मौके पर उनकी टीम लीडर अमनदीप कौर,पूजा रानी वा अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### दिल का दौरा पड़ने से नमाज पढ़ने के दौरान सजदे में हुई मौत



**आकिल अली/उत्तर प्रदेश:** नजीबाबाद में नमाज पढ़ने के दौरान एक व्यक्ति को हार्ट अटैक आने से मोहल्ला मुगल शाह हकीमों का चौराहा निवासी दिलशाद सैफी का इंतेकाल हो गया। जिसकी सूचना से परिजनो में कोहराम मच गया। नगर में हर्ष का माहौल पैदा हो गया। बता दे की गुरुवार तीसरे रोजे को 50 वर्षीय दिलशाद सैफी नजीबाबाद की पीर शाह वाली मस्जिद में तरावीह पढ़ने के बाद वितर पढ़ रहे थे इसी दौरान तीसरी रकात के सजदे में ही उन्हें हार्ट अटैक आ गया, और वो सजदे में ही पड़े रहे। जुमे की नमाज के बाद उनके जनाजे की नमाज अदा की जिसमें नगर के समाजसेवी राजनैतिक व मिडिया कर्मी सहित भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी किरतपुर के कब्रिस्तान में उन्हें सपुर्द ए खाक किया गया।

### सैजना गांव में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक पार्टी की बैठक हुई सम्पन्न



**मो. यासीन/उत्तर प्रदेश:** मीरगंज क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष अरूण कुमार राठी ने ग्राम अध्यक्ष सत्यपाल दिवाकर को फूल माला पहनाकर संगठन में शामिल कर जिम्मेदारी दी।

किसानों की समस्या को लेकर एवं विकलांग सर्टिफिकेट विधवा पेंशन साठ साला राशनकार्ड आधार कार्ड और आवारा गौवंश आदि समस्याओं के बारे मे चर्चा की और किसानों से 20 मार्च को बरेली चलने की अपील की अरूण कुमार राठी मंडल अध्यक्ष तेजपाल गंगवार जिला अध्यक्ष बरेली इमरान अली मंडल उपाध्यक्ष बरेली फुरकान युवा नेता मीरगंज फाजिल खान दानिश खान मंडल उपाध्यक्ष रामपुर प्रेमपाल जिला सचिव रामपुर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा: सैनिक स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

हेमन्द्र



**हरियाणा:** आज दिनांक 16 मार्च 2024 को संस्कार पब्लिक स्कूल नांगल जाट में सैनिक स्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें मंच संचालन मीनू रावत ने आयोजित किया हमारे विद्यालय में 36 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की जिनका सम्मान मुख्य अतिथि इएइ मोहम्मद सगीर अहमद हथीन,पूर्व विधायक केहर सिंह रावत,सरपंच टेकचंद नांगल जाट,राष्ट्रपति से सम्मानित मास्टर वेदराम शर्मा बहीन, ने पुरस्कार देकर बच्चों का उनके उज्जवल भविष्य के लिए व्यवहारिक व आध्यात्मिक ज्ञान से परीपूर्ण शिक्षाप्रद प्रेरणा दी।

आए हुए अतिथियों का सम्मान स्कूल के प्रधानाचार्य पोहप सिंह जी ने चादर में गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया ।

इस समारोह में बच्चों के अभिभावकों ने भी स्कूल में पहुंच कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया इस अवसर पर अभिभावक महेश रावत,रण सिंह, कृष्ण कुमार, पुष्पेन्द्र, डालचंद, हरकेश, लेखराज, वेद प्रकाश, बंसीलाल, महाशय जी राजाराम, और स्कूल स्टाफ से रवि, अजीत, हरीश, आकाश, राहुल, विष्णु, सीमा, शीतल, नीरू, अंजू व स्कूल प्रांगण में बच्चे भी उपस्थित रहें।

## गुजरात: जामनगर में खराब गटर से लोगों का हुआ बुरा हाल




जुनैद हुसैन

**गुजरात:** जामनगर गांव जोदिया खुली गटर है लेकिन बंद गटर बना रहे है उसमे बड़ा पाइप डालने का था ये काम एक राजनेता के बेटे को मिला लेकिन छोटा पाइप डाल के पूरी पेमेंट लेली हमने तालुका विकास अधिकारी साहब और पंचायत मंत्री सबको पत्र लिख दिया। शिकायत भी की लेकिन कुछ नही हुआ। ऐसे हालात से वह के लोकल लोगों को बहुत परेशान है प्रशासन को लोगो की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और इस कार्यवाही पर जल्द से जल्द कोई कदम उठाना चाहिए।

# डांग जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. एम.गामितकी मेहरबानी से चल रहा है

धुले मिलनभाई रामदासभाई



**गुजरात:** अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. एम.गामित को अपने काम को लेके कोई दिलचस्पी नहीं है. ऐसा ही लग रहा है। यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है, डांग के फर्जी डॉक्टरों के साथ डॉ. एच. एम. गामित की मिल्ली भगत में चलती हैं। ऐसा लगता है। तभी तो कोई कार्यवाही नही की जा रही हैं।

डांग जिले में कई वर्षो से फर्जी डॉक्टर पंकज सिंह डांग के सुबीर में किराना दुकान की तरह हॉस्पिटल और क्लीनिक खोल कर बैठा है। और अखबार के पन्ने कई बार छपे तब भी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. एम. गामित द्वारा कोई कार्रवाई या जांच नहीं की गई है।

सुबीर में दवाखाना व क्लीनिक खोलने वाले पंकजसिह ने कहा कि मेरा कोई अधिकारी कुछ नहीं कर सकता। और किसी भी अधिकारी के पास मेरी दवाखाना या क्लीनिक को बंद करने की शक्ति नहीं है।

# उत्तर प्रदेश: नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर शिकायत रेल मंत्री को की गई

हफीजुर्रहमान



**उत्तरप्रदेश:** आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को शिकायत में कहा था कि नजीबाबाद रेलवे स्टेशन का पूछताछ कार्यालय 24 घंटे के स्थान पर मात्र 8 घंटे कर दिया गया है।

शिकायत के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद में मौजूद सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने आरटीआई कार्यकर्ता को बताया कि पूछताछ कार्यालय को फिलहाल अस्थाई रूप से बंद किया गया है।

कोई भी व्यक्ति ट्रेनों के आवागमन के संबंध में स्टेशन मास्टर कार्यालय में संपर्क कर सकता है इसी को आधार बनाते हुए आरटीआई कार्यकर्ता ने पुन रेल मंत्री को शिकायत करते हुए कहा कि स्टेशन मास्टर कार्यालय एक संवेदनशील कार्यालय होता है। सहायक वाणिज्य प्रबंधक के इस आदेश के बाद लोग स्टेशन मास्टर कार्यालय में जाएंगे जिस कारण स्टेशन मास्टर का ध्यान ड्यूटी से हटेगा जोकि सुरक्षा के साथ खुलेआम खिलवाड़ है क्योंकि नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर लगभग 62 ट्रेनों का अप और डाउन दिशा से स्टॉपेज है।

## 13 साल से चल रहे फरार अपराधी को सुकेत पुलिस ने किया गिरफ्तार

अक्षय कुमार प्रजापति



**राजस्थान:** सुकेत थाना पुलिस ने 13 साल से मुकदमा नम्बर 166/2011 धारा 458, 380 भादस में फरार स्थाई वारन्टी प्रेमसुख उर्फ प्रेमसुद को शुक्रवार? को डुंगरपुर से गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया की पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाई जा रही है। 100 दिवसीय कार्ययोजना को लेकर कोटा ग्रामीण एसपी करन शर्मा के नेतृत्व में मामलों में वांछित अपराधियों, एवं स्थाई वारंटियों व भगोड़ों की धरपकड़ के? लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत मुकदमा नम्बर 166/2011 धारा 458, 380 भादस में फरार स्थाई वारन्टी प्रेमसुख उर्फ प्रेमसुद (40) पुत्र दूधसिंह पारदी निवासी कनेरा थाना धरनावदा जिला गुना एम.पी. को डुगरपूर से गिरफ्तार किया गया है।

# फॉरेस्ट गार्ड द्वारा पद का दुरुपयोग करने की वजह से गरीब हुआ लाचार

महेश पंढ़रन शिंदे



**महाराष्ट्र:** राज्य में अतिपूर्व भाग जंगल संपत्ती से हरा भरा, गोंडवाना की भूमी विविध पशु-पक्षी से संपूर्ण चपराळा अंतर्गत मार्कंडा ( कन्सोबा ) में राखीव वन अभयारण्य में फॉरेस्ट गार्ड द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गरीब, बेसहारा मजबूर लोगों को जंगल में पडी हुई लकड़ी हाथ से इकट्ठा करके सुबह-शाम रसोई के लिए, ले जाते लकडी को पकड कर पैसे वसूलते हैं।

जबकी अभयारण्य में लाखों रुपये का सागवन लाकूड डिंमक लगके धुल मिट्टी खा रहे हैं । अन्य लोग पैसा देकर चोरी से माल बाहर गाव बेचकर लाखों कमा रहे हैं। रेंगेवाही रोड साईड में पडी हुई लकड़िया सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा कहने पर मरे हुए आदमी को जलाने के लिए दी जाती है।

लेकिन जिंदा आदमी को इस्तेमाल करने के लिए मनाई। बढ़ते गैस के दाम से परेशान, सुबह-शाम पेट की भूख मिटाने घर की रसोई के लिए लकड़िया इकट्ठा करने पर रोक लगाकर पैसा वसूलने के लिए मार्कंडा रेंज के फॉरेस्ट गार्ड अपने पद, प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करके आम जनता की उपेक्षा कर रहे हैं ।

# नारनौल राजकीय महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर हुआ जागरूकता अभियान

सतीश हरियाणा

**हरियाणाः** राजकीय महाविद्यालय नारनौल के यूथ रेडक्रॉस महिला प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान और जिला पुलिस प्रशासन के सानिध्य में और प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर दुर्गा शक्ति इंचार्ज व इंस्पेक्टर मनिषा ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत हैं कि, बेटियां निर्भय होकर महाविद्यालय में अपनी पढ़ाई करें। दूर्गा शक्ति टीमें लगातार जिला महेंद्रगढ़ पर नजर बनाए हुए हैं। साथ ही साथ बेटियों से अपील करते हुए कहा कि वे भी कोई ऐसा गलत काम न करें जिससे अपराधियों के होंसले बुलंद न हो।



उन्होंने विधार्थियों को साइबर क्राइम और उससे बचने के उपाय बताए। आज के युग में दिन प्रतिदिन साइबर अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने विधार्थियों को साइबर अपराध की दुनिया से अवगत कराया। उन्होंने बच्चो और युवाओं को आदी बनाने के लिए वीडियो गेम और मनोवैज्ञानिक तरकीबों के उपयोग की जानकारी दी और इससे बचने के तरीके भी बताए।

उन्होंने परिवार में माताओं और बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित, सतर्क, स्मार्ट रहने और साइबर अपराध के मामलों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी किस प्रकार से नए-नए तरीके प्रयोग कर भोली भाली जनता को अपना शिकार बना रहे हैं।

वर्क फ्रॉम होम, नकली एप्प, फ्राड लिंक, फ्रोड साइट्स, धमाका ऑफर शेयर मार्केट और अनेकानेक मोटे मुनाफे के नाम पर बहुत सारे लोगों के साथ लाखों रुपए की साइबर की वारदातें सामने आ रही है। जिनके प्रलोभन में भोले भाले लोगों को मोटे मुनाफे का लालच देकर अपने चंगुल में फंसा लेते हैं और लालच में आकर वह व्यक्ति अपनी सारी उम्र की मेहनत की पूंजी गवा देता है।

उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा एप्प जिनमें साइबर अलर्ट, साइबर कम्पलेंट, और चक्षु के साथ 112 इंडिया तथा टोल-फ्री नंबर 112 और 1930 के प्रयोग के बारे में पूरी जानकारी दी। एएसआई इंद्रजीत ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों जैसे टास्क पूरा करने के नाम पर, कुछ मिनट में ही लोन देने का लालच देकर, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने, फर्जी ऐप डाउनलोड करवाकर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगवाने के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर ङउ के नाम पर, बैंककर्मी या किसी कंपनी के अधिकारी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर, बड़ी कंपनी या एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने के नाम पर अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर इत्यादि के नाम पर लोगो के साथ साइबर फ्रॉड किया जाता है।

इसके बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को वीडियो क्लिप के माध्यम से भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि, हमें इस तरह के किसी भी झांसे में नही आना है और इस तरह की कोई भी कॉल आती है तो कॉल को डिस्कनेक्ट कर देनी चाहिए। साइबर एक्सपर्ट संजीव ने बताया कि, अगर आपके साथ कोई फ्रॉड होता है तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करे जिला पुलिस-प्रशासन हमेशा आपके साथ है।

इस मौके पर यूथ रेडक्रॉस नोडल अधिकारी डॉ. चंद्र मोहन ने सभी को साइबर सुरक्षा जागरूकता शपथ दिलवाई। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ नोडल अधिकारी डॉ. पलक, महाविद्यालय कुल सचिव डॉ. सत्य पाल सुलोदिया, सिनियर प्रोफेसर डॉ मुकेश कुमारी यादव, डॉ. सतीश सैनी, डॉ. सुनिता शर्मा, डॉ. संजीता, डॉ. धीरज, डॉ. ध्वनित, डॉ कविता, डॉ हिमालिका, डॉ. पारुल डॉ सरिता आदि स्टाफ सदस्यों के साथ सैकड़ों विधार्थियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। अंत में डॉ. पलक ने सभी अतिथियों और स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फिर घूमा बद्दी में अवैध खनन का पहिया, लोग परेशान

विपुल

**शिमलाः** सोलन के पुलिस जिले बद्दी में सक्रिय खनन माफिया के खिलाफ पुलिस-प्रशासन चाहे जितनी कार्रवाई कर ले, लेकिन अवैध खनन का पहिया एक बार फिर से घूम गया है। इसका मुख्य कारण सबसे बड़ा रुपया है। यह बात तब जाहिर हुई जब बद्दी एसपी इलमा अफरोज से बद्दी के गांवों के लोग शुक्रवार को मिलने पहुंचे लोगों ने रो-रो के एसपी को अपनी दास्तान सुनाई, कहा अगर ऐसे ही अवैध खनन चला रहा तो आने वाले टाइम में हमारी इन्सानी नस्ले खत्म हो जाएगी लोगों ने बताया कि, सरकारी भूमि के साथ-साथ हमारी निजी भूमियों पर भी अवैध खनन के लोग रात दिन अटैक के रहे है।

हम लोग सोए रह जाते हैं और सुबह को हमारी जमीन की मिट्टी गायब कर दी जाती है, क्योंकि बद्दी में दिन-रात अवैध खनन के सरगना खनन को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि, बालू के एक टिप्पर की कीमत हजारो मैं है। सूत्रों का दावा है कि रात के अंधेरे में बद्दी के अलग-अलग इलाकों में खनन विभाग की मिलीभगत से खनन का खेल जारी है। लोगों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, पुलिस की कार्यवाही पर हमें शक नहीं है, लेकिन अन्य प्रशासनिक



विभागों की मिलीभगत व लापरवाही से खनन माफिया के हौसले बुलंद है, जिससे दिन रात बीबीएनएन खनन माफियासनकारियों हो रहा जिसका खामियाजा हम लोगों को जेहलना पड़ रहा है

**क्या बोली बद्दी एसपी इल्लम्मा अफरोज**

बद्दी एसपी से जब बात हुई तो एसपी ने कहा, न्याय संगत कार्यवाही की जा रही, पहाड़ों नदियों नालों और लोगों की जमीनो का नुक्सान बद्दी पूलिस नही होने देगी। पहले भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई अवैध खनन के ऊपर की है और अभी भी पुलिस कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज मुझसे मेरे घर पर मिलने आए थे वहीं मैं छुट्टी पर थी फिर भी लोग मेरे से मिले और मैं एसडीपीओ बद्दी और एसएचओ बद्दी को सख्त निर्देश दिए है ताकि जिला बद्दी में अवैध खनन में लगाम लगाई जा सके।

**माइनिंग विभाग के पास पत्रकारों की बातो का नहीं कोई जवाब**

मीडिया द्वारा जब माइनिंग विभाग के अधिकारियों से बात करने के लिए संपर्क करने की कोशिश की तो काफी देर तक नंबर सिग्नल से बाहर या स्विच ऑफ ही मिलते है, जिससे यह प्रतीत होता है कि, खनन विभाग के अधिकारी बद्दी की जमीनों का सीना फटता खुद देख रहे है और आम जनता की आवाज को दरकिनार करके सरकार की कार्यप्रणाली पर भी यही लोग सवाल आम जनता से उठवाते हैं।

# कांशीराम की जयंती पर मायावती ने किया उन्हें याद



फूलचंद मलविया

**उत्तर प्रदेशः** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांशीराम की जयंती पर उन्हें याद करते हुए पार्टी कार्यकताओं को दिया चुनावी संदेश। कांशीराम की जयंती पर मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक 3 पोस्ट किए जिसमें उन्होनें कांशीराम को श्रद्धासुमन अर्पित किए साथ ही चुनाव से पहले अपने कार्यकताओं को बड़ा संदेश भी दिया।

मायावती जी ने कहा कि बामसेफ डी एस 4 व बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर उसके अनवरत संघर्ष के जरिए यूपी में सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके बहुजन समाज हेतु सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक तरक्की का जो मिशनरी लक्ष्य उन्होंने प्रति किया वह ऐतिहासिक एवं अतुलनीय जिसके लिए वे बहुजन नायक बने व अमर हो गए मायावती जी ने आगे लिखा कि उनकी विरासत संघर्ष व कारवां को पूरे तन मन धन के सहयोग से आगे बढने का संकल्प जारी रखते हुए बीएसपी को अब यहाँ हो रहे लोकसभा आम चुनाव में अच्छा रिजल्ट दिलाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा बंशीपुर को नए भवन में किया गया शिफ्ट

प्रभेष मिश्रा

**छत्तीसगढ़ः** राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा बंशीपुर को नए भवन में शिफ्ट कर मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल महाप्रबंधक प्रधान कार्यालय रायपुर विशिष्ट अतिथि नितिन चौधरी क्षेत्रीय प्रबंधक बैकुंठपुर की गरिमामयी में उपस्थिति में रीबन काट शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि, सूरजपुर जिले के नगर पंचायत जरही स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बंशीपुर विगत कई वर्षों से जर्जर भवन में संचालित था जिसको लेकर लगातार तत्कालीन शाखा प्रबंधक के द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को ध्यान आकर्षित कर नई भवन में शाखा को शिफ्ट करने की मांग की जा रही थी, जिसके पश्चात वर्तमान में क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ नितिन चौधरी क्षेत्रीय प्रबंधक बैकुंठपुर के द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर शाखा चलाने में हो रही दिक्कतों एवं ग्राहकों को हो रही परेशानियों के मद्देनजर नए भवन में शिफ्ट करने हेतु उच्च अधिकारी से अप्रूवल लिया था।



इसके बाद आखिरकार बंशीपुर शाखा को नए सिस्टम एवं सुसज्जित फर्नीचर के साथ भवन प्रदान किया गया। जिसके पश्चात उपस्थित अतिथियों की गरिमा में उपस्थिति में रीबन काटकर का नए भवन में बैंक का शुभारंभ किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक 614 शाखाओं के साथ छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बैंक है।

वर्तमान में बैंक सभी आई टी प्रोडक्ट्स जैसे मोबाइल बैंकिंग नेट बैंकिंग एटीएम, यूपीआई की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। वही साथ ही समस्त प्रकार के ऋण भी जैसे हाउस लोन पर्सनल लोन त्वरित कार लोन की सुविधा बैंक में उपलब्ध है,वर्तमान समय के साथ हमारा बैंक सभी ग्राहकों की सेवाओं के लिए तत्पर है। वही विशिष्ट अतिथि श्री चौधरी ने कहा कि पूर्व का शाखा परिसर छोटा होने से ग्राहकों विशेषकर कालरीकर्मियो को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

नए भवन में शाखा शिफ्ट होने से ग्राहक सुविधा में बढ़ोतरी होगी। साथ ही अगले माह तक हमारे बैंक का एटीएम प्रारंभ होने से शाखा में ग्राहकों को आकर लाइन लगाने की भी जरूरत नही होगी। इस शाखा में 500 से अधिक एसईसीएल कर्मियों के साथ- साथ आसपास के व्यवसायी व कृषकों के भी खाते हैं। जिसमे रोजाना कई लाख रुपये का ट्रांजैक्शन भी होता है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक समेत बैंक के स्टाफ एवं सैकड़ो की संख्या में ग्राहक जन उपस्थित थे।

## एक नजर

### हमीरपुर थाना कुरारा पुलिस ने 135 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**भूपेन्द्र सिंह/उत्तर प्रदेशः** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में आज दिनांक 15 मार्च 2024 को थाना कुरारा पुलिस टीम व आवकारी निरीक्षक मय टीम द्वारा अभियुक्त ललित पुत्र शिवचरण सिंह को 135 अदद क्वार्टर देशी शराब नजायज व 01 अदद मोटर साईकिल के साथ शिवनी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसके आधार पर थाना कुरारा पर मु0अ0सं0 076/2024 धारा 60 आवकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### धुलियान में भारत सेवाश्रम संघ में हजार सनातनियों ने एक साथ गीता पाठ किया



**सुभाष शर्मा/पश्चिमबंगालः** मुर्शिदाबाद जिले के धूलियान शहर मे भारत सेवाश्रम संघ की और से धूलियान हिन्दू मिलन मंदिर में आज एक भव्य पूजा का आयोजन किया गया।

हजार सनातनियों ने एक साथ गीता पाठ किया। हिंदू धर्म शास्त्र के अनुसार गीता पाठ करने से तन मन में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। ठीक उसी तरह गीता का पाठ सुनने वालों का भी मन में शान्ति का आभास होता है। भारत सेवाश्रम संघ की प्रमुख कार्तिक महाराज जी भी यहा उपस्थित थे। संघ के सारे कार्यकता। गीता पाठ के बाद एक यज्ञ किया गया। यज्ञ होने के बाद सभी भक्तो को प्रसाद दिया गया। इस तरह के भव्य पूजा से आस पास के वातावरण में शान्ति का उजागर हुआ।

### राजकुमार यादव एडवोकेट बने भारत विकास परिषद शाखा नारनौल के नए अध्यक्ष



**सतीश हरियाणा/हरियाणाः** भारत विकास परिषद शाखा नारनौल की कार्यकारिणी के चुनाव संबंधी बैठक शुक्रवार देर शाम सरस्वती बाल मंदिर नारनौल में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सत्र 2024-25 के लिए नए दायित्वधारियों का चयन हुआ '

भारत विकास परिषद शाखा नारनौल की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए राजकुमार यादव एडवोकेट को नया अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा दिनेश शर्मा को सचिव तथा दीपक वर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सरस्वती बाल मंदिर पुल बाजार में हुई चुनावी बैठक में महेंद्रगढ़ जिले से विश्वनाथ मिश्रा चुनाव पर्यवेक्षक रहे। उनके साथ हरिसिंह यादव एवं रमेश टांक चुनाव करवाने वाली टीम में शामिल रहे। बैठक में सर्वप्रथम शाखा अध्यक्ष डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने अपने कार्यकाल का विवरण एवं लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

# जोधपुर नर्सेज ने स्वर्गीय मोहित पुरोहित के परिवार को साढ़े आठ लाख की दी सहायता

राजेन्द्र हर्श

**राजस्थानः** जोधपुर मथुरादास माथुर अस्पताल जोधपुर में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी यूटीबी मोहित पुरोहित के. आकस्मिक देहांत हो जाने की वजह से जोधपुर की नर्सेज ने साढ़े आठ लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की।

राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि जैसलमेर निवासी एवं मथुरादास माथुर अस्पताल जोधपुर में नर्सिंग अधिकारी यूटीबी के पद पर कार्यरत मोहित पुरोहित के आकस्मिक देहांत हो जाने पर उनके परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा।



कुछ समय पूर्व मोहित पुरोहित के पिताजी का भी देहांत हो चुका था। मोहित के परिवार में उनकी माता, पत्नी एवं एक छोटा बच्चा रह गया, परिवार में कमाने वाला कोई अन्य सदस्य नहीं रहा। इस तरह संकट की इस घड़ी में राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन ने उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की ठानी, और सभी से आर्थिक सहायता प्रदान करने की अपील की गई। जिसके फलस्वरूप कुल आठ लाख, उनसठ हजार, तीन सौ बासठ रुपए इकट्ठे हुए। उक्त धनराशि राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों

द्वारा जैसलमेर जाकर जैसलमेर नगर परिषद के पार्षद श्री कमलेश जी छंगाणी, श्री राधाकृष्ण पुरोहित प्रिसिपल राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग जैसलमेर की उपस्थिति में मोहित पुरोहित के परिजनों को सुपुर्द की गयी। मोहित पुरोहित के परिवारजनों ने राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन हर नर्सिंगकर्मी को अपना परिवार मानता है एवं सुख-दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहता है।

राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन की टीम में विजेन्द्र सिंह मेड़तिया के नेतृत्व में संपत सांखला, नटवर भार्गव, गोपाल व्यास, बसंत रॉयल, सुरेन्द्र सिंह पंवार, मुकेश जैन, रघुराज सिंह, नृसिंह परिहार, माला चौहान, किशन सिंह राजपुरोहित, सीमा जोशी, विनोद गहलोत, विनोद बामणिया, बस्तीराम, सीमा जोशी, लीला भाटी, ललित चौहान आदि शामिल थे।

# दो दशक से जर्जर पड़ी चिकासी हरदुआ संपर्क मार्ग का हुआ भूमि पूजन




भूपेन्द्र सिंह

**उत्तर प्रदेशः** क्षेत्रीय विधायक ने वर्षों से प्रतिक्षित चिकासी हरदुआ मार्ग का भूमि पूजन किया। मार्ग बनने की स्वीकृति मिल जाने पर ग्रामीणों के चेहरे के खिल उठे। दो दशक से चिकासी हरदुआ मार्ग की अति जर्जर हालत होने के कारण इस गाँव सहित संपर्क मार्ग के आसपास बसे गांव के लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना झेलना पड़ता था। जो बारिश के दिनों में और भी खराब हालत में हो जाता था।

क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने इस मार्ग के निर्माण की जिम्मेदारी उठाते हुए शासन से इसके निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कराई। जिसका उन्होंने भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, अमर सिंह बाबा, मंडल अध्यक्ष अरुण राजपूत, भाजपा नगर महामंत्री दीपू मुंशी, इं0विजय राजपूत, अमन राजपूत, जेई भूपेंद्र सिंह पटेल, नगर उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, रामअवतार साहू सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

# रामपुर पंचायत सचिवों पर झूठे आरोप लगाने वालों पर हो कड़ी कार्यवाही

पंचभया आसिफ मोहम्मद

**उत्तर प्रदेशः** रामपुर डीएम को शिकायती पत्र देकर सचिवों के विरुद्ध झूठी शिकायत करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।




समाज सेवी मोइन अख्तर ने बताया की विकास खण्ड बिलासपुर जिला रामपुर में कुछ दलाल प्रवृत्ति के लोग ग्राम पंचायत सचिवों पर दबाव बनाने के लिए उन पर झूठे आरोप लगाकर उनसे अवैध वसूली करने की नीयत से झूठी शिकायत करते रहते हैं, जबकि लगाए गए आरोप अधिकतर जांच में झूठे पाए जाते हैं, जिससे पंचायत सचिवों के साथ सरकार की भी छवि धूमिल होती है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए समाज सेवी मोइन अख्तर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

# खायरा गांव में कानूनी जागरूकता के लिए लगाया गया शिविर

कुलदीप कुमार

**हरियाणाः** गांव खायरा में कानूनी जागरूकता के लिए कानूनी शिविर लगाया गया। उपमंडल के गाँव खायरा में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के दिशा निर्देश और उप मंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष नागर के मार्गदर्शन में आज गाँव खायरा में आम जन मानस को कानूनी जागरूकता के लिए एक कानूनी कैंप का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किया गया।



शिविर में श्रम विभाग से सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा श्रम विभाग राज्य के श्रमिकों को कल्याण के लिए अनेकों योजनायें चलायीं जा रहीं हैं जिनका लाभ श्रमिक उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक इसके लिए भवन एवं कामागार बोर्ड के तहत अपना नाम पंजीकृत कर इन सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि, श्रमिक अपनी शादी के लिए, औजार खरीदने के लिए वितीय सहायता ले सकता है और अपना मकान बनाने के लिए उसे लोन भी दिया जाता है व महिला श्रमिक को सिलाई मशीन दी जाती है। इस अवसर पर अधिवक्ता नवीन जोशी ने कहा कि, मजदूर इनसभी सुविधाओं को तभी प्राप्त कर सकते हैं जब वह बोर्ड के तहत पंजीकृत हो ओर उनके द्वारा 90 दिन में किये गए कार्यो का विवरण उल्लेख किया गया हो, तभी उनकों बोर्ड के द्वारा प्रदत्त सब सुविधाओं का लाभ दिया जाता है। इस अवसर पर गांव के सभी मजदूर और गण मान्य जन उपस्थित रहे।

# बाईक सवार दो लड़कों ने की मारपीट पीड़ित ने सिंभावली थाने में लगाई न्याय की गुहार

**सुमित**

**उत्तर प्रदेशः** सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बक्सर निवासी मोनिश पुत्र खुरशेद अंसारी करीब शाम 8 बजे अपनी बाईक से अपने किसी कार्य से कस्बा सिंभावली जा रहा था रास्ते में एक बाईक से दो लड़के अफ्फान पुत्र इस्त्याक व सोयब पुत्र जुबेर जो गांव वैट के निवासी पीड़ित ने बताया है। साथ ही पीड़ित का कहना है, दोनों उसका पीछा कर रहे थे किसान डिग्री कॉलेज के पास दोनों ने डंडा मारकर बाईक से गिरा दिया और सिर में एक बंदूक नुमा हथियार से चोट मारी और बैल्ट से उसकी पिटाई कर दी और बाईक की चाबी निकाल ली।

पीड़ित का कहना हैं मौके पर पुलिस ने एक लडके सहित बाईक को पकड़ लिया है। पीड़ित मोनिश ने थाना सिंभावली में प्रार्थना



पत्र देकर न्याय की मांग की है। आपको बता दें सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं इसमें पुलिस की लापरवाही साफ नजर आ रही। जानकारी की अनुसार पता चला है पुलिस राजनैतिक दवाब में आकर और अन्य कारणो से आरोपी को छोड़ना पड़ता जिसे लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ रही जो की एक चिंता का सबब बना हुआ हैं, क्योंकि मारपीट की घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी उनपर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

बीते कुछ महीनों में 3 शव बरामद हुए हैं, जिनमें से दो महिला के साथ एक 40 वर्षीय मजदूर शामिल हैं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगातर अपराधिक घटनाएं रोकने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन उसका असर जनपद हापुड़ के थाना सिंभावली में फि का नजर आ रहा है।

# अहरौरा के पट्टी कला में सड़क दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार घायल

**अनुप कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** अहरौरा के पट्टी कला स्थित दुर्गा जी ढलान के पास सोनभद्र की तरफ से आ रहे बाइक सवार जैसे ही थाने के पास बने ब्रेकर के पास पहुंचे कि, अचानक पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया, जिसमें बाइक सवार पिंटू पुत्र हीरालाल उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी थाना गड़वा जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश जिसको गंभीर चोट आई अहरौरा पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र ले आई जहां उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरा व्यक्ति हीरामन पुत्र कटवारू उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी थाना गढ़वा जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश जिसका उपचार स्थानीय सामुदायिक




स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है, जिनकी स्थिति संतोषजनक है।

वही दूसरा बाइक सवार संदीप चौहान पुत्र दुख्खू चौहान उम्र लगभग 18 वर्ष अपने बाइक से उल्टे रास्ते सोनभद्र की तरफ जा रहा था कि जैसे ही अंकुर ढाबा के समीप पहुंचा था कि अचानक सामने से आ रही गाड़ी की तेज रोशनी पड़ने के कारण बाइक सवार रोड के किनारे गड्ढे में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने 112 नंबर पर सूचना दी मौके पर पहुंची पीआरवी ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया।

# हमीरपुर में 20 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



**राधा कृष्णा**

**उत्तर प्रदेशः** हमीरपुर में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। मृतक का 24 दिन पहले ही हुआ था विवाह। विवाह के 15 दिन पहले पत्नी मायके गई थी। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना रात कस्बे के दीवानपुरा इलाके की है। गौरीशंकर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था, जोकि अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। अचानक हुई इस घटना से युवक के परिवार में मातम छाया हुआ है। पत्नी रजनी मां तजिया भाई खेमचंद वह नंदकिशोर सहित अन्य परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है।

# श्रमिक सुविधा केंद्र कुशीनगर ने चलाया जागरूकता अभियान

**श्रवण कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** जनपद कुशीनगर, नोटिफाइड 74 कार्यों के लिए अकुशल श्रमिक के लिए प्रतिदिन मजदूरी रुपया 395/ अर्ध कुशल को 435/ तो कुशल श्रमिक को 487/ तय किया गया है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जागरूकता और वास्तविक अधिकारों तक पहुंच के लिए एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा संचालित श्रमिक सुविधा केंद्र के तत्वावधान में जिले के तीन ब्लाक पडरौना, दुदही और विशुनपुरा के 9 गांवों में महिला श्रमिकों के न्यूनतम और समान मजदूरी तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत चाफ व शाहपुर खलवां पट्टी एवं सखवनिया बुजुर्ग,




सखवनिय खुर्द, जंगल पिपरासी, जंगल अकबरपुर, मंझरिया, पटेरा बुजुर्ग, पृथ्वीपुर आदि गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें महिला श्रमिकों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 74 कार्यों के लिए न्यूनत्तम मजदूरी सर्कुलर और समान कार्य के समान मजदूरी तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा की व्यवस्था और माहौल निर्माण की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर एचआरडी सकीना खातून, राजू प्रसाद, सामुदायिक कार्यकर्ता रामबहाल सिंह, दिनेश प्रसाद, मुन्ना पासवान, सुशीला देवी श्रमिक चिन्ता देवी, चन्दा देवी, ममता, देवी, राधिका देवी,तेतरी देवी,चानमती देवी, संध्या देवी, रेशमी देवी, कविता देवी, आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वाराणसी स्कूटी सवार युवती अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

**अनुप कुमार/उत्तर प्रदेशः** वाराणसी स्थानीय थाना क्षेत्र के शक्ति नगर मार्ग पर स्कूटी सवार अधवार से चकिया को जा रही थी कि, चितविश्राव त्रिमुहानी पर अनियंत्रित होकर जा टकराई डिवाइडर से आई चोटे। प्राप्त जानकारी अनुसार वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर चितविश्रराव के पास स्कूटी सवार दो युवती अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे दोनों युवती घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई स्वांजली पुत्री सियाराम उम्र 16 वर्ष निवासी नई बस्ती चकिया,आराध्या पुत्रि चेतन उम्र 18 वर्ष प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने घायल युवती के परिजनो से बात कर घर को भेज दिया।

### आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज के बिलों का भुगतान नहीं होने पर भड़के निजी चिकित्सक




**सतीश/हरियाणाः** राज्य में आयुष्मान कार्ड के पैनल से संबंधित सभी प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने आईएमए नारनौल के बैनर तले शुक्रवार को जिला उपायुक्त के नाम सीटीएम को एवं दूसरा ज्ञापन जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश चंद्र आर्य को ज्ञापन सौंपा।

हॉस्पिटल में मरीजों को निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी अस्पतालों में बिलों में भारी कटौती, देरी से भुगतान, नई योजनाओं का कार्यान्वयन न होना, डॉक्टर्स से परामर्श किए बिना चिरायु और चिरायु विस्तार को शामिल करना जैसी अनेक समस्याएं आ रही हैं। आज पूरे हरियाणा में करीब 300 करोड़ से अधिक राशि के बिल आयुष्मान के तहत सरकार के पास पैंडिंग हैं। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में 26 हॉस्पिटल आयुष्मान भारत पैनल से जुड़े हैं, जिनके करीब 10 करोड़ रुपए के बिल अब तक बकाया चल रहे हैं।

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट



**अनुप कुमार/उत्तर प्रदेशः** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस महकमा अलर्ट मोड में नजर आ रही है। पैरामिलिट्री फोर्स और स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार जिले के विभिन्न इलाकों में रूट मार्च किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्थानीय थाना क्षेत्र अहरौरा के चौकी क्षेत्र इमलिया चट्टी में खुटहां, पटीहटा, भुड़कुडा व क्रिटकल मतदान केन्द्र से सोनपुर, चुनार चौराहे से चित्र विश्राम, कुदारन, जिगना, मोहिउद्दीनपुर, चाकियां तिराहा, जुड़ई से नगर चौकी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से होते हुए दुर्गा मंदिर, मानिकपुर, महुली एवं विभिन्न क्षेत्रों का पैरामिलिट्री के जवानों ने भ्रमण किया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपस्थित रहने वालों में पैरा मिलिट्री फोर्स के कमांडर हरेंद्र पवार व उनके 35 जवानों के साथ ही क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, अतिरिक्त निरीक्षक अरविंद कुमार चौहान, इमलिया चट्टी चौकी इंचार्ज दिलीप गुप्ता, नगर चौकी इंचार्ज मनोज राय, एसआई विपिन राय के साथ ही थाना एवं पीएसी के जवान मौजूद रहे।

### शराबियों पर टूटा कानपुर पुलिस के ऑपरेशन कारोबार का कहर



**फैज अहमद/उत्तर प्रदेशः** कानपुर थाना फजलगंज ऑपरेशन कारोबार का कहर टूटा गुमटी न. 5 के पियक्कड़ों पर उन्हें खुले में शराब पीना भारी पड़ा। पियक्कड़ों ने कान पकड़ कर माफी माँगी। मगर धारा 34 पुलिस एक्ट की कार्यवाही से नहीं बच पाये। फजलगंज थाना प्रभारी सुनील सिंह ने मय फोर्स के धावा बोला और 16 लोगों के खिलाफ खुले में नशा करने के आरोप में धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। गुमटी न.-5, बैंक ऑफ बड़ौदा, कालपी रोड शनि देव मन्दिर वाइन शॉप के अगल-बगल व गली-सड़क पर पियक्कड़ों का जमवाड़ा रोज लगा रहता था। अब खुले में पीने वाले नजर नही आयेंगे। बेखौफ पियक्कड़ अब दहशत में हैं। थाना प्रभारी सुनील सिंह के साथ ई-स्टेट उप निरक्षक लोकेंद्र सिंह और चौकी प्रभारी दीपक तिवारी ने ऑपरेशन कारोबार की कमान संभाली है।

# गरीबों की मदद करना तथा गरीबों को न्याय दिलाना मेरी प्रथम प्राथमिकता है - ओपी रावत नगर निरीक्षक पोरसा

**अजय सिंह तोमर**

**मध्य प्रदेशः** पोरसा गरीबों को न्याय मिले गरीब को न्याय दिलाना गरीबों पर कोई जुल्म ना करें इसके लिए मैंने पुलिस विभाग की सर्विस 2 अप्रैल 2012 को ज्वाइन की थी, तब से अब तक मैं कई थानों में रहा, मगर मुझे पोरसा जैसा थाना कहीं नहीं मिला यहां का आदमी बेहद वफादार है, जो कहता है वही करता है विशेष बात यह है कि, हर जगह राजनेता अपराधियों की सिफारिश करते हैं, मगर पोरसा की थाना क्षेत्र अंतर्गत कोई भी अपराधियों की सिफारिश नहीं करता यह एक बहुत अच्छा इलाका है।

पोरसा नगर निरीक्षक ओपी रावत का स्थानांतरण पोरसा से नूराबाद हो जाने पर आज द्वारकाधीश टीम के द्वारा करणी



होटल पोरसा में विदाई समारोह व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ओपी रावत के पोरसा के 8 माह के कार्यकाल को याद किया गया तथा ओ पी रावत का सम्मान किया गया।

स्मृति चिन्ह भेट किए गए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेश सिंह तोमर, अशोक सिंह तोमर, अबदेशसिंह, आनंद सिंह, लालजीत सिंह, अनिल सिंह, हरिंद्र सिंह, मोनू राजाबत, बंटी शर्मा, बंटी भदोरिया, भूरे सिंह सरपंच अरविंद सिंह थकेदार, विशाल गुप्ता, दीपक शर्मा, प्रवीण शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। द्वारकाधीश की पूरी टीम भी मौजूद थी।

# कालावाली निवासियों ने पार्किंग और पार्कों का किया निर्माण

**इंद्रजीत**

**हरियाणाः** कालावाली में आज हुडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के निवासियों ने पार्किंग और पार्कों का निर्माण किया। प्रधान नरेश माहेश्वरी पत्रकार के नेतृत्व में हुडा शॉपिंग सेंटर 3 के दुकानदारों और हुडा आर 1 के स्ट्रीट लाइटों और तिरंगा लाइटों का सुधार किया। हुडा ग्रीन बेल्ट 1 महाराणा प्रताप पार्क आर 1 में स्ट्रीट लाइटों, फुटपाथ, दीवार पलस्तर, झूले बेंच और जिम लगाने, लाईट, रंग रोगन करने की मांग की।



इस पर पालिका सचिव गिरधारी लाल ने शीघ्र ही उचित कार्यवाही शुरू करने का भरोसा दिलाया और स्ट्रीट लाइटों के ठेकेदारों को तुरंत लाइटों को ठीक करने के निर्देश दिया। इस पर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने इनका आभार जताया।

इस शिष्टमंडल में इंदरजीत, हिमांशु बंसल, डॉक्टर रमन,सहित कई लोग शामिल थे, फोटो, हुडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन प्रधान नरेश माहेश्वरी और सदस्य ज्ञापन पालिका सचिव को दिया।

# रामदेव नगर में चोरो ने खाली घर को बनाया अपना निशाना, की लाखों की चोरी

**अक्षय कुमार प्रजापति/राजस्थानः** रामगंज मंडी की सातलखेड़ी कस्बे के रामदेव नगर में बीती रात एक सुनसान मकान को चोरों ने निशाना बना दिया। दरअसल, घटना के समय परिवार शादी में गया हुआ था। शुक्रवार को परिवार घर



पहुंचा तो बिखरे सामान और ताला टुटा दिखने पर चोरी का पता चला। चोरों ने कमरे की अलमारी से 12 हजार रुपए की नगदी और करीब दो सोने के नाक के कांटे,1 तोले सोने का मंगलसूत्र, सोने के छः मोती और चांदी की बिछिया, पायल आदि जैवर को करीब 40 हजार रुपए कीमत के सोना चांदी की जेवर चुरा लिए। पीड़ित परिवार की सूचना पर सातालखेड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद परिवार से चोरी के सामानों की जानकारी का मुआयना किया गया, जिसके बाद चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस तलाश मे जुट गई है।

# इंदरगढ़ में लोडिंग वाहन में भरकर ले जा रहे गोवंश को गोवंशको ने पकड़ा

**श्याम सिंह राधा/मध्य प्रदेशः** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में गोवंश की तस्करी का मामला सामने आया है, गोवंशको ने तस्करों पकडकर थाना भेज



दिया और आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज करवा दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।


कामद रोड निवासी अनुज पुत्र कल्याण तिवारी ने पुलिस को बताया कि, पिपरी सरकार के पास एक टाटा मैजिक गाड़ी गुजरी जिसमें चार गोवंश को बंद कर रखा था। उन्होंने बाइक से गाड़ी का पीछा किया और पेट्रोल पंप के पास जाकर उनकी गाड़ी को रोक लिया उन्होंने ड्राइवर का नाम पूछा तो उसने अपना नाम रणवीर सिंह परिहार निवासी धर्मपुरा बताया।

# भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान की हुई बैठक

**राधा कृष्णा**

**उत्तर प्रदेशः** राठ कस्बे के मां गौरी रिसोर्ट में भारतीय जनता पार्टी लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक हुई, जिसमें कार्यकताओं को लाभार्थियों से संपर्क बनाए रखने व जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी प्रमोद वर्मा रहे। उन्होंने कहा जनता से चुनाव के बाद भी संपर्क बनाए रखें। लोगों की समस्याएं सुनें व उनका हर संभव निराकरण कराने का प्रयास करें। कहा सभी लाभार्थियों से घर घर जाकर संपर्क



करें व उनकी समस्याएं जानें। राठ मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कहा सभी कार्यकर्ता अपने मोबाइल फोन में सरल एप डाउनलोड करें।

लाभार्थियों से संपर्क के समय उनका डाटा अपडेट करते जाएं। उन्होंने कहा कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहने पाए। संचालन धर्मेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष सुधा बुधौलिया, श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील नगायच, शिवरतन विश्वकर्मा, अभय त्रिपाठी, जयशंकर त्रिपाठी, भोले सोनी, संदीप राजपूत, बबली सिंह, संगीता गुप्ता, मनीष गौतम, ममता रवि गुप्ता आदि रहीं।

# हमीरपुर पुलिस ने मादक पदार्थ की आज एक बड़ी खेप पकड़ी

**राधा कृष्णा**

**उत्तर प्रदेशः** हमीरपुर पुलिस ने मादक पदार्थ की आज एक बड़ी खेप पकड़ी है जिसे एक ट्यूबेल में छिपा कर रखा गया था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह खेप छत्तीसगढ़ से लाकर यहां रखी गई थी, जिसे हमीरपुर जिले सहित आसपास के जिलों में सप्लाई किया जाना था। फिलहाल पुलिस पकडे गए लाखों रुपए के इस मादक पदार्थ को कोतवाली ले गई है, और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हमीरपुर पुलिस को सूचना दी



की मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सरका गांव में एक ट्यूबवेल में बड़ी तादात में गांजे की खेप लाकर रखी गई है। इस सूचना पर सहयोग मौदहा कोतवाली पुलिस सहित एसओजी टीम ने घेराबंदी करते हुए छापेमारी की। यहां पन्नालाल मिश्रा के ट्यूबवेल में बड़ी तादाद में गांजा बरामद हुआ फिलहाल पुलिस बरामद किए गए गंजे को कोतवाली ले गई है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्थानी लोगों ने बताया कि, इस ट्यूबवेल में काफी समय से मादक पदार्थ की सप्लाई की जा रही है। जिसे विकास मिश्रा और विक्की अंजाम दे रहा है लोगों ने यह भी बताया कि, विकास मिश्रा इसी काम को करते हुए पहले भी तीन बार पकड़ा जा चुका है।

## संपादकीय

# राजनीति में चंदा बन गया है धंधा

मीर तकी मीर का एक शेर है : पत्ता पत्ता बूटा बूटा हाल हमारा जाने है, जाने ना जाने गुल ही ना जाने बाग तो सारा जाने है। चुनावी बांड के माध्यम से लिए गए चंदे की भी ऐसी ही कुछ कहानी थी। किसने किसको कितना चंदा दिया, स्टेट बैंक जानता था, सरकार जानती था, चुनाव आयोग जानता था। अगर नहीं जानता था तो सिर्फ मतदाता जो प्रजातांत्रिक व्यवस्था की धुरी है। बहरहाल अब उच्चतम न्यायालय के फैसले से संभव हो गया है कि मतदाता भी जान जाए कि वह जिस पार्टी को वोट दे रहा है उसके पास दौलत की ताकत किस-किस धन्ना सेठ या कंपनी के पास से आई है और कहीं ऐसा तो नहीं कि यह चंदा नहीं बल्कि धंधा हो जिसे देकर सरकारी नीतियों में मनचाहे परिवर्तन से लाभ उठाया गया हो?

एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और सीपीएम द्वारा दायर याचिकाओं में करीब 5 साल चली सुनवाई के बाद उच्चतम न्यायालय ने अंततः चुनावी बांड को असंवैधानिक करार दे दिया और 15 फरवरी को निर्देश दिए कि स्टेट बैंक चुनावी बांड की सारी जानकारी मसलन किसने कितना चंदा दिया और किसे कितना मिला 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देगा जो आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। सनसनी तब फैली जब स्टेट बैंक ने 6 मार्च से ठीक दो दिन पहले 30 जून तक की मोहलत मांगी कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय समय सीमा पूरी प्रक्रिया के लिए पर्याप्त नहीं है। अपनी पूरी व्यवस्था और लेन देन डिजिटल करने का ढोल पीटने और प्रतिदिन अरबों रुपयों के लेन-देन का हिसाब रखने वाले बैंक की लगभग पांच सालों में जारी मात्र 22217 चुनावी बांडों के बारे में दी गई यह दलील पर सवाल उठे और कयास लगाए गए कि यह सारा तिया-पांचा जानकारी को यथासंभव लोकसभा चुनाव तक बाहर न आने देने के लिए किया गया है। बहरहाल कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई में ऐसा कड़ा रुख अख्तियार किया कि स्टेट बैंक के नुमाइंदे बगलें झांकते नजर आए। नतीजतन तीन महीने का वक्त मांग रहे बैंक ने 24 घंटों में ही सारी जानकारी चुनाव आयोग को उपलब्ध करा दी। चुनावी फंडिंग में काले धन को रोकने के उद्देश्य से वर्ष 2018 के बजट में लाए गए यह बांड शुरूआत से विवादों में रहे। इन्हें नया कानून बना कर लाने के बजाय बजट के माध्यम से लाने का कारण यह माना गया कि सरकार नहीं चाहती थी कि इन पर राज्यसभा में कोई बहस हो। पारदर्शिता के बजाय गोपनीयता पर इस हद तक जोर रखा गया कि किसी भी हालत में किसने किसको कितना चंदा दिया जैसे तथ्य बाहर न आ सकें।

# दो रुपए की छूट और अरबों की लूट.....

> पिछले 77 साल में जो भी सत्ता में आया उसने लोक कल्याण के साथ जितना बना देश और देश की जनता को लूटा। किसी ने कम लूटा तो किसी ने ज्यादा लूटा। किसी ने लूटने में उदारता दिखाई तो किसी ने लूटने में पूरी निर्ममता का प्रदर्शन किया। केंद्रीय चुनाव आयोग की वेब साइट पर दशार्ये गए आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि आजादी के बाद कोई सबसे बड़ी लूट मौजूदा सत्ता ने की है।

-राकेश अचल-

आज भारत सरकार को धन्यवाद देने के साथ ही उसकी निंदा करने का भी दिन है। धन्यवाद इसलिए की उसने पूरे पांच साल लूटने के बाद जनता को डीजल और पेट्रोल के दामों में दो रुपए लीटर की छूट देने का ऐलान किया है और निंदा इसलिए की सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये पांच साल में 60 अरब का चन्दा ईडी की नोंक पर वसूल लिया। ये दोनों ही बातें चूंकि तथ्यात्मक हैं इसलिए इन्हें लेकर आप खुद फैसला कर सकते हैं कि आपको आने वाले दिनों में लुटेरी सरकार चाहिए या उसका कोई विकल्प।

इसमें कोई दो राय नहीं की हमारी सियासत का ढांचा लोकतान्त्रिक है लेकिन इसमें लूर-खसोट की पूरी गुंजाइश है। पिछले 77 साल में जो भी सत्ता में आया उसने लोक कल्याण के साथ जितना बना देश और देश की जनता को लूटा। किसी ने कम लूटा तो किसी ने ज्यादा लूटा। किसी ने लूटने में उदारता दिखाई तो किसी ने लूटने में पूरी निर्ममता का प्रदर्शन किया। केंद्रीय चुनाव आयोग की वेब साइट पर दशार्ये गए आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि आजादी के बाद कोई सबसे बड़ी लूट मौजूदा सत्ता ने की है। भाजपा की और मोदी की गारंटी वाली सरकार ने पांच साल में इलेक्टोरल बांड के जरिये दस-बीस लाख नहीं बल्कि पूरे 60 अरब रुपए देश के उद्योगपतियों से वसूल किये और वो भी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की नोंक पर।

आप कहेंगे कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) कोई चाकू या तलवार तो नहीं है जो उसकी नोंक होती हो, लेकिन हकीकत ये है कि इस संस्था की नोक इतनी पेनी है कि जिस की भी गर्दन पर रखी गयी उसने मन से या बेमन से इलेक्टोरल बांड खरीदकर भाजपा के खाते में डाल दिए। लूट का ये नायाब तरीका कांग्रेस छह दशक तक देश पर राज करने वाली



कांग्रेस भी नहीं खोज पायी थी। केंचुआ की वेब साइट पर आयी 762 पृष्ठों की जानकारी का सार ये है कि भाजपा ने पांच साल में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने 16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। राजनीतिक दलों के लिए सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज है। इस कंपनी ने कुल1368 बॉन्ड खरीदे, जिसकी कीमत 13.6 अरब रुपये से अधिक रही।

लुटेरों की सरताज भाजपा अब यदि रसोई गैस पर 100 रुपए की और पेट्रोल -डीजल पर आपको दो रुपए लीटर की छूट दे रही है तो ये कोई अहसान नहीं बल्कि आने वाले आम चुनावों में आपके अनमोल वोट की सबसे सस्ती कीमत है। अब यदि देश की भोली जनता इस हकीकत को नहीं समझती तो उसका मालिक भगवान ही हो सकता है, कोई राजनीतिक दल नहीं। राजनितिक दल तो चोर-चोर मौसेरे भाई हैं, कोई छोटा लुटेरा तो कोई बड़ा लुटेरा। लूटना सभी के डीएनए में शामिल है। देश की जनता का दुर्भाग्य है कि उसे इन्हीं लुटेरों के गिरोहों में से अपने लिए चौकीदार, सेवक, संरक्षक और भाग्य विधाता चुनना है।

मेरा या किसी दूसरे लेखक/पत्रकार का अनुभव मुमकिन है कि कम हो किन्तु रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के अनुभव से ही हमें सबक लेना चाहिये। खासतौर पर सत्ता के चुनाव के समय के आचरण को देखकर। चुनाव के मौसम में आखिर जनता के ऊपर उपहारों/ रियायतों की बरसात क्यों हो रही है? सरकार इतनी विनयवत क्यों है? क्यों झुक रही है? इस संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदास इशारों में कहते हैं कि -

नवन नीच की अति दुखदाई
जिमि धनु, अंकुश, उरग, बिलाई

मतलब साफ है। वे उदाहरण सहित समझा गए हैं कि जैसे धनुष, अंकुश, सांप और बिल्ली झुकती है तो दुःख ही देती है अर्थात जिसके स्वभाव में नीचता है वो जब भी झुकेगा आपके ऊपर घात करेगा, इसलिये ऐसे सभी तत्वों से सावधान रहना चाहिये। हमारी सत्ता में धनुष, अंकुश, सर्प और बिल्ली किसी न किसी रूप में विद्यमान है। आज यदि सत्ता रहमदिली दिखा रही है तो समझ लीजिये कि आने वाले दिनों में यही सत्ता आपके ऊपर कहर ढाने वाली है। कहर का रूप कुछ भी हो सकता है। इसे पहचानना आसान नहीं है। ये कभी धाराओं के रूप में होगा तो कभी अध्यादेशों के रूप में। कभी एक देश, एक विधान, एक निशान, एक भाषा, एक वेश के रूप में होगा तो कभी किसी दूसरे रूप में। फिलहाल तो चुनाव इस विनय की वजह हैं।

आप कल्पना कीजिये कि जिस सरकार ने पांच साल में अकेले इलेक्टोरल बांड से 60 अरब कमा लिए वो सरकार महंगाई के जरिये आपको भी लगातार लूटती रही और अब जब आम चुनाव सिर पर हैं तो आपको पेट्रोल-डीजल पर दो रुपए लीटर की छोट देकर या रसोई गैस सिलेंडर पार सौ रुपए की छूट देकर बरगलाना चाह रही है। सत्तारूढ़ दल ने चुनावी चंदे से जुटाई गयी रकम के जरिये देश भर में अपनी पार्टी के लिए 450 आधुनिक कार्यालय बना लिए, लेकिन भवन विहीन स्कूलों कि फिक्र नहीं की। अस्पताल बनाने को प्राथमिकता नहीं दी। बहरहाल आम चुनाव के जरिये कानून हमें और आपको एक अवसर देता है कि हम इस लूट-खसोट करने वाली संस्था से अपना हिसाब बराबर करें या इस लूट-खसोट को लगातार जारी रखें !

इलेक्टोरल बांड के जरिये की गयी लूट के जरिये धन वसूली के मामले में तीसरे नंबर पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति है जिसने 14 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इसके बाद भारत राष्ट्र समिति ने 12 अरब रुपये और बीजू जनता दल ने 7 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को बनाया है। इस मामले में पाँचवें और छठे नंबर पर दक्षिण भारत की पार्टियां डीएमके और वाईएसआर कांग्रेस (युवासेना) रहीं। इन पार्टियों के बाद तेलुगु देशम पार्टी, शिवसेना, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, जनता दल (सेक्युलर), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, जनसेना पार्टी, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइडेट), झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिरोमणि अकाली दल, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम, शिवसेना, महाराष्ट्रवादी गोमन्तक पार्टी, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का नाम शामिल है।

ये आंकड़े मैंने आपको इसलिए बताये ताकि आपको फैसला करने में मदद मिले।

# इस समय भला क्यों सीएए?

-अजीत द्विवेदी-

केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए लागू करने के लिए चार साल से ज्यादा समय तक इंतजार किया। इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता है कि सत्तारूढ़ भाजपा को इसके असर का अंदाजा नहीं है। साढ़े चार साल के बाद अगर किसी कानून को अमल में लाया जा रहा है तो निश्चित रूप से उसके हर पहलू पर विचार किया गया होगा। सरकार के स्तर पर इसे लागू करने की प्रशासनिक व कानूनी चुनौतियों पर विचार किया गया होगा तो भाजपा के स्तर पर राजनीतिक चुनौतियों का आकलन किया गया होगा। जब तक भाजपा को इस पर अमल करने से फायदे की बजाय नुकसान ज्यादा दिखता रहा तब तक इसे रोका गया। अब इसे लागू किया जा रहा है तो इसका मतलब है कि भाजपा को नुकसान कम और फायदा ज्यादा दिख रहा है। यह भी कह सकते हैं कि इसे लागू करने के लिए हालात अभी अनुकूल दिख रहे हैं। लेकिन क्या अनुकूल हालात में लागू करने से इस कानून की चुनौतियां कम हो जाएंगी?चूंकि यह कानून लोकसभा चुनाव से ऐन पहले लागू हो रहा है इसलिए सबसे पहले इसके राजनीतिक पहलुओं पर ही विचार की जरुरत है। ध्यान रहे भाजपा की केंद्र सरकार ने दिसंबर 2019 में नागरिकता कानून में संशोधन किया था। अगर विशुद्ध राजनीतिक नजरिए से देखें तो इस पर अमल रोकने का कारण 2021 के मई में होने वाले विधानसभा चुनाव थे। मई 2021 में एक ही साथ असम और पश्चिम बंगाल दोनों के चुनाव होने वाले थे। अगर पश्चिम बंगाल का चुनाव अलग हो रहा होता तो सरकार इसे लागू कर सकती थी। लेकिन सरकार और भाजपा दोनों को अंदाजा था कि असम के चुनाव में इसका नुकसान हो सकता है।

असम में इस कानून के खिलाफ ही लुरिनजोत गोगोई और अन्य लोगों ने मिल कर असम जातीय परिषद का गठन किया था और इसके खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। अस्सी के दशक में हुए असम समझौते को लेकर बेहद संवेदनशील कई जातीय समूहों ने इसका विरोध किया। उनकी चिंता है कि इस कानून के जरिए बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को भारत की नागरिकता मिल जाएगी और उसका असर असम की संस्कृति और भाषा दोनों पर होगा। उनको यह भी डर है कि असमी लोग अपने ही राज्य में अल्पसंख्यक हो जाएंगे और बांग्लाभाषियों की बहुलता हो जाएगी। उनकी यह आशंका सही है या नहीं यह बाद की बात है लेकिन इसका राजनीतिक नुकसान संभव था। तभी भाजपा की सरकार ने 2021 में जोखिम नहीं लिया था। लेकिन अब यह जोखिम लिया जा रहा है तो उसका कारण यह है कि भाजपा को इस बार असम में नुकसान से ज्यादा पश्चिम बंगाल में फायदा दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से आए मतुआ समुदाय के हिंदू प्रवासियों की आबादी करीब दो करोड़ है और राज्य की 10 लोकसभा सीटों पर बहुत स्पष्ट प्रभाव है। पिछले विधानसभा चुनाव में इनके असर वाले इलाकों में भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं, जहां उससे पहले भाजपा को सिर्फ तीन सीट मिली थी। इस बार मतुआ आबादी वाले इलाके में भाजपा को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। असम में इसका विरोध होगा लेकिन वहां भी करीब 20 लाख ऐसे हिंदू प्रवासी हैं, जिनको इस कानून का लाभ मिलेगा। ध्यान रहे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी में भी असम में 19 लाख लोगों के नाम नहीं शामिल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर हिंदू हैं। उनको इस कानून के जरिए नागरिकता मिलेगी। सो, भाजपा को उम्मीद है कि असम में भी नफा-नुकसान का संतुलन बन जाएगा। अगर कानूनी चुनौतियों की बात करें तो दिसंबर 2019 में कानून बनने के कुछ दिन बाद से ही यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। बाद में कांग्रेस के जयराम रमेश, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, एमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि के साथ साथ असम गण परिषद और अन्य लोगों ने भी इस मामले में याचिका दायर की। अक्टूबर 2022 में तब के चीफ जस्टिस यूयू ललित ने इस पर दिसंबर 2022 से सुनवाई का फैसला किया था। लेकिन उनके रिटायर होने के बाद से यह मामला लंबित है। इन याचिकाओं में दो मसले अहम हैं। पहला मसला संविधान के अनुच्छेद 14 में दिए गए समानता के सिद्धांत का है और दूसरा मसला असम और केंद्र सरकार के बीच 1985 में हुए असम समझौते का है। संविधान के अनुच्छेद 14 के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के साथ धर्म, जाति, नस्ल, रंग या लिंग के आधार पर किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जा सकता है। इसके जरिए कानून के समक्ष सबकी समानता सुनिश्चित की गई है। लेकिन नागरिकता संशोधन कानून धर्म को भेदभाव का आधार बनाता है। इसमें कहा गया है कि भारत के तीन पड़ोसी देशों- पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से प्रताड़ित होकर आने वाले गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। यानी मुस्लिम को छोड़ कर हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और यहां तक कि इसाइयों को भी भारत की नागरिकता मिलेगी। सो, पहली नजर में यह धर्म के आधार पर भेदभाव दिखाई देता है। हालांकि सरकार का कहना है कि जिन तीन देशों का जिक्र किया गया है वो तीनों इस्लामिक देश हैं इसलिए मुस्लिम के वहां प्रताड़ित होने और पलायन करने की बात नहीं मानी जा सकती है। इस आधार पर याचिकाकताओं ने यह भी कहा है कि सीएए और एनआरसी दोनों को मिला कर देखें तो असम में मुस्लिमों के साथ भेदभाव हो सकता है और उनको टारगेट किया जा सकता है। इसमें यह सवाल भी उठाया गया है कि अगर मुस्लिमों को टारगेट करना इसका लक्ष्य नहीं है तो फिर श्रीलंका से प्रताड़ित होकर आने वाले तमिलों का इसमें जिक्र क्यों नहीं है?दूसरा मसला असम समझौते का है, जो 1985 में केंद्र और असम सरकार के बीच हुआ था।

## डर कर काम करता है सरकारी तंत्र

-योगेंद्र योगी-

सरकारी मशीनरी डंडे के जोर से काम करती है। इसका उदाहरण चुनावी बांड के खुलासे से हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इस मामले को टरकाने के प्रयास किए, किन्तु सुप्रीम कोर्ट के सामने दाल नहीं गल सकी। बांड के जरिए चुनावी चंदा देने वाले उद्योगपतियों के नाम और राशि छिपाने के एसबीआई के सारे प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेर दिया। एसबीआई की मंशा थी कि इस चंदे के मामले का खुलासा जून महीने के बाद किया जाए ताकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस मामले को आने वाली केंद्र सरकार संभाल सके। एसबीआई ने इस बांड खुलासे की अवधि को लंबा खींचने के लिए कई तरह के बहाने बनाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में साफ कह दिया कि यदि निर्धारित तारीख तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई और चंदे का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबाआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के सामने एसबीआई ने घुटने टेक दिए। जिस विवरण को जुटाने के लिए जून माह तक समय मांगा जा रहा था, उसे एसबीआई ने चंद दिनों में ही पूरा कर दिखाया। इससे जाहिर है कि कार्रवाई के भय से सरकारी तंत्र तूफान की गति से काम कर सकता है। सरकारी मशीनरी में लगी जंग तभी हटती है, सुप्रीम कोर्ट जैसे आदेशों की पालना करनी होती है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब किसी सरकारी विभाग ने कोर्ट के भय के मारे घोड़े की गति से काम किया है।

कोयला घोटाले की स्टेटस रिपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो इसका दूसरा बड़ा उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कानून मंत्री और पीएमओ की दखलअंदाजी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा था कि सीबीआई के कई मास्टर हैं और जांच एजेंसी पिंजड़े में कैद तोते जैसी है। सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सीबीआई स्वतंत्र ही नहीं है तो वो निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है जबकि सीबीआई एक स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्तता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए। एसबीआई ने भी सीबीआई की तरह व्यवहार किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखाने पर विवश होना पड़ा। एसबीआई फिर भी होशियारी दिखा रही है। अदालत ने बैंक से पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया। बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया।

अदालत ने एसबीआई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है। अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है। अदालत ने कहा कि बॉन्ड खरीदने और भुनाने की तारीख बतानी चाहिए थी। दरअसल यूनिक आईडी हर एक बॉन्ड का यूनिक नंबर होता है। इसके जरिए आसानी से यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को चंदा दिया है। चंदा देने वाले और चंदा पाने वालों की सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस दानदाता ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम शुरू से ही विवादों में घिरी रही है। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16518 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे और इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था। इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कॉमन कॉज और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर के संस्थापक और ट्रस्टी प्रोफेसर जगदीप छोकर ने कहा कि यह फैसला काबिले-तारीफ है।

# चुनावों का शंखनाद और आत्मा का आर्त्तनाद.....

-राकेश अचल-

शीर्षक पढ़कर चौंकिए मत। आज देश में नए आम चुनावों के लिए शंखनाद होने से पहले ही देश के सबसे ज्यादा आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी का आत्मीय आर्त्तनाद भी इस देश के लोगों ने सुना। देश के सामने हालाँकि उन्हें अपनी कथित उपलब्धियों के आधार पर सिंघनाद करना चाहिए था लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाये। वे मेघनाद जरूर करते आये है। वे जब-जब गरजे तब-तब देश ने एक नयी मुसीबत का सामना किया। लेकिन ये अतीत की बात है।

देश में आम चुनाव करने के लिए जिम्मेदार केंद्रीय चुनाव आयोग को पहले ही केंचुआ बना चुकी हमारी जाती हुई सरकार ने चुनावों की घोषणा के ठीक एक दिन पहले केंचुआ को दो चुनाव आयुक्त दिए है। इनका चयन करने वाली समिति में सरकार का ही बहुमत था। इस समिति में पहले देश के मुख्य न्यायाधीश भी हुआ करते थे, किन्तु उनके ऊपर सरकार को यकीन नहीं था इसलिए उन्हें चयन समिति से बाहर कर दिया गया। लोकतंत्र को एकतंत्र में बदलने की ये एक छोटी सी कोशिश है, लेकिन इसे देश की जनता जब समझे तब है। बहरहाल जब आप ये आलेख पढ़ रहे होंगे तब आपके सामने नयी लोकसभा के चुनावों का विस्तृत कार्यक्रम आ चुका होगा। देश में एक आदर्श आचार संहिता (?) लागू हो चुकी होगी। इस संहिता पर प्रश्न चिन्ह इसलिए लगाया की उसका शीलभंग हमेशा से होता आया है और आगे भी होगा ही।

बहरहाल अब गेंद जनता जिसे सम्मान के साथ जनार्दन भी कहा जाता है के पाले में आ गयी है, लेकिन खेल के नियम उसके अपने नहीं हैं। खेल तो राजनीतिक दलों के बीच ही खेला जाएगा। वैसे इस खेल के पहले ही जो खेला होना था सो हो गया। जाती हुई सरकार को चलने वाली राजनीतिक पार्टी की आती में इस समय असंवैधानिक घोषित किये जा चुके इलेक्टोरल बांड से नंबर एक में कमाया गया 60 अरब

रुपया है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने इस अवैध तरिके से कमाए गए धन को अभी तक जब्त करने का आदेश नहीं दिया है। इस धनबल के बूते कोई भी राजनीतिक दल किसी भी आम चुनाव को उसी तरह जीत सकता है जैसे एक पके आम को चूसा जा सकता है। चुनाव में धनबल, बाहुबल और छलबल चलता है। ये तीनों संयोग से आज की सत्ता के हाथों में अकूत है, सत्तारूढ़ दल के सामने समूचा विपक्ष विपन्न है, लेकिन इतना भी विपन्न नहीं की मैदान छोड़कर भाग जाये।

देश की सियासत बहुचर्चित गुजरात मॉडल से होती हुई अब पुतिन मॉडल की और अग्रसर है। इसे देश का कोई कानून फिलहाल नहीं रोक सकता, किन्तु आम जनता के हाथों में अब भी मताधिकार का अमोघ अस्त्र बचा हुआ है। अब ये जनता पर है कि वो देश के मुकुट मणि को खंडित करने वालों को 370 सीटें देकर जिताये या 400 सीटें देकर देश को एक नया मोदी नहीं बल्कि पुतिन दे। ये देश गांधी के रास्ते पर चलने वाला देश है। इस देश में परिवारवाद की जड़ें गहरी हैं, इन्हीं जड़ों में से अब मोदी परिवार ने जन्म लिया है। इस परिवार के मुखिया वैसे रणछोड़ है। उन्होंने अपने परिवार का त्याग किया। उनकी साधना अब इतनी घनीभूत हो गयी है कि वे उन्हें अपने परिवार में शामिल करने वाले संघ परिवार से भी बड़े हो गए है। वे 1975 की इंदिरा इज इंडिया की तर्ज पर मोदी इज इंडिया बन चुके हैं।

देश की जनता अंधभक्त कही जाती है किन्तु वास्तव में है नहीं। ये वो जनता है जिसने दुर्गा बना दी गयी इंदिरा गाँधी को भारत का पर्याय बनने के भ्रम को तोड़ दिया था। इस जनता से उम्मीद की जा सकती है कि वो भारत का पर्याय बनने के इस दूसरे भ्रम को भी तोड़ सकती है। जनता अगर ऐसा नहीं करती तो उसे आने वाले दिनों में सिवाय छल-प्रपंच के कुछ हासिल होने वाला नहीं है। जनता को देखना और समझना होगा कि आज दुनिया की सबसे बड़ी चन्दाखोर पार्टी की अंटी में जो पैसा है वो जनता की अंटी का है। ये पैसा स्वेच्छाअनुदान नहीं बल्कि चौथ वसूली का पैसा है। ये पैसा दानदाताओं की गर्दन पार ईडी और सीबीआई की तलवार रखकर वसूल किया गया है। जनता के हिस्से में तो दो रुपए का एक टुकड़ा आया है जबकि उसकी जेब से एक दशक में 35 से 40 रुपए अकेले पेट्रोल -डीजल के दाम बढ़कर निकाल लिए गए है।

बहरहाल अब चुनावी शंखनाद के बाद मेघनाद के आर्त्तनाद पर आते है। हमारे इस दशक के हीरो और आज की रामलीला के मेघनाद ने चुनावों की घोषणा से ठीक एक दिन पहले देश की जनता के नाम एक भावुक पत्र लिखकर कहा है कि देश की जनता जीएसटी लागू करने, धारा 370 समाप्त करने, तीन तलाक पर नया कानून, और संसद में महिलाओं के लिए नारी शक्ति बंदन अधिनियम बनाने के साथ ही नये संसद भवन का निर्माण, आतंकवाद और नक्सलवाद पर कठोर प्रहार जैसे अनेक ऐतिहासिक और बड़े फैसले लेने वाली सरकार को दोबारा चुने।

इस दशक के पहले और आखरी आर्त्तनाद में कहा गया है कि - विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ते भारत ने बीते एक दशक में जहां बुनियादी ढांचों का अभूतपूर्व निर्माण देखा, तो वहीं हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धरोहरों के पुनरुत्थान का साक्षी बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ। अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपरा को सहेजकर आगे बढ़ते देश पर आज हर देशवासी को गर्व है। निश्चित ही देश ने ये क्षण देखें हैं लेकिन इस देश ने जलता हुआ मणिपुर भी देखा है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# भारतीय बाजार ने एक निश्चित स्तर की समझदारी बनाए रखी है: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने एक निश्चित स्तर की समझदारी बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में झाग की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा, मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं। हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करता हूं।

इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप



और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था, इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है।

क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है। उन्होंने कहा कि मुद्राएं सरकार या केंद्रीय बैंक द्वारा जारी की जाती हैं। उन्होंने कहा कि क्रिप्टो संपत्तियां प्रौद्योगिकी-संचालित हैं और सीमा पार भुगतान पर असर डालती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी संपत्तियों के आसपास एक व्यापक नियामक ढांचे पर जी20 स्तर पर विचार किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, यदि एक देश विनियमन करता है और अन्य नहीं करते हैं, तो यह धन को स्थानांतरित करने, राउंड-ट्रिपिंग या ड्रग्स या यहां तक कि आतंकवाद को वित्तपोषित करने का एक आसान तरीका होगा। इसलिए हम इसे जी20 के स्तर पर ले जाकर एक रूपरेखा बनाना चाहते थे। इसे बहुत अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है और मुझे यकीन है

## क्रिप्टो करेंसी को लेकर बोलीं वित्त मंत्री, वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारतीय बाजार स्थिर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद भारतीय शेयर बाजार स्थिर बना हुआ है। वित्त मंत्री ने ये भी कहा कि बाजार को उसके हिसाब से चलने देना चाहिए। वित्त मंत्री का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के बाद आया है, जिसमें बुच ने आशंका जाहिर की थी कि छोटे और मध्यम वर्ग के स्टॉक में कुछ हेराफेरी हो सकती है और सेबी इसकी जांच कर रही है।

**शेयर मार्केट को लेकर वित्त मंत्री ने कही ये बात...**शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं बाजार को उसके हिसाब से चलने की छूट दूंगी। हमें इसे मार्केट पर ही छोड़ देना चाहिए। हम सभी देख रहे हैं कि वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल चल रही है, लेकिन इसके बावजूद भारतीय बाजार स्थिर दिख रहा है। इसमें बहुत ज्यादा उठा-पटक नहीं हो रही है। इसलिए मेरा बाजार पर पूरा विश्वास है। वित्त मंत्री ने कहा कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव आम बात है और मार्केट में ये सब चलता रहता है। उन्होंने कहा कि रिटेल निवेशकों का पैसा अब सीधे स्टॉक मार्केट में जा रहा है, लोग डीमैट अकाउंट खुलवाकर सीधे मार्केट में पैसे लगा रहे हैं। साल 2020 से इस ट्रेंड में तेजी आई है।

**क्रिप्टो को करेंसी मानने से इनकार...**क्रिप्टो करेंसी पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि क्रिप्टो कभी भी करेंसी नहीं बन सकती और भारत सरकार का यही स्टैंड है। करेंसी सरकार या केंद्रीय बैंक द्वारा ही जारी की जाती है। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी को लेकर वैश्विक स्तर पर एक फ्रेमवर्क बनाने की मांग की और कहा कि जी20 की बैठक के दौरान भी इस पर चर्चा हुई थी। इस हफ्ते की शुरुआत में भी सेबी ने इस बात की आशंका जताई थी कि शेयर मार्केट में छोटे और मध्यम वर्ग के स्टॉक की कीमतों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है, जिससे बाजार में एक तरह की भ्रम की स्थिति बनी हुई है। सेबी ने निवेशकों को सोच-विचार करके ही निवेश करने की सलाह दी।

## रिलायंस से जुड़ी क्विक सप्लाई तीसरी सबसे बड़ी चुनावी बॉण्ड खरीदार



**नई दिल्ली।** क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड चुनावी बॉण्ड का उपयोग करने वाले राजनीतिक दलों को दान करने वाली तीसरी सबसे बड़ी दानकर्ता थी। क्विक सप्लाई नवी मुंबई के धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) में पंजीकृत पते वाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी एक कम प्रसिद्ध कंपनी है। इसने वित्त वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच 410 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे। हालांकि, रिलायंस ने कहा कि यह कंपनी रिलायंस की किसी भी इकाई की अनुषंगी कंपनी नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार, क्विक सप्लाई द्वारा चुनावी बॉण्ड की खरीद और दान के पीछे एक अन्य कम प्रसिद्ध लॉटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज (1,368 करोड़ रुपये) और हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा (966 करोड़ रुपये) का हाथ था। सार्वजनिक रूप से प्राप्त जानकारी में क्विक सप्लाई को गोदामों और भंडारण इकाइयों का निमार्ता बताया गया है। गैर-सूचीबद्ध निजी कंपनी को नौ नवंबर 2000 को 130.99 करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ शामिल किया गया था। इसकी चुकता पूंजी 129.99 करोड़ रुपये है। अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 में कंपनी का राजस्व 500 करोड़ रुपये से अधिक था। हालांकि मुनाफे का आंकड़ा ज्ञात नहीं है।

## ओसीएल के शेयरों में 5 % का अपर सर्किट लगा




**नई दिल्ली।** पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन लिमिटेड के शेयरों में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन मजबूती दिखी। पेटीएम को एनपीसीआई ने गुरुवार को थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर के रूप में सेवाएं देने की मंजूरी दी थी। इसके बाद शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में पांच प्रतिशत तक की मजबूती दिखी। आरबीआई की ओर से पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर कार्रवाई के बाद कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के परिचालन पर रोक के बाद पेटीएम टीपीएसी का दर्जा प्राप्त होने से अपनी वर्तमान सेवाएं देना जारी रख सकेगा। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन लिमिटेड के शेयर पांच प्रतिशत की अपर सर्किट के साथ कारोबार करते दिखे। बीएसई पर कंपनी के शेयरों में 370.9 रुपये के भाव पर जबकि एनएसई पर 370.7 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा। कल यानी 16 मार्च से आरबीआई के दिशा-निर्देशों के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं का परिचालन बंद हो जाएगा। हालांकि इसके बावजूद पेटीएम से जुड़ी यूपीआई, साउंड बॉक्स और क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान जैसी सेवाएं पहले की भांति जारी रहेंगी। दूसरी ओर, मॉर्गन स्टेनली ने पेटीएम के शेयरों पर 555 रुपये के टारगेट प्राइस का अनुमान जताया है। एजेंसी के अनुसार कंपनी के शेयरों में वर्तमान स्तर से 57.1% तक का उछाल आ सकता है।

## सरकार ने घटाया तेल का प्राइस तो तेल कंपनियों को लगा झटका




**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी तेल बाजार कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को गिरावट आई। बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 8.10 प्रतिशत का गोता लगा कर 459.60 रुपये पर आ गया।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के शेयर 6.80 प्रतिशत गिरकर 158.40 रुपये पर और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयर 6.37 प्रतिशत गिरकर 570.20 रुपये पर आ गए। कीमतों में बदलाव के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल अब 94.72 रुपये प्रति लीटर हो गया, जो पहले 96.72 रुपये प्रति लीटर था, जबकि डीजल की कीमत अब 87.62 रुपये हो गई, जो पहले 89.62 रुपये थी। वहीं, डॉमेस्टिक इक्विटी बाजार में,बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 529 अंक या 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,568.28 पर कारोबार कर रहा था। लोक सभा चुनाव 2024 से पहले केंद्र की मोदी सरकार ने देशवासियों को बड़ी खुशखबरी दी है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है, जो आज से लागू हो गई है। बता दें कि मई 2022 के बाद यह पहली बार है कि देश में पेट्रोल और डीजल के प्राइस में कमी की गई है। यह कटौती लोकसभा चुनाव 2024 से कुछ दिन पहले आई है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो साल के उच्चतम स्तर पर, निर्यात में भी 12 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त हुए हफ्ते के दौरान 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.10 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले दो वर्षों में विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इससे संबंधित आंकड़े जारी किए। विदेशी मुद्रा भंडार में 14 जुलाई, 2023 को समाप्त सप्ताह के बाद से सबसे बड़ा उछाल आया है। इससे पहले, 1 मार्च, 2024 को समाप्त सप्ताह के लिए विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 बिलियन डॉलर बढ़कर 625.63 बिलियन डॉलर हो गया। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन हफ्ते में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 8.12 अरब डॉलर बढ़कर 562.35 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में डॉलर की तुलना में हुई वृद्धि या कमी के प्रभावों का आकलन किया जाता है।



समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 50.72 अरब डॉलर हो गया, जबकि एसडीआर इस दौरान 3.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.21 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान आईएमएफ में देश का रिजर्व पोजिशन 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.82 बिलियन डॉलर हो गया। अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन अमरीकी डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद वैश्विक उथल-पुथल से बने दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की मजबूती बनाए रखने के लिए कथित तौर पर इसका इस्तेमाल किया जिससे इसके भंडार में गिरावट दर्ज की गई।

भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर नकदी प्रबंधन के माध्यम से बाजार में हस्तक्षेप करता है। इसके तहत रुपये में भारी गिरावट को थामने के लिए डॉलर की बिक्री करना भी शामिल है। भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा बाजारों पर कड़ी निगरानी रखता है केवल संभावित अस्थिरता की स्थिति में हस्तक्षेप करता है।

**फरवरी में देश का निर्यात 41.4 अरब डॉलर पर पहुंचा...**वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी में देश का निर्यात 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब डॉलर रहा जो चालू वित्त वर्ष में सर्वाधिक है जबकि इस दौरान व्यापार घाटा 18.7 अरब डॉलर रहा। फरवरी महीने में आयात का मूल्य 60.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो फरवरी 2023 में 53.58 प्रतिशत की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2023 में निर्यात का आंकड़ा 37.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने संवाददाताओं से कहा कि फरवरी महीने के दौरान निर्यात में चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने इस बात पर भी विश्वास व्यक्त किया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले साल के रिकॉर्ड निर्यात से भी अधिक होगा।

## आईएमएफ के ऋण के लिए पाक के दावों की खुली पोल, बैठक में मिशन ने अधिकारियों को फटकारा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के उस दावे पर नाराजगी जाहिर की है कि जिसमें पड़ोसी देश ने वैश्विक ऋणदाता की ओर से होने वाली समीक्षा से पहले ही सभी संरचनात्मक मानकों और लक्ष्यों को हासिल करने की बात कही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एक टीम तीन अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की 1.1 अरब डॉलर की अंतिम किश्त जारी करने से पहले बातचीत करने के लिए इस्लामाबाद पहुंची है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार आईएमएफ के मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर और उनके सहयोगियों ने इस बात पर नाखुशी जताई कि वित्त मंत्रालय ने तीन अरब डॉलर के स्टैंडबाय अरेंजमेंट प्रोग्राम (एसबीए) के तहत समीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही इसके निष्कर्ष के संबंध में बयान जारी




कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्रालय ने अपने आधिकारिक हैंडआउट में घोषणा की थी कि आईएमएफ से कोई प्रतिक्रिया मिलने से पहले उन्होंने सभी मानकों और लक्ष्यों को पूरा कर लिया है।

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ समीक्षा मिशन ने समीक्षा वार्ता के पहले सत्र में वित्त मंत्रालय की टीम को फटकार लगाई और इसके बाद वहां मौजूद किसी को समझ नहीं आया कि जवाब कैसे दिया जाए। उसके बाद, वित्त मंत्री औरंगजेब ने आईएमएफ मिशन को बताया कि इस पर ध्यान दिया है और भविष्य में इस तरह की घटना कभी नहीं दोहराई जाएगी। पाकिस्तान और आईएमएफ ने दूसरी समीक्षा पूरी करने और आर्थिक व वित्तीय नीतियों के ज्ञापन (एमईएफपी) पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत शुरू की है। इसके बाद अप्रैल 2024 के दूसरे सप्ताह में फंड के कार्यकारी बोर्ड के समक्ष 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की अंतिम किश्त जारी की जाएगी। आईएमएफ की टीम ने 9,415 अरब रुपये के वांछित वार्षिक कर संग्रह लक्ष्य हासिल करने के लिए अंतिम तिमाही (अप्रैल-जून) के आंकड़ों के बारे में भी पूछताछ की। आईएमएफ की टीम ने खुदरा विक्रेताओं के लिए सरलीकृत कर योजना का अनावरण करने के लिए सटीक समय सीमा के बारे में पूछा। उन्होंने इस संबंध में मौजूदा शासन की राजनीतिक इच्छाशक्ति के बारे में भी पूछताछ की। इस दौरान अधिकारी जवाब नहीं दे पा रहे थे। गुरुवार को वित्त मंत्रालय द्वारा की गई एक आधिकारिक घोषणा के अनुसार, आईएमएफ मिशन ने वित्त मंत्रालय में संघीय वित्त और राजस्व मंत्री मुहम्मद औरंगजेब से मुलाकात की।

## एलटीटीएस को महाराष्ट्र सरकार से 800 करोड़ रुपये की परियोजना मिली

**मुंबई।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल जोखिम विश्लेषण केंद्र स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार से 10 करोड़ डॉलर (लगभग 800 करोड़ रुपये) की परियोजना हासिल की है।

कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि प्रमुख अवसंरचना कंपनी एलएंडटी की इंजीनियरिंग सेवा इकाई ने राज्य के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने, साइबर खतरों के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए फोरेंसिक साझेदार के रूप में केपीएमजी एश्योरेंस एंड कंसल्टिंग सर्विसेज एलएलपी के साथ गठजोड़ किया




है। कंपनी ने कहा कि यह अनुबंध भारत में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, और एक इकाई के नीचे एकीकृत साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक समाधानों के माध्यम से डिजिटल रूप से जुड़े स्मार्ट और सुरक्षित शहरों को विकसित करने की पहल का एक हिस्सा है।

इसमें कहा गया कि परियोजना में एक परिष्कृत साइबर सुरक्षा प्रणाली को डिजाइन करना और एआई (कृत्रिम मेधा) और डिजिटल फोरेंसिक टूल का लाभ उठाकर साइबर अपराध की घटनाओं और जांच को संबोधित करने के लिए एक साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध रोकथाम केंद्र की स्थापना करना शामिल है।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) अमित चड्ढा ने कहा, "यह 25 से अधिक निर्देश केंद्र स्थापित करने के अपने अनुभव का लाभ उठाने और साइबर सुरक्षा की बढ़ती गंभीरता और बड़े समाज के लिए उन्नत डिजिटल सुरक्षा मंचों और उपकरणों में निवेश करने के महत्व को पहचानने का एक अवसर है।"

## देश में घरेलू हवाई यातायात का प्रतिशत बढ़ा, सामने आए आधिकारिक आंकड़े

**नई दिल्ली।** डीजीसीए यानी नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा घरेलू हवाई यातायात को लेकर आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में घरेलू हवाई यातायात सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत बढ़कर 126.48 लाख हो गया। जबकि इसी अवधि के दौरान उड़ान में देरी से 1.55 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। फरवरी में, एयर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत से बढ़कर 12.8 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी जनवरी में 60.2 प्रतिशत से मामूली गिरावट के साथ 60.1 प्रतिशत हो गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि फरवरी में घरेलू हवाई यातायात बढ़कर 126.48 लाख हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 120.69 लाख था। हालांकि, जनवरी में ट्रैफिक 1.31 करोड़ से कम दर्ज किया गया था।



**एयरलाइन कंपनियों की सालाना रिपोर्ट...**डीजीसीए ने कहा कि जनवरी-फरवरी 2024 के दौरान घरेलू एयरलाइंस द्वारा यात्रियों की संख्या 257.78 लाख थी, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान यह संख्या 246.11 लाख थी। इस तरह से 4.74 प्रतिशत की वार्षिक और 4.80 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की गई। फरवरी में उड़ान में देरी के कारण 1,55,387 यात्री प्रभावित हुए और अनुसूचित वाहकों ने सुविधा के लिए 222.11 लाख रुपये खर्च किए। डीजीसीए ने यह भी कहा कि फ्लाइट्स रद्द होने से 29,143 यात्री प्रभावित हुए। इस वजह से एयरलाइंस ने मुआवजे और सुविधाओं पर 99.96 लाख रुपये खर्च किए। पिछले महीने यानी फरवरी में 917 यात्री बोर्डिंग से इनकार के कारण प्रभावित हुए थे। ऐसे में एयरलाइंस द्वारा मुआवजे और सुविधाओं के लिए 78.19 लाख रुपये की राशि खर्च गई थी। इसके अलावा फरवरी में निर्धारित घरेलू एयरलाइनों को कुल 791 यात्री-संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं और प्रति 10,000 यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 0.63 थी। आंकड़ों से पता चला है कि 37.8 प्रतिशत यात्रियों की शिकायतें उड़ान की समस्याओं के बारे में थीं। पिछले महीने, स्पाइसजेट की घरेलू बाजार हिस्सेदारी 5.6 प्रतिशत से घटकर 5.2 प्रतिशत हो गई, विस्तारा और अकासा एयर अपनी हिस्सेदारी क्रमशः 9.9 प्रतिशत और 4.5 प्रतिशत पर बनाए रखने में कामयाब रहे। अक कनेक्ट ने फरवरी में 6.1 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जो पिछले महीने की ही तरह थी। इसी तरह एलायंस एयर की हिस्सेदारी पिछले महीने की तरह 1 प्रतिशत पर ही रही।

**ऑन टाइम परफॉर्मेंस में कौन अव्वल?...**आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में एयर इंडिया का ऑन-टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) 56.4 फीसदी रहा जबकि स्पाइसजेट का 59.1 फीसदी रहा। ऑन-टाइम परफॉर्मेंस को लेकर बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई जैसे चार मेट्रो हवाई अड्डों के लिए गणना की गई। ऑन-टाइम परफॉर्मेंस के मामले में विस्तारा 67.4 प्रतिशत पर रहा। इसके अलावा इंडिगो 72.7 प्रतिशत और अकासा एयर 72.9 प्रतिशत पर रहा। फरवरी में अक कनेक्ट का ऑन-टाइम परफॉर्मेंस 73.5 फीसदी पर पहुंच गया। डीजीसीए ने कहा कि फरवरी 2024 के महीने के लिए निर्धारित घरेलू एयरलाइनों की कुल रद्दीकरण दर 0.90 प्रतिशत रही। जून के लिए सबसे अधिक 7.69 प्रतिशत रद्दीकरण दर रही थी। अकासा एयर के लिए रद्दीकरण दर सबसे कम 0.30 प्रतिशत रही। फ्लाई बिग की रद्दीकरण दर 7.41 प्रतिशत, एलायंस एयर (3.83 प्रतिशत), इंडियावन एयर (3.18 प्रतिशत), स्पाइसजेट (1.54 प्रतिशत), इंडिगो (0.84 प्रतिशत), एआईएक्स कनेक्ट (0.64 प्रतिशत) थी। एयर इंडिया (0.62 प्रतिशत)। स्टार एयर और विस्तारा के मामले में, रद्दीकरण दर क्रमशः 0.60 प्रतिशत और 0.58 प्रतिशत थी।

डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप का समापन

# 16 पदकों के साथ भारत ने हासिल किया तीसरा स्थान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल उत्कृष्टता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और हार्दिक आतिथ्य की विरासत को पीछे छोड़ते हुए गुरुवार को उल्लेखनीय नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप का समापन हो गया है। सौहार्दपूर्ण माहौल और उत्साहपूर्ण प्रतिस्पर्धा के बीच भारत ने कुल 16 पदक जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। रुद्रांश खंडेलवाल और मोना अग्रवाल अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारतीय शूटिंग दल का नेतृत्व किया। रुद्रांश ने 4 पदक और मोना ने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ-साथ पेरिस पैरालिंपिक के लिए कोटा हासिल किया।




पदक तालिका में चीन का दबदबा रहा। चीन ने 11 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य के साथ कुल 17 पदक जीते। फ्रांस ने 5 पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जिसमें 3 स्वर्ण और 2 रजत शामिल हैं। वहीं, भारत ने 2 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 46 देशों के एथलीट, जिनमें लगभग 500 प्रतिभागी शामिल थे, नई दिल्ली में एकत्रित हुए, जिससे यह भारत का अब तक का सबसे भव्य पैरा आयोजन बन गया।

टूनार्मेंट की शानदार सफलता पर टूनार्मेंट निदेशक, जय प्रकाश नौटियाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एक टूनार्मेंट निदेशक के रूप में, प्रतिभागियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखना वास्तव में संतुष्टिदायक रहा है। शुरू से ही, कार्य कठिन लग रहा था, लेकिन एक विश्व स्तरीय टूनार्मेंट के भव्य आयोजन के लिए हमारे सामूहिक प्रयास सफल रहे।

हालाँकि, नौटियाल ने पेरिस पैरालंपिक कोटा हासिल करने में कमी पर अफसोस जताते हुए कहा, हमारी उपलब्धियों का जश्न मनाते समय, सुधार के क्षेत्रों को स्वीकार करना अनिवार्य है। तथ्य यह है कि अब तक केवल 9 टीम कोटा हासिल किया गया है, यह एक गंभीर अहसास है। हमें अच्छे के लिए और प्रयास करना चाहिए।

खेल उत्साह के बीच, भारतीय आतिथ्य और सांस्कृतिक समृद्धि के सार ने दुनिया भर के प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय आयोजन समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक ने जोर देकर कहा, पदकों और प्रशंसाओं से परे, नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप ने भारत की गर्मजोशी और विविधता को प्रदर्शित किया है। हमारी समृद्ध संस्कृति, स्वादिष्ट व्यंजन और ताज महल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों ने यहां आने वाले सभी लोगों पर अमिट छाप छोड़ी है। न्यूजीलैंड के एक राइफल शूटर माइकल जॉनसन ने कहा,भारत आने से पहले मेरे मन में आशंकाएं थीं, लेकिन अनुभव सभी उम्मीदों से बढ़कर था। खेल की स्थिति त्रुटिहीन थी, मौसम सुहावना था, और व्यंजन उत्तम थे। ताज महल को देखना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा था।

नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप ने न केवल खेल कौशल का जश्न मनाया है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी प्रशंसा के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया है। ऐसे विशाल आयोजन की मेजबानी करने की भारत की क्षमता एक वैश्विक खेल शक्ति और समावेशिता के प्रतीक के रूप में इसके उद्भव को रेखांकित करती है। नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप, पैरा स्पोर्ट्स में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। खेल के मैदान से परे, इस आयोजन ने भारत की समृद्ध विरासत और आतिथ्य को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की है। 46 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों की भागीदारी के साथ, इस आयोजन ने वैश्विक खेल परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जो एकता और सौहार्द की भावना का प्रतीक है।

# मुल्तान सुल्तांस ने पेशावर जाल्मी को हराया लगातार चौथे पीएसएल फाइनल में पहुंची

**कराची, एजेंसी।** मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली मुल्तान सुल्तान ने लगातार चौथी बार पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल में जगह बनाई। गुरुवार को मुल्तान सुल्तान ने बाबर आजम की कप्तानी वाली पेशावर जालमी को सात विकेट से मात दी। मुल्तान सुल्तान साल 2021, 2022, 2023 और अब 2024 में भी फाइनल में पहुंची। 2021 में उसने पेशावर जालमी को हराकर पहली बार खिताब जीता था। वहीं 2022 और 2023 में उसे लाहौर कलंदर्स से फाइनल में हार मिली।



**पेशावर जालमी ने बनाए 146 रन**

मुल्तान सुल्तान ने लीग राउंड के अपने 10 में से सात मैच जीते थे। वह 14 अंकों के साथ टॉप पर थी। वहीं पेशावर जालमी के 10 मैचों में 13 अंक थे। दोनों टीमें गुरुवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में आमने-सामने आईं। पेशावल जालमी पहले बल्लेबाजी करने उतरी और 20 ओवर में 146 रन बनाए। कप्तान बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 46 रनों की पारी खेली। उनके अलावा कोहलर-कैडमोर ने 24 रन का योगदान दिया। वहीं गेंदबाजों में क्रिस जॉर्डन और उसामा मीर ने 2-2 विकेट लिए।

**मुल्तान-सुल्तान ने 18.3 ओवर में हासिल कर लिया लक्ष्य**

मुल्तान सुल्तान ने यह लक्ष्य 18.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। यासिर खान ने 37 गेंदों में 54 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने सात चौके और एक छक्का लगाया। वहीं उस्मान खान ने 28 गेंदों में 36 रन बनाए। इफ्तिखार अहमद 8 गेंदों में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। बाबर आजम की फाइनल में जाने की उम्मीदें भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। टीम के पास अभी एक और मौका है। वह दूसरे क्वालिफायर में एलमिनिटर के विजेता से भिड़ेगी। शुक्रवार को एलिमिनेटर मुकाबले में इस्लामबाद यूनाइटेड का सामना क्वेटा ग्लैडिएटर्स से होगा। जो भी यह मैच जीतेगा दूसरे क्वालिफायर में

# टी20 विश्व कप में विराट के बिना खेलना संभव नहीं: श्रीकांत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णामाचारी श्रीकांत ने टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में विराट कोहली की जगह का बचाव किया है और विराट से जुड़ी सभी अफवाहों को खारिज किया है। जनवरी में, विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में अपनी टी20 वापसी की, जहां उन्होंने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेलने के बाद दो मैचों में 29 और 0 रन बनाए।



इस कदम से अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने कोहली और रोहित शर्मा को फिर से टी20 लाइनअप में शामिल करने के अपने इरादे का संकेत दिया, जो टी20 विश्व कप के लिए ऐसा करने की उनकी इच्छा का संकेत देता है।

श्रीकांत ने टीम की सफलता में कोहली की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की और पिछले टी20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन पर प्रकाश डाला, जहां उन्होंने भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

श्रीकांत ने अपने यूट्यूब शो में कहा, "टी20 विश्व कप में विराट कोहली के बिना खेलना संभव नहीं है। ये बल्लेबाजी वही है जिसने हमें टी20 विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंचाया। वह मैन ऑफ द टूनार्मेंट थे। उन्हें लेकर अफवाह कौन फैला रहा है?" "ये अफवाह फैलाने वाले, क्या उनके पास कोई और काम नहीं है? इन सारी बेफिजूल की बातों का आधार क्या है? अगर भारत को टी20 विश्व कप जीतना है, तो विराट कोहली का टीम में

# शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे मैथ्यू वेड

**होबार्ट, एजेंसी।** पूर्व टेस्ट विकेटकीपर मैथ्यू वेड तस्मानिया के लिए शेफील्ड शील्ड फाइनल खेलने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। 36 वर्षीय वेड ने घोषणा की है कि पर्थ में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाला खिताबी निर्णायक मैच उनका 166वां और अंतिम प्रथम श्रेणी मैच होगा।



वेड ने शेफील्ड शील्ड फाइनल के लिए उपलब्ध होने के लिए आईपीएल में अपने आगमन में देरी करने का विकल्प चुना। वह सफेद गेंद वाला क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे और जून में उनके टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का हिस्सा होने की संभावना है। होबार्ट में जन्मे वेड ने विक्टोरिया के साथ चार शील्ड खिताब जीते हैं, जिनमें से दो कप्तान के रूप में शामिल हैं।

वेड ने होबार्ट में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सबसे पहले, मैं अपने परिवार, अपनी पत्नी जूलिया और बच्चों विंटर, गोल्डी और ड्यूक को उन बलिदानों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने मेरे करियर के दौरान दिए हैं, क्योंकि मैंने एक रेड बॉल क्रिकेटर के रूप में ऑस्ट्रेलिया और दुनिया की यात्रा की। मैंने लंबे प्रारूप के खेल से मिलने वाली चुनौतियों का पूरा आनंद लिया है, और हालांकि मैं सफेद गेंद वाला क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा, अपने देश के लिए खेलते समय बैगी ग्रीन पहनना मेरे करियर का मुख्य आकर्षण बना हुआ है।

उन्होंने कहा, मैं अपने पूरे करियर के दौरान अपनी टीम के सभी साथियों का आभारी हूं, साथ ही मुझे एक प्रथम श्रेणी क्रिकेटर के रूप में विकसित होने के लिए आधार प्रदान करने के लिए क्रिकेट विक्टोरिया और मेरे घर में एक क्रिकेटर के रूप में मेरा करियर खत्म करने में मेरा समर्थन करने के लिए क्रिकेट तस्मानिया का आभारी हूं।

उन्होंने 2017-18 एशेज श्रृंखला के लिए अपने साथी तस्मानियाई टिम पेन से अपना टेस्ट विकेटकीपिंग स्थान खो दिया, लेकिन 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी वापसी हुई, जहां उन्होंने श्रृंखला में दो शतक बनाए। उन्होंने भारत के खिलाफ 2020-21 श्रृंखला में कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्लेबाजी की शुरूआत की। शील्ड फाइनल से पहले, उन्होंने 2007 में शुरू हुए प्रथम श्रेणी करियर में 40.81 की औसत से 9183 रन बनाए और 463 शिकार किए।

वेड ने कहा, लाल गेंद क्रिकेट हमेशा से मेरा नंबर एक और पसंदीदा प्रारूप रहा है। जो मैं मिस करने जा रहा हूं वह प्रथम श्रेणी के खेल में चार दिनों तक कड़ी मेहनत करने और अपने साथियों के साथ बीयर पीने के बाद बैठना है।

## एक नजर

### फीफा ने फुटबॉल विकास में निवेश बढ़ाकर 2.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर किया

**जिनेवा, एजेंसी।** फीफा परिषद ने सर्वसम्मति से वार्षिक रिपोर्ट 2023 को मंजूरी दे दी और फुटबॉल विकास में निवेश को 2.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया है। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

फीफा ने पुष्टि की कि 2023-2026 चक्र का बजट 2016 से पहले विकास कार्यक्रमों में निवेश से लगभग सात गुना अधिक है। वार्षिक रिपोर्ट को अंतिम अनुमोदन के लिए 17 मई, 2024 को बैंकॉक, थाईलैंड में 74वीं फीफा कांग्रेस में प्रस्तुत किया जाएगा।

कांग्रेस, बैंकॉक में 2027 फीफा महिला विश्व कप के मेजबान पर मतदान करेगी। बता दें कि फीफा महिला विश्व कप 2027 की मेजबानी के लिए ब्राजील, बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड (संयुक्त बोली), मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका (संयुक्त बोली) रेस में हैं। इसके अलावा, फीफा परिषद ने फुटबॉल में नस्लवाद से लड़ने के फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो के आह्वान का भी समर्थन किया।

### चोट के कारण एनगिडी आईपीएल से बाहर, दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को शामिल किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गये जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह आस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख रुपये की 'रिजर्व' राशि में टीम में शामिल किया। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

### कोलंबिया ने स्पेन, रोमानिया के खिलाफ मैच के लिए अनकैप्ड जुआन पोर्टिला को टीम में किया शामिल

**बोगोटा, एजेंसी।** अनकैप्ड मिडफील्डर जुआन पोर्टिला को इस महीने के अंत में स्पेन और रोमानिया के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए कोलंबिया की टीम में नामित किया गया है। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी। 25 वर्षीय पोर्टिला ने अर्जेंटीना के टैलेरेस कॉर्डोबा के लिए अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया है, जिनसे वह जनवरी में कोलंबियाई पक्ष से जुड़े थे। कोलंबिया के मैनेजर नेस्टर लोरेंजो ने साओ पाउलो के प्लेमेकर जेम्स रोड्रिग्ज और रेसिंग क्लब के मिडफील्डर जुआन फर्नांडो क्विंटेरो का भी टीम में नामित लिया है, दोनों कुछ समय के लिए बाहर रहने के बाद अपने-अपने क्लबों के लिए फॉर्म में लौट आए हैं। 26-सदस्यीय सूची में लिवरपूल फॉरवर्ड लुइस डियाज, कैग्लियारी के डिफेंडर येरी मीना और अल-नासर के अनुभवी गोलकीपर डेविड ओस्पिना शामिल हैं। कोलंबियाई टीम 22 मार्च को लंदन में स्पेन से और चार दिन बाद मैड्रिड में रोमानिया से भिड़ेगी। जून 2022 में लोरेंजो के कार्यभार संभालने के बाद से दक्षिण अमेरिकी टीम 16 मैचों में अजेय है।

### यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के महान टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बन गयी और आगामी चरण में अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व करेगी।

टीम को अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के नाम से पुकारा जायेगा। टीम जयपुर पैट्रियट्स के साथ पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के तत्वाधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रोमोट की जाने वाली फ्रेंचाइजी आधारित लीग के जुलाई 2023 में सफल आयोजन के बाद नयी टीम के शामिल करने की घोषणा की गयी।

कई बार के ग्रैंडस्लम चैम्पियन भूपति एसजीएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी है और एसजीएसई का ध्यान खेल प्रतिभाओं के समर्थन और पोषण पर लगा है। कंपनी पहले से ही शतरंज और टेनिस लीग का हिस्सा रही है और अब टेबल टेनिस के विकास में भी योगदान देगी। भूपति ने एक बयान में कहा, "यूटीटी देश की प्रमुख टेबल टेनिस प्रतियोगिता है जिसमें एलीट स्तर पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन देखने को मिलता है। हम उत्साहित हैं कि हमें भी इसमें हिस्सा लेने का मौका मिला है।" उन्होंने कहा, "मुझे भरोसा है कि आगामी चरण में हमारी टीम अहमदाबाद की मौजूदगी लीग को और प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक बनायेगी।"

# विश्व कप से पहले तीन टी20 मैचों के लिए अमेरिका का दौरा करेगा बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** टी20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश मई में तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अमेरिका का दौरा करेगा। दोनों पक्षों ने पहले कभी एक-दूसरे के खिलाफ टी20 मैच नहीं खेला है।




बांग्लादेश इस श्रृंखला का उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज द्वारा सह-मेजबानी किए जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए करेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका और बांग्लादेश के बीच तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 21 मई को खेला जाएगा, इसके बाद बाकी दो मैच क्रमशः 23 और 25 मई को खेले जाएंगे। अप्रैल में यूएसए पांच मैचों की टी20 सीरीज में कनाडा से भी खेलेगा। सभी खेलों की मेजबानी ह्यूस्टन, टेक्सास में प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स द्वारा की जाएगी। बांग्लादेश ने अपने पूरे इतिहास में संयुक्त राज्य अमेरिका में दो टी-20 खेले हैं, दोनों 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ थे। विश्व कप 2024 के अपने पहले दो मैचों में बांग्लादेश की टीम श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका का सामना क्रमशः डलास और न्यूयॉर्क में करेगी, और इस श्रृंखला से उन्हें परिस्थितियों से अभ्यस्त होने में मदद मिलेगी।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, बांग्लादेश टीम के लिए, यह दौरा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से पहले परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में कार्य करेगा। हम इस तैयारी चरण के महत्व को पहचानते हैं और इस अमूल्य अनुभव का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बांग्लादेश पिछले टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में बाहर हो गया था और वनडे विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा, जो पहली बार टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए तैयार हैं - 2 जून को डलास में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से बाहर

**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात यहां आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गयी।

भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैम्पियन रही थी।

शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा समय तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गयी।

तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गयी। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से 21-11 11-21 11-21 से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन पर 24-22 11-21 21-14 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन से यंग से 19-21 11-21 से हारकर समाप्त हो गया।

# पीठ की सर्जरी के बाद वापसी के लिए तैयार राशिद खान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राशिद खान को आयरलैंड के खिलाफ आगामी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टीम में नामित किया गया है, जिसका अर्थ है कि वह अब पीठ की चोट और उसके बाद की सर्जरी से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसने उन्हें 2023 विश्व कप के बाद से एक्शन से बाहर रखा है।

राशिद चोट के कारण बिग बैश लीग, एसए20 और संयुक्त अरब अमीरात, भारत, श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान के मैचों और अब आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट और वनडे मैचों में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने जनवरी में टीम के साथ भारत की यात्रा की थी, लेकिन उस समय जाना उनके लिए ठीक नहीं था।

राशिद वनडे विश्व कप में 11 विकेट लेकर अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। अगर वह यहां फिट होकर मैदान में उतर सकते हैं, तो यह अफगानिस्तान के लिए अच्छी खबर होगी क्योंकि वे जून में यूएसए और वेस्ट इंडीज में टी20 विश्व कप के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह गुजरात टाइटंस के लिए भी अच्छी खबर होगी, जिसका राशिद आईपीएल में प्रतिनिधित्व करते हैं। टाइटंस की टीम अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरूआत 24 मार्च को करेगी।

राशिद के अलावा मुजीब उर रहमान, जो दाहिनी ओर की मोच से उबर रहे थे, की भी वापसी हुई है। अनकैप्ड ऑलराउंडर इजाज अहमद अहमदजई को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, साथ ही मोहम्मद इशाक भी हैं, जिन्होंने फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ टी20ई में डेब्यू किया था। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खारोटे, जिन्होंने मौजूदा दौरे के तीसरे वनडे में पदार्पण पर शानदार प्रदर्शन किया था, टी20ई पदार्पण के लिए भी तैयार हैं। टीम में सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल भी हैं, जो आखिरी बार अक्टूबर में एशियाई खेलों में अफगानिस्तान के लिए खेले थे।

अफगानिस्तान इस श्रृंखला में 15, 17 और 18 मार्च को शारजाह में तीन टी20 मैचों के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगा। अफगानिस्तान ने पिछली वनडे श्रृंखला 2-0 से जीती थी, जबकि आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टीम इस प्रकार है-

राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इजाज अहमद अहमदजई, मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, नांगेयालिया खारोटे, अजमतुल्लाह उमरजई, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, वफदर मोमंद, फरीद अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी।



# सुकून और सुंदरता का एक ही नाम सफेद

- विज्ञान ने भी साबित किया है कि गर्मियों में हल्के सुहाने रंग राहत और सुकून पहुंचाते हैं। और यदि तेज, चुभती धूप में कपड़ों का रंग सफेद हो तो... ये बिल्कुल जादू की तरह काम करता है। देखकर सुकून का आभास होता है।
- सफेद लिबास के साथ अवचेतन में इतनी शुभ्रता, शुचिता, सुकून के अहसास जुड़े हैं कि सफेद के जन्मदिन की पार्टी– सफेद हर जगह शानदार लगता है, गरिमामय लगता है। सफेद लिबास के साथ एक और सुविधा है। आप कई तरह की एक्सेसरीज पहन सकते हैं। बहुत कम ऐसे मौसम होते हैं जिनका कोई प्रतिनिधि रंग हो, लेकिन गर्मी का अपना प्रतिनिधि रंग है, सफेद। इन दिनों भड़कीले या



गाउन में सजी कोई युवती पहली नजर में परियों–सी लगती है। हम जब भी खूबसूरती, मासूमियत और अलौकिकता की साझी कल्पना करते हैं तो दिलो–दिमाग में सफेद वस्त्रों में सजी परियां थिरक उठती हैं। बहरहाल, जिन देशों में मार्च के कदम रखते ही गर्मी भी दस्तक देने लगती है, वहां चिलचिलाती धूप और बेचैन करने वाली तपिश के दिनों में फैशन और सुकून का एक ही रंग दिखता है, सफेद।

- साल 2012 का प्रतिनिधि रंग कोई भी हो, दहलीज पर गर्मी के कदम पड़ते ही सफेद रंग की हुकूमत चारों तरफ दिखाई देने लगती है। यह महज संयोग नहीं है कि हर साल स्प्रिंग कलेक्शन यानी बसंत ऋतु में होने वाले फैशन सप्ताहों में सफेद रंग की बादशाहत दिखती है। गर्मियों में हल्का–फुल्का, ढीला–ढाला और कैजुअल कुछ भी पहन सकते हैं। चाहे बीच पार्टियां हों, चाहे किसी बहुत धुंधले (डल) रंग न दिल को भाते हैं न आंखों को। सिर्फ अपने तन में ही नहीं, दूसरों पर भी इन दिनों सफेद रंग के कपड़े अच्छे लगते हैं।
- लड़कियों में सफेद कुर्ते, सफेद टॉप, सफेद गाउन कुछ इस तरह खिलते हैं, जैसे वाकई ये उजली–उजली परियां हों। एक फायदे की बात यह है कि आज सफेद रंग में हर तरह की एक्सेसरीज आसानी से मैच करती है।
- आप सफेद टॉप के साथ नीली जींस का क्लासिक कॉम्बिनेशन इस्तेमाल कर सकते हैं तो आमतौर पर काले को छोड़कर (...और वो भी इसलिए, क्योंकि काला रंग रोशनी को सोखता है, इसलिए इन दिनों बेचैन करता है) कोई भी रंग सफेद के साथ मैच कर जाता है यानी सफेद के साथ कॉम्बिनेशन बनाने में आपको कतई परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ती है।
- इसकी रसायनिक विशिष्टता तो यह है कि यह आंखों का सुकून और दिल को ठंडक पहुंचाता है। यह हमारी तमाम उग्रता को ठंडा कर देता है।
- सफेद महज रंग नहीं है, यह पूरी संस्कृति है। यह एक पूरी सभ्यता है इसलिए सफेद रंग जितना चिलचिलाती गर्मी से सुकून देता है, वैसे ही बेचैन करने वाली भावनाओं के मामले में भी सुकून पहुंचाता है। यही कारण है कि दुनियाभर में बच्चों की मासूमियत को उभारने के लिए उन्हें उसके साथ जोड़कर देखने के लिए ज्यादातर स्कूलों की यूनीफॉर्म सफेद होती है।
- सफेद रंग शांति और शुद्धता का प्रतीक है। जब फिजा में आतिशी हवा के झोंके हों, कपड़े बेचैन करते हों, भला उस समय भड़कीले रंग किसे अच्छे लगते हैं यही वजह है कि पश्चिम से लेकर पूरब तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक गर्मियों में सफेद लिबास का जलवा दिखता है।
- डॉक्टर सफेद कोट पहनते हैं, क्योंकि वे यह बताना चाहते हैं कि यह रंग ईमानदारी, पवित्रता और ईश्वरीयता का प्रतिनिधि है।
- सफेद रंग के साथ कई फायदे हैं– भावनात्मक, कुदरती और सामाजिक भी। इसकी सामाजिकता में भी समरसता है। यही कारण है कि सफेद रंग सबको भाता है, सब पर फबता है चाहे सेलिब्रिटीज पहन लें या फिर कोई आम आदमी। सबको यह रंग आकर्षित करता और सब पर यह रंग आकर्षक लगता है। ऐसा नहीं है कि हम सफेद कपड़े कभी भी पहन सकते हैं।
- वाकई सफेद सदाबहार रंग है और इसके इतने विस्तृत आयाम हैं कि अगर आपने कई जोड़ी यानी जरूरत से ज्यादा भी इन दिनों सफेद कपड़े खरीद लिए हैं तो आपको सर्दियों के कपड़ों की तरह संदूक में साल के बाकी महीनों के लिए नहीं रखने पड़ेंगे। आप इन्हें लगातार पहन भी सकते/ सकती हैं। सफेद रंग के साथ आप अपनी चाहतों के सभी रंगों की एक्सेसरीज पहन सकती हैं। सफेद रंग कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। यह हमेशा खूबसूरत और ट्रेंडी लगता है।
- गर्मियों में सफेद टी–शर्ट और टॉप के जलवे देखते ही बनते हैं। मर्लिन मुनरो आज भी चेतन–अवचेतन में अगर किसी परी की तरह कैद हैं तो उसी सफेद ड्रेस में। गर्मियों में तमाम सेलिब्रिटीज सफेद रंग में ही नजर आते हैं तो आप क्यों न नजर आएं। इसलिए अगर सीजन की खरीदारी करने के लिए निकलना है तो अपनी सूची में सफेद कपड़ों के लिए जगह बना लीजिए, आखिर इन गर्मियों में परियों की तरह जो लगना है।

**जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है, अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।**

## कैसे शुरू करें बच्चों की

# बेड टाइम ट्रेनिंग





आज की लाइफ स्टाइल पहले की लाइफ स्टाइल से बहुत अलग है। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट ने हमारी जिंदगी में जितनी चीजें आसान बना दी है, उतना ही हम व्यस्त भी हो गए हैं। अगर आपके बच्चे का प्री-स्कूल जाने का समय आ गया है और उसका अभी भी रात में सोने का कोई निर्धारित समय नहीं है तो यह आपके लिए एक समस्या का कारण हो सकता है।

जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है। अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।

नींद पूरी न होने से बच्चे के मस्तिष्क का पूरा विकास नहीं हो पाता। क्या आप अपने बच्चे के स्कूल की शुरुआत ऐसे करना चाहेंगे? इसलिए शुरू से उसे बेड टाइम ट्रेनिंग की आदत डालनी चाहिए।

यह ठीक उसी तरह है जिस तरह हमारी मां हमें सोने से पहले अपनी लोरियां सुनाती थीं। आइए जानें कुछ ऐसी बातें जिससे हम अपने बच्चे को ट्रेंड कर सकते हैं बेड टाइम ट्रेनिंग के लिए-

1. बेड टाइम ट्रेनिंग आप 4 से 5 माह के बच्चे के साथ कर सकते हैं। शुरुआत में आपको थोड़ी समस्या जरूर होगी लेकिन बाद में यह बहुत मददगार साबित होगी। बच्चे को सुलाने से पहले आप उनकी हल्की-हल्की मालिश कीजिए। गुनगुने पानी से उनका मुंह-हाथ धोएं (स्पंज करना)।
2. उनके कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। एक समय पर कमरे की लाइट्स बंद कर दें। ऐसा करके आप उन्हें सिग्नल दे रहे हैं और बेड टाइम के लिए तैयार कर रहे हैं।
3. बच्चों को कोई गाना, सॉफ्ट म्यूजिक सुनाएं। लाइट बंद करने से पहले आप बच्चों को पिक्चर बुक्स भी दिखा सकती हैं। ऐसा करने से बच्चों को बुक्स पढ़ने की आदत पड़ती है।
4. सोने से पहले भगवान का कोई सा मंत्र भी सुना सकती हैं। कुछ बच्चों को अपना मनपसंद खिलौना लेकर सोना भी अच्छा लगता है। बच्चों को सोने से पहले सॉफ्ट म्यूजिक सुनना बहुत अच्छा लगता है और उसे सुनने से उनके दिमाग का विकास भी होता है इसीलिए तो बरसों से चलता आ रहा लोरी का एक अपना ही महत्व है।
5. छोटे बच्चे (6 माह से 1 साल के बीच) रात में दूध के लिए जरूर उठते हैं। धीरे-धीरे उसका भी एक समय बनाते जाएं जिससे बच्चा और आप दोनों अच्छे से अपनी नींद पूरी कर सकें।
6. जैसे-जैसे बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता है, आप उसे बेड में जाने से पहले मुंह-हाथ धुलाकर ब्रश करना सिखाएं। कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। सोने से पहले उन्हें दूध जरूर दें। उन्हें उनका मनपसंद खिलौना दें।
7. उन्हें किताब से कहानी सुनाएं। शुरुआत में तो बच्चे को टाइम देना आवश्यक है, लेकिन धीरे-धीरे बच्चे को जब इस टाइम टेबल की आदत हो जाएगी तो आपके और बच्चे दोनों के लिए ही बहुत लाभदायक होगा।
8. शाम को उसे कोई हॉबी क्लास या बगीचे में घूमने के लिए ले जाएं जिससे बच्चा अपना समय टीवी और लैपटॉप में न देकर खेले-कूदे और थक जाए। ऐसा करने से उसे नींद अच्छी आएगी और जल्दी आएगी।

कोशिश करें कि धीरे-धीरे उसे अपने आप टाइम से बेड पर जाने की आदत हो जाए ताकि आप भी अपने आपको कुछ समय दे सकें।

# ऐसे करें अपने बच्चे को प्री–स्कूल भेजने की तैयारी

**अपने बच्चे को प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी भेजना बहुत बड़ा कदम है और यह टेंशन भी पैदा करता है। यहां गाइड आपको बताएंगे कि आप क्या उमीद रखें, जब आप अपने बच्चे को पहली बार स्कूल लेकर जाएं।**

1. अपने बच्चे से प्री–स्कूल या आंगनवाड़ी के बारे में बात करें, उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप उसे अपने से दूर नहीं भेज रही है। उनसे उनके व्यहवार के बारे में बात करें और मूल बातें सिखाएं।
2. स्कूल के पहले दिन के लिए क्या–क्या आवश्यक है, इस बारे में पता करें– जैसे पढ़ने का समय, नाश्ते का समय आदि ताकि आप उन्हें समझा सकें कि स्कूल से वे क्या उम्मीद रखें।
3. स्कूल की जरूरत की चीजें खरीदने में मजा लाए जैसे आपके बच्चे के पसंदीदा कार्टून की पेंसिल खरिदें, अपने बजट का ध्यान रखें।
4. एक रात पहले उनसे पूछे कि स्कूल को लेकर उनके मन में क्या सवाल है?
5. उन्हें स्कूल छोडने जाएं और जब स्कूल खत्म हो तब स्कूल के बाहर उनका इंतजार करें।
6. अपने बच्चे की टीचर से हर रोज बातचीत करते रहे, उनसे समय–समय पर मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी लें। इससे आपके बच्चे को स्कूल में नई सफलता मिलने लगेंगी। पता करें कि आप ऐसा क्या कर सकती है, जिससे आपके बच्चे और उसकी टीचर को मदद मिले।
7. अपने बच्चे से रोज पूछे कि उसने स्कूल में क्या किया? आपके बच्चे को पता होना चाहिए की स्कूल कितना जरूरी है।

**लगभग 96 प्रतिशत महिलाएं दिन में एक बार किसी-न-किसी बात पर अपराध बोध महसूस करती हैं। वो कौन-सी बातें हैं, जिनके लिए हम खुद को दोषी ठहराती हैं और क्या है इस अपराध बोध से निकलने का तरीका।**



# पछताना छोड़ें खुश रहना सीखें

क्या दिन में कम–से–कम एक बार आप इस बात का अफसोस जताती हैं कि मेरा वजन जरूर बढ़ गया है या फिर आज फिर से घर की सफाई को अधूरा छोड़कर मैं ऑफिस आ गई। अगर इन सब सवालों का जवाब हां में है, तो घबराएं नहीं। अधिकांश महिलाओं का यह स्वभाव होता है। पर परेशानी की बात यह है कि हर चीज के लिए खुद को दोषी ठहराने की हमारी आदत धीरे–धीरे हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होती जाती है। हर बिगड़े हुए काम के लिए खुद को लगातार दोषी ठहराने की आपकी यह आदत आपको अवसाद के घेरे में भी ले सकती है। बेहतर तो यह होगा कि इन अवसादों से उबरने का तरीका आप सीख लें।

### बच्चों के साथ वक्त नहीं बिता पाती

अधिकांश काम–काजी मां का यह मानना होता है कि वे ऑफिस की अपनी जिम्मेदारियों और बच्चों की जिम्मेदारी के बीच सही संतुलन नहीं बना पाई हैं। पर सवाल यह है कि ऑफिस में रहकर बच्चों को वक्त न दे पाने का अफसोस जताने से न तो बच्चों के साथ आप वक्त बिता पा रही हैं और न ही ऑफिस की जिम्मेदारियों को पूरा करने में आप अपना 100 प्रतिशत दे पाएंगी। इस समस्या का एकमात्र हल यह है कि आप जो भी काम वर्तमान में कर रही हैं, उसे अपना 100 प्रतिशत दें। अगर ऑफिस में हैं तो वहां की जिम्मेदारियां पूरी तन्मयता से पूरी करें और अगर घर पर हैं तो बच्चों को पूरा वक्त दें।

### वजन कम ही नहीं कर पा रही

70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं कभी–न–कभी डाइटिंग करती हैं, बावजूद इसके कि उन्हें वजन कम करने की जरूरत हो या नहीं। अगर आप वाकई स्लिम और खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो इस दिशा में आपको गंभीर प्रयास करना होगा। नियमित एक्सरसाइज करें या फिर जिम जाने के लिए वक्त निकालें। साथ ही इस बात को स्वीकारें कि वजन कम करना या फिर बढ़ाना आप पर पूरी तरह से निर्भर करता है, इसलिए खुद को दोष देने की जगह इस दिशा में प्रयास करें।

### शॉपिंग में कुछ ज्यादा ही पैसे खर्च कर दिए

हर महिला को शॉपिंग करने में मजा आता है, पर कई लोग ढेर सारे शॉपिंग बैग के साथ घर लौटने के बाद अपराध बोध से ग्रस्त हो जाते हैं। पर आपको यह समझना होगा कि जब परिवार के अन्य सदस्यों पर खर्च करने से आपको किसी तरह का अपराध बोध नहीं होता, तो फिर खुद पर खर्च करने के बाद पछतावा क्यों? दूसरी बात यह भी है कि अगर आप शॉपिंग के दौरान खरीदे गए सामानों पर गौर करेंगी, तो पाएंगी कि आप सिर्फ उन्हीं चीजों पर खर्च कर रही हैं, जिसकी आपको वाकई जरूरत है।

### कभी टाइम पर नहीं पहुंच पाती

कभी–कभार, स्थिति ऐसी पैदा हो जाती है कि लाख कोशिशों के बावजूद हम वक्त पर नहीं पहुंच पाते हैं। कभी–कभी हमारी इमेज ही लेट–लतीफ वाली बन जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि हम अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। ऑटो या बस में बैठकर और जाम में घंटों फंसे रहकर इस बात का अफसोस करने से कोई फायदा नहीं है कि आप लेट पहुंचने वाली हैं। कभी–कभार अपनी गलती के बिना भी आप किसी मीटिंग में देर से पहुंच सकती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए खुद को दोष देना बंद करें।

### खुद के लिए वक्त नहीं मिलता

सुपर वुमेन बनने की चाहत या मजबूरी के चलते महिलाओं को अक्सर खुद के लिए ही वक्त नहीं मिलता। फिर धीरे–धीरे शुरू होता है इस बात का अफसोस कि अपनी मनपसंद किताब पढ़े सालों बीत गए या फिर पार्लर जाने के लिए वक्त ही नहीं मिलता। पर आपको इस बात को समझना होगा कि कभी–कभार कुछ ना करना भी जरूरी है ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बन सकें।



# काशी में शुरू हुई तमन्ना भाटिया की क्राइम-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग

दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार तमन्ना भाटिया अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह अपनी एक नई फिल्म को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। तमन्ना भाटिया की आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर एक नई अपडेट सामने आ रही है। तमन्ना की इस नई फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है। फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी।

### काशी में फिल्माया गाया फिल्म का अहम सीन

तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग शुरू होने से बेहद खुश हैं। तमन्ना के साथ इस फिल्म में हेबा पटेल और वशिष्ठ एन. सिम्हा भी नजर आएंगे। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। डी मधु मधु क्रिएशन्स और संपत नंदी टीमवर्क्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। ये फिल्म अपनी दिलचस्प कहानी और दमदार अभिनय से दर्शकों को लुभाने का वादा करती है। आज एक मार्च से फिल्म की शूटिंग प्राचीन शहर काशी में शुरू हुई है। टीम ने पवित्र नदी गंगा के घाटों पर फिल्म से जुड़ा महत्वपूर्ण सीन फिल्माया है।

### गंगा किनारे शुरू हुई फिल्म की शूटिंग

ओडेला 2 के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में फिल्म की टीम गंगा किनारे नजर आ रही है। तमन्ना इन तस्वीरों में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने हल्के गुलाबी रंग का सूट पहना हुआ है। माथे पर पूजा का तिलक लगाया हुआ है। फैंस को इस फिल्म में तमन्ना की भूमिका का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेत्री के फैंस ये जानने के लिए उत्सुक है कि वह फिल्म में किस भूमिका में दिखाई देंगी। खासकर तब क्योंकि यह फिल्म पवित्र शहर काशी पर आधारित है।

### आखिरी बार बांद्रा में नजर आई थीं तमन्ना

तमन्ना के फैंस को उम्मीद है कि वह फिल्म में एक यादगार किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। ओडेला 2 का साउंडट्रैक प्रसिद्ध बी. अजनीश लोकनाथ द्वारा रचित है। उन्हें कंतारा जैसी फिल्मों में अपने शानदार काम के लिए जाना जाता है। तमन्ना भाटिया आखिरी बार अरुण गोपी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म बांद्रा में नजर आई थीं।



# कार्ल अर्बन के साथ जमेगी प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी

**प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है, वहीं अब अभिनेत्री ने अपनी एक और नई हॉलीवुड फिल्म की घोषणा कर दी है।**

प्रियंका ने आधिकारिक तौर पर अपनी नई मनोरंजक फिल्म द ब्लफ की घोषणा कर दी है। हालांकि, बीते कुछ समय से ये खबरें सामने आ रही थीं कि अभिनेत्री ने यह फिल्म साइन की है, लेकिन अब उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर लगा दी। फिल्म में प्रियंका हॉलीवुड अभिनेता कार्ल अर्बन के साथ अभिनय करेंगी।

### प्रियंका ने साझा किया पोस्ट

प्रियंका की यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। द ब्लफ का निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स करेंगे। हिट फिल्म बॉब मार्ले- वन लव के सह-लेखन के बाद उन्हें लोकप्रियता मिली थी, इस फिल्म ने दुनिया भर में 120 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की थी। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट साझा किया और लिखा, कभी-कभी हमें आशा होती थी कि यदि हम जिंदा रहे और अच्छे रहे तो भगवान हमें समुद्री डाकू बनने की अनुमति देंगे।

### फिल्म की कहानी

वहीं बात करें द ब्लफ की कहानी के बारे में तो यह 19वीं सदी के कैरेबियन पर आधारित है और एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की कहानी है। प्रियंका चोपड़ा समुद्री डाकू की भूमिका निभाएंगी। फिल्म की कहानी परिवार की रक्षा करने के इर्द-गिर्द भी घूमती है। निर्माता फिल्म की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण एजीबीओ के एंथोनी रूसो, जो रूसो, एंजेला रूसो-ओटस्टोट और माइकल डिस्को द्वारा किया जाएगा।

### प्रियंका की आने वाली फिल्मों

वहीं बात करें प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्मों के बारे में तो द ब्लफ के अलावा अभिनेत्री के पास कुछ हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनमें जॉन सीना के साथ हेड ऑफ स्टेट और सिटाडेल 2 शामिल हैं। प्रियंका अभिनेत्री आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म जी ले जरा के जरिए बॉलीवुड में भी वापसी करेंगी।



# हाय पापा के बाद अब एक्शन करते नजर आएंगे नानी

साउथ स्टार नानी वर्तमान में इंडस्ट्री के टॉप अभिनेताओं में से एक है। कुछ समय पहले नानी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म हाय पापा रिलीज हुई थी, जिसे दर्शक खूब पसंद किया। हाय पापा की सफलता के बाद नानी अपनी अपकमिंग फिल्म सारिपोधा सनिवारम को लेकर चर्चा में हैं। बीते शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का टीजर जारी किया, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। टीजर रिलीज के बाद मेकर्स ने फिल्म के रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। सारिपोधा सनिवारम फिल्म का निर्देशन विवेक अथरेया ने किया है, जिन्होंने नानी के साथ साल 2022 में अंते सुंदरानिकी का निर्देशन किया था। सोशल मीडिया एक्स पर मेकर्स ने फिल्म की पोस्टर शेयर कर इसके रिलीज डेट की घोषणा की। नानी का यह चर्चित फिल्म इस साल 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म को लेकर एक दिलचस्प बात यह भी है कि मेकर्स ने तेलुगु में सनिवारम शब्द का मतलब शनिवार होता है। वहीं, फिल्म से जुड़ी हर बड़ी अपडेट शनिवार के दिन ही सामने आई है। बीते साल अक्टूबर में फिल्म के मुख्य महिला किरदार के लिए प्रियंका मोहन को चुना गया, वहीं, सूर्या भी फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। इसके अलावा साई कुमार और सुभलेखा सुधाकर भी इसमे अहम किरदार में नजर आएंगे।

एंग्री यंग मैन  के रोल में नजर आएंगे नानी वन मैन आर्मी की थीम पर आधारित इस फिल्म को डीवीवी दानय्या अपने प्रोडक्शन हाउस डीवीवी एंटरटेनमेंट बैनर तले बना रहे हैं। फिल्म का संगीत जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे है। फिल्म के टीजर में नानी का अवतार बेहद दमदार नजर आया। नानी फिल्म सूर्या के किरदार में हैं, जिनका रोल फिल्म में बेहद गुस्से वाला है। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या नानी की यह फिल्म हाय नन्ना की तरह कमाल दिखाती है या नहीं।



# टाइगर ने 14 की उम्र में शुरू कर दी थी मार्शल आर्ट प्रैक्टिस

अभिनेता टाइगर श्रॉफ आज 2 मार्च को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। टाइगर फिल्मी पृष्ठभूमि से आते हैं। वे जैकी श्रॉफ के बेटे हैं। अभिनय के साथ-साथ टाइगर अपने एक्शन और डांस के लिए भी मशहूर हैं। टाइगर का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है, लेकिन घर में उन्हें प्यार से टाइगर कहकर बुलाया जाता है। फिल्मी दुनिया में भी अब वे इसी नाम से जाने जाते हैं। टाइगर श्रॉफ ने वर्ष 2014 में आई फिल्म हीरोपंती से डेब्यू किया। टाइगर ने अब तक बागी,  ए फ्लाइंग जट, बागी 3, स्टूडेंट ऑफ दि ईयर 2 , वॉर 2 जैसी फिल्मों में काम किया है। टाइगर मार्शल आर्ट में माहिर हैं। उन्होंने बाकायदा इसकी ट्रेनिंग ली है। बहुत कम लोग ही जानते हैं कि 14 साल की उम्र से उन्होंने मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। वह ताइक्वांडो में फिफ्थ डिग्री ब्लैक बेल्ट हासिल कर चुके हैं।

### टाइगर के लिए नशा है एक्शन

टाइगर श्रॉफ की फिल्मों में उनका एक्शन भरपूर दिखाई देता है। फैंस उनके स्टंट देखकर हैरान रह जाते हैं। टाइगर ने एक्शन की प्रेरणा अभिनेता अक्षय कुमार और जैकी चेन से ली है। बीते दिनों टाइगर अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने एक्शन प्रेम को लेकर बताया, मैं बचपन से एक्शन करता आया हूं। बचपन से अक्षय सर, जैकी चेन की फिल्में देखकर सीखा है। यह मेरे लिए नशा है।

### कौन सी है पसंदीदा एक्शन फिल्म?

टाइगर श्रॉफ की पसंदीदा एक्शन फिल्म की बात करें तो इस लिस्ट में युद्ध का नाम सबसे ऊपर है। उन्होंने बताया, मेरी पसंदीदा हिंदी एक्शन फिल्म युद्ध थी, जिसमें मेरे पिता जैकी श्रॉफ थे। अक्षय सर के स्टंट का भी मैं फैन हूं। मुझे फ्लाइट में बैठने का फोबिया है। खिलाड़ी 420 मूवी में वे प्लेन के विंग्स पर खड़े थे और स्टंट कर रहे थे। उनसे काफी कुछ सीखने का मौका मिला है।

### फिटनेस का राज?

टाइगर श्रॉफ अपनी फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। इसका राज उनके डेली रुटीन और आहार में छिपा है। टाइगर श्रॉफ हर दिन कसरत करते हैं। उन्होंने बताया,  मैं सुबह साढ़े छह-सात बजे तक उठ जाता हूं। फिर रनिंग करने जाता हूं। घर लौटकर नाश्ता करता हूं। विटामिन डी लेता हूं। जिम जाकर मार्शल आर्ट ट्रेनिंग करता हूं। शूटिंग न हो तो घर आकर झपकी लेता हूं। फिर दोबारा जिम जाकर स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करता हूं। हालांकि, एक दिन वह चीट डे रखते हैं और अपना पसंदीदा खाना एंजॉय करते हैं।



# सांवली त्वचा की बॉलीवुड में कोई जगह नहीं है

मिर्जापुर 2 वेब सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाले दिब्येंदु भट्टाचार्य हाल ही में पोचर वेब सीरीज में नजर आए थे। दिब्येंदु को अक्सर नेगेटिव भूमिका में ही देखा जाता है। यही नहीं, दर्शक उनके विलेन की भूमिका को काफी सरहाते भी हैं। अब हाल ही में, दिब्येंदु ने फिल्म इंडस्ट्री में सांवले रंग के अभिनेताओं के साथ होने वाले भेदभाव के बारे में खुलकर बात की है। दिब्येंदु ने हाल ही में, एक इंटरव्यू में कहा कि वह लगन से काम करते हैं, लेकिन इस बात से पूरी तरह वाकिफ हैं कि वह कभी भी 500 करोड़ रुपये की फिल्म में अभिनय नहीं करेंगे और  वह ऐसी फिल्मों में अभिनय करने की इच्छा नहीं रखते हैं।  दिब्येंदु ने कहा, मुझे जो भी काम मिलता है, मैं करता हूं। मुझे 500 करोड़ रुपये की फिल्म में अभिनय करने की कोई ख्वाहिश नहीं है। मुझे इस तरह की फिल्मों के ऑफर नहीं किए जाते हैं, लेकिन मुझे जो भी मिलता है, मैं उसे पूरी लगन से करता हूं। इंटरव्यू में आगे जब दिब्येंदु से उनके पिछले बयान के बारे में पूछा गया कि सांवले रंग के अभिनेताओं को सकारात्मक भूमिकाएं नहीं मिलती हैं तो अभिनेता ने सहमति में सिर हिलाया और कहा यही धारणा है। इसके बाद अभिनेता ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की तुलना हॉलीवुड से की और कहा कि पश्चिम के पास सभी रंग के लोगों को कास्ट करने का विचार होता है, लेकिन भारतीय तेजी से अधिक रंग भेदभाव की तरफ बढ़ते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय बहुत ज्यादा रंगभेद करने लगे हैं। इसके बाद दिब्येंदु ने सांवली त्वचा वाले अभिनेताओं को कास्ट करने के रवैये पर कहा कि उन्होंने एक बार टीवी पर एक शो देखा था, जिसमें भगवान कृष्ण की भूमिका एक गोरे रंग वाले अभिनेता ने निभाई थी। पौराणिक ग्रंथों और कहानियों में कृष्ण को काले रंग का व्यक्ति बताया गया है।

# करियर में बड़ा बदलाव करना चाहते हैं आयुष्मान

आयुष्मान खुराना अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। हाल ही में, अभिनेता ने बताया की आने वाले समय में वो किस तरह की फिल्में करने वाले हैं। आयुष्मान ने बताया कि हर अभिनेता के लिए कुछ रोल को प्ले करना आसान होता है तो कुछ को निभाना मुश्किल होता है। अभिनेता ने कहा, चैलेंजिंग रोल करने के बाद ही मजा आता है एक्टर को बाकी 'बधाई हो', 'चंडिगढ़ करे आशिकी हो', वहां पर फिजिकैलिटी पर काम था, भाषा तो मुझे आती थी। अभिनेता ने ये भी बताया कि आने वाले समय में वे बड़ी कमर्शियल भी करने वाले हैं और कर रहे हैं। हालांकि, अभिनेता ने यह भी कहा कि वे आने वाले दिनों में भी दर्शकों का मनोरंजन करते रहेंगे।



एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009